सुप्रभात

रांची, मंगलवार

23.07.2024

* * नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित    सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net सावन, कृष्ण पक्ष, द्वितीया, संवत् 2081 मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 12 । अंक : 14




12 बिहार को नहीं मिलेगा विशेष राज्य का दर्जा : केंद्र


## नियुक्तियों का बढ़ता कारवां...

सहायक नगर निवेशक/कनीय अभियंता/स्ट्रीट लाईट इंस्पेक्टर/पाइपलाइन इंस्पेक्टर/खान निरीक्षक/मोटरयान निरीक्षक

### का नियुक्ति पत्र वितरण समारोह

मुख्य अतिथि

**श्री हेमन्त सोरेन**
माननीय मुख्यमंत्री, झारखण्ड

विशिष्ट अतिथि

**श्री चम्पाई सोरेन**
मा0 मंत्री, जल संसाधन विभाग, उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग, झारखण्ड सरकार

**डॉ. रामेश्वर उरांव**
मा0 मंत्री, वित्त, योजना एवं विकास, वाणिज्य-कर एवं संसदीय कार्य विभाग, झारखण्ड सरकार

**श्री सत्यानंद भोक्ता**
मा0 मंत्री, श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास, उद्योग विभाग, झारखण्ड सरकार


**श्री मिथिलेश कुमार ठाकुर**
मा0 मंत्री, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, झारखण्ड सरकार

**श्री हफीजुल हसन**
मा0 मंत्री, अल्पसंख्यक कल्याण विभाग, निबंधन विभाग, पर्यटन, कला संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग, नगर विकास एवं आवास विभाग, झारखण्ड सरकार

**श्री दीपक बिरुआ**
मा0 मंत्री, अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण (अल्पसंख्यक कल्याण को छोड़कर), परिवहन विभाग, झारखण्ड सरकार

इस अवसर पर आपकी उपस्थिति प्रार्थनीय है।

23 जुलाई, 2024 | अपराह्न 2:00 बजे
प्रोजेक्ट भवन सभागार, धुर्वा, रांची



PRNO 330354 ( IPRD ) 24-25

सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, झारखण्ड सरकार

### मुख्यमंत्री ने राजमहल में 34 योजनाओं का किया उदघाटन-शिलान्यास, लाभुकों के बीच बांटी परिसंपत्ति, कहा

# राज्य की महिलाओं को सशक्त बनाना हमारी प्राथमिकता

### राज्य को संवारने एवं आगे बढ़ने का सिलसिला निरंतर जारी रहेगा, कल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने और आधारभूत संरचनाओं को मजबूत करने की जताई प्रतिबद्धता

**खबर मन्त्र संवाददाता**






**रांची/राजमहल।** सीएम हेमंत सोरेन ने कहा है कि झारखंड राज्य में विकास की असीम संभावनायें हैं। मुख्यमंत्री सोमवार को साहिबगंज जिले के राजमहल में आयोजित योजनाओं के उदघाटन-शिलान्यास एवं लाभुकों के बीच परिसंपत्ति वितरण समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने जनता को विश्वास दिलाया कि राज्य को संवारने एवं आगे बढ़ने का सिलसिला निरंतर जारी रहेगा। इस अवसर पर उन्होंने राज्यवासियों को श्रावणी माह के शुभारंभ एवं पहली सोमवारी की बधाई और शुभकामनायें दी। उन्होंने कहा कि सरकार की कल्याणकारी योजनायें जन-जन तक पहुंच रही है। आधारभूत संरचनाओं को मजबूत करने की दिशा में पूरी मजबूती के साथ कदम बढ़ा रहे हैं।

**21 से 50 वर्ष तक की महिलाओं को देंगे सम्मान राशि :** मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने 21 से 50 वर्ष तक की महिलाओं को सम्मान राशि देने का निर्णय लिया है । लाभुकों का आवेदन लेने के लिए बहुत जल्द पूरे राज्य में विशेष कैंप लगाये जायेंगे। राज्य की महिलाओं के सशक्तिकरण के संकल्प के साथ हम काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि काम सिर्फ दिखावे के लिये नहीं होना चाहिये। बल्कि इसका लाभ लंबे समय तक लोगों को मिलना चाहिये। हमारी योजनायें आपको और आपकी आने वाली पीढ़ी को सशक्त बनाने के लिये है। उन्होंने कहा कि जब राज्य की जनता सशक्त होगी तभी हमारा समाज और राज्य आगे बढ़ेगा।उन्होंने कहा कि राज्य के सर्वांगीण विकास के लिये हमारी सरकार पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि आज भी हमारे राज्य में कई समस्यायें हैं। हम कई चुनौतियों के बीच से गुजर रहे हैं। लेकिन, इन तमाम समस्याओं का समाधान जल्द से जल्द हो। इसके लिए लगातार कार्य कर रहे हैं । उन्होंने लोगों से कहा कि समस्याओं के निजात के लिये मिलजुलकर प्रयास करें। उन्होंने कहा कि राजमहल का क्षेत्र कई मायनो में अलग पहचान रखता है। ऐतिहासिक एवं धार्मिक क्षेत्र होने के साथ पर्यटन की भी यहां अपार संभावनायें हैं । यह झारखंड का एकमात्र इलाका है, जहां से गंगा नदी गुजरती है। यहां विभिन्न व्यावसायिक गतिविधियों का संचालन लंबे अर्से से होता आ रहा है। यहां के तमाम संसाधनों का उपयोग कोई और कर रहा है। जबकि यह क्षेत्र और यहां के लोग आज भी काफी पिछड़े हैं । गंगा के कटाव को रोकने का कार्य हो रहा है। आवागमन में सुगमता लाने का प्रयास कर रहे हैं। राजमहल क्षेत्र में एक हवाई पप्ती और रोप- वे बनाने की योजना पर विचार किया जा रहा है। ताकि पर्यटन के लिहाज से इसे अलग पहचान दिला सकें।

### विभिन्न विकास योजनाओं की मिली सौगात

मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर लगभग 88 करोड़ 84 लाख की 34 विकास योजनाओं का उदघाटन- शिलान्यास किया। इसमें करीब 86 करोड 80 लाख रुपए की 31 योजनाओं की आधारशिला एवं तीन योजनाओं का उदघाटन शामिल है। वहीं, राजमहल एवं बरहेट में आयोजित कार्यक्रमों में 10 हजार 141 लाभुकों को सशक्त बनाने के उद्देश्य से उनके बीच 38 करोड़ 80 लाख रुपए से ज्यादा की परिसंपत्तियां बांटी। कार्यक्रम में सांसद विजय कुमार हांसदा, विधायक अनंत ओझा, मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव अविनाश कुमार, जिले के उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक समेत कई अधिकारी उपस्थित थे।

### मुख्यमंत्री ने राजमहल अनुमंडलीय का किया औचक निरीक्षण

रांची/राजमहल। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने सोमवार को राजमहल अनुमंडलीय अस्पताल का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने ओपीडी, वार्ड, दवाई, चिकित्सकों एवं चिकित्सा कर्मियों की उपलब्धता और उपस्थिति तथा अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया। मुख्यमंत्री ने यहां इलाज कर रहे मरीजों से भी बात कर यहां मिलने वाली सुविधाओं की जानकारी ली। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि सरकार अस्पतालों की व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिये सभी चिकित्सा संसाधन उपलब्ध करा रही है। मरीजों को इसका सुगमता से पूरा लाभ मिले इसे अस्पताल प्रशासन सुनिश्चित करे। उन्होंने अस्पताल परिसर में साफ सफाई एवं स्वच्छता का पूरा ख्याल रखने का निर्देश दिया।


**झारखण्ड सरकार**
**श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग**
**जिला नियोजनालय, लातेहार**

**रिक्ति की सूचना**
**दत्तोपंत ठेंगड़ी रोजगार मेला– 2024**
**दिनांक: 26/07/2024**

राज्य के बेरोजगार युवाओं/युवतियों को निजी क्षेत्र में नियोजित करने के उद्देश्य से जिला नियोजनालय, लातेहार के द्वारा दिनांक 26.07.2024 दिन: शुक्रवार के पूर्वाहन 10:00 बजे से अपराह्न 04:00 बजे तक जिला खेल स्टेडियम के सामने खुल मैदान में एक दिवसीय दत्तोपंत ठेंगड़ी रोजगार मेला 2024 का आयोजन किया जा रहा है। रोजगार मेला में निम्नांकित प्रमुख नियोजकों ने उपस्थित रहने की सहमति प्रदान की है :–

| S. no. | Name and add. Of the Employer | Name of the post | No. of vac. | Qualification | | Experience | Age | Remark |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | Essential | Desirable | | | |
| 1. | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | CIDC, DALTONGANJ | Mason | 100 | 10th | 10th | - | 18-35yrs | 14000-18000/- |
| | | Bar Bender | 50 | 10th | 10th | - | 18-35yrs. | 14000-18000/- |
| | | Carpenter | 50 | 10th | 10th | - | 18-35yrs | 14000-18000/- |
| | | Electrician | 40 | 12th | 12th | - | 18-35yrs | 14000-18000/- |
| | | Plumber | 40 | 12th | 12th | - | 18-35yrs | 14000-18000/- |
| | | Supervisor | 25 | Graduation | - | - | 18-45yrs | 10000-12000 |
| 2 | Indian Institute of Skill Development Pvt. Ltd, Gurgaon, Haryana | Trainee | 100 | 10th | 10th | - | 18-21yrs | 14167/-PM |
| 3 | Vardhman Fabrics, Budn, Bhopal(M.P) | Apprentice | 2000 | 5th | 12th | - | 18-25yrs | 8840 – 12964/- |
| 4 | Credit Access Grameer Ltd., Ranchi | Trainee Manager(TKM) | 35 | 12th | 12th ITI,Graduation | Fresher | 19-29yrs | 12250/-(CTC) |
| 5 | Freedom Employability Academy, New Delhi | Teacher (Facilitator) | 60 | Graduation (Any Stream) | Graduation (Any Stream) | - | 18 –45Yrs | 13000/- Gross Salary P.M. |
| 6 | Metalman Auto Pvt. Ltd.Benaluru | Machine Operator | 100 | ITI (Any Trade) | - | - | 18-35Yrs. | 18232/- |
| | | Associate | 100 | 8th pass | - | - | 18-35 Yrs. | 17960/- |
| 7 | Adecco India Pvt. Ltd. Bengaluru | Technical Operator | 2500 | 10th | 10th | - | 18-26Yrs. | 19200/- |
| | | Picker, Packer | 500 | 10th | 10th | - | 18-27 Yrs. | 18000/- |
| 8 | Jai AmbeyRoadlines Pvt. Ltd, Balumath | Driver | 20 | 12th | 12th | 3 Yrs. In Min. & HMV License Mandatory | 22Yrs. | 22000/- |
| 9 | Synnova Gears & Transmission Pvt.Ltd. Rajkot, Gujarat | Machine Operator | 100 | ITI, Diploma | 10th 12th ITI | Fresher can apply | - | 14900-15300/- |
| 10 | CNTTF, Bengalore | Trainee | 200 | 10th 12th | ITI | - | 18-25yrs | 14100-14300/- |
| 11 | VPR-BGR-PLR Consortium Magadh OCP, Balumath | Asst. Mech. | 05 | 10th ITI | 10th ITI | - | 18-30yrs | 7000(CTC)/ |
| 12 | DELHIVERY Small World, Bokaro | Regular Field Executive (Delivery Boy) | 9 | 10th | 10th | - | 18-38yrs | 11985/CTC+ Incentive |
| | | Regular Field Executive (Delivery Boy) | 9 | 10th | 10th | - | 18-38yrs | 11985/CTC+Ince ntive |
| 13 | Chaitunya India Fin Credit Pvt. Ltd., Latehar | CRE | 70 | 10th 12th Graduate | 10th 12th Graduate | - | 18-28yrs | 7140 - 10870/- |
| 14 | Team Plus HR Services Pvt. Ltd Faridabad | Machine Operator | 200 | 12th Diploma | ITI | - | 18-25yrs | 11500-17239/- |
| | | Quality Analyst | | 12th Diploma | ITI | - | 18-35yrs | 11500-17239/- |
| | | Sariya Fitter | | 12th Diploma | ITI | - | 18-35yrs | 11500-17239/- |
| 15 | LIC, Latehar | Agent | 100 | 10th | 10th | - | 18 + | Commission Bases |
| 16 | PRANABNAMAN MINERALS PVT. LTD., Ranchi Jharkhand | Accountant | 01 | Graduate in Relative Field | Graduate in Relative Field | 2 Yrs. | 20-30 Yrs. | 15K-18K |
| | | Senior Accountant | 01 | Graduate in Relative Field | Graduate in Relative Field | 4-5 yrs. | 20-30 Yrs. | 18K-22K |
| | | MIS Executive | 01 | 12th with Knowledge of MS Word Excel and DCA | 12th with Knowledge of MS Word Excel and DCA | 2 Yrs. | 20-25 Yrs. | 13K-15K |
| | | MIS Executive | 01 | 12th with Knowledge of MS Word Excel and DCA | 12th with Knowledge of MS Word Excel and DCA | 2 Yrs. | 20-25 Yrs. | 14K-16K |
| 17 | KALYAN Gurukul , Latehar | Tiles/Mason | 50 | 5th | 10th | - | 18-30 yrs. | 17 K |
| | | Construction | 50 | 5th | 10th | - | 18-30 yrs. | 17 K |
| | | Lathe Machine Operator | 50 | 10th | 12th | - | 18-27 yrs. | 15K |
| | | Sewing Machine Operator | 50 | 7th | 10th | - | 18-27 yrs. | 11K |
| | | Mobile Assembly Operator | 50 | 10th | 12th | - | 18-27 yrs. | 15K |
| 18 | Midland Micro fin Ltd., Ranchi | Trainee Centre Officer | 30 | 12th | Graduate | Fresher | 19-29yrs | 12000/- (Fule+Incentive+ Stay) |
| 19 | CAIT EDUSYS PVT. LTD. Vadodara | Operator | 200 | 10th 12th ITI | 10th 12th ITI | | 18-30yrs. | 12500-13500 |
| 20 | GREYBEEZ PVT. LTD, RANCHI | Sewing Machine Operator | 100 | 8Th | 8Th | | 18-30 yrs. | 11000.00/- |
| 21 | Edique Solution, Kadru, Ranchi | ICT Instructor | 80 | B.Sc(I.T.). B.E., BCA etc | B.Sc(I.T.). B.E., BCA etc | - | Up to 40 yrs. | 10000.00 P.M. |
| 22 | AnandMotores, Daltonganj Mahindra & Mahindra | Seles Executive | 04 | Graduate | Graduate | 2 yrs. | 22- 30 Yrs. | 12000.00 |
| 23 | MLBCPL LATEHAR SW, PVT. LTD, LATEHAR | SITE HEAD | 01 | Graduate | Graduate | - | 23 - 30 yrs. | 16500.00 |
| | | Supervisor | 02 | 12th | 12th | - | 12- 30 yrs. | 12000.00 |
| | | Driver | 05 | 10th | 10th | - | 18-30yrs. | 23170.00 |
| | | Helper | 07 | 10th | 10th | - | 18-30yrs. | 9780.00 |
| 24 | Aamdhane Pvt. Ltd, Hyderabad, Telangana | NAPS Trainee | 100 | ITI/DIP. HOLDER | ITI/DIP. HOLDER | - | 18-30yrs. | 12000.00-14000.00 |
| | | OPERATOR | 50 | 10TH 12TH ITI/DIP. HOLDER | 10TH 12TH ITI/DIP. HOLDER | - | 18-30yrs. | 13000.00-16000.00 |
| | | Assembly Operator | 100 | 10TH 12TH ITI/DIP. HOLDER | 10TH 12TH ITI/DIP. HOLDER | - | 18-30yrs. | 12000.00-14000.00 |
| | | Picker, Packer, QC, Loader | 50 | 8th 10TH 12TH | 8th 10TH 12TH | - | 18-30yrs. | 13000.00-14000.00 |
| | | Swing Machine Operator | 100 | Any | Any | - | 18-30yrs. | 9000.00-10000.00 |
| 25 | City Hospital, Latehar | ANM | 03 | ANM | ANM | 1Yrs. | 35yrs. | - |
| | | GNM | 02 | GNM | GNM | 1yrs. | 35yrs. | - |
| | | Marketing Executive | 02 | 12th | 12th | 1yrs. | 35yrs. | - |
| | | DMLT | 01 | DMLT | DMLT | 1Yrs. | 35yrs. | - |
| 26 | OCFIT PVT. LTD , Ranchi | Mobilizer | 06 | 12th | 12th | - | - | 13000-00-20000/- |
| | | SMO | 50 | 5th 12th | 5th 12 th | - | - | 12272/- |
| 27 | M/S. Durga Travels, Daltomganj | Service Advisor | 02 | B.Tech. | B.Tech. | 2yrs. | 18-35 yrs. | 10k-15k |
| | | Spare Parts Manager | 02 | Graduate | Graduate | 5 yrs. | 18-35 yrs. | 15K-20K |
| | | EDP (Billing) | 02 | Graduate | Graduate | 5 yrs. | 18-35 yrs. | 10K-12K |
| | | Painter | 02 | ITI | ITI | 2Yrs. | 18-35 yrs. | 15K-20K |
| | | DENTOR | 02 | ITI | ITI | 5Yrs. | 18-35 yrs. | 15K-20K |
| 28 | Honda Motor Cycles & Scooters India. Pvt. Ltd, Bangalore | Line Operator, Production Executive, Quality Inspector, Welder | 300 | ITI | ITI | | 18-29 yrs. | 12000-15000/- |

योग्य एवं इच्छुक उम्मीदवार जो पूर्व से निबंधित नहीं है वे अपने निकटतम नियोजनालय में अथवा https://jharniyojan.jharkhand.gov.in/ पर अपना निबंधन कराते हुए उपरोक्त रोजगार मेला में नियोजक/नियोजक के प्रतिनिधि के समक्ष अपने सभी मूल प्रमाण पत्रों एवं उसकी एक छाया प्रति तथा अपना बायोडाटा (2कॉपी) एवं नियोजनालय का निबंधन कार्ड एवं स्थानीय निवासी प्रमाण पत्र के साथ साक्षात्कार हेतु उपस्थित हों। जो उम्मीदवार पूर्व से निबंधित है उनको पुनः निबंधन कराने की आवश्यकता नहीं है।

नियोजक निजी क्षेत्र के हैं, अतः साक्षात्कार, रिक्ति एवं सेवा शर्तों के लिए वे उत्तरदायी हैं। नियोजनालय मात्र सुविधा प्रदाता के रूप में कार्य कर रहा है एवं चयन में नियोजनालय की भूमिका नहीं है। इस कार्य हेतु कोई भी मार्ग व्यय/भत्ता देय नहीं होगा।

नोट :–रिक्ति की विस्तृत विवरणी जिला के वेबसाईट www.latehar.nic.in पर देखी जा सकती है।

आपके उज्जवल भविष्य के शुभ कामनाओं के साथ,

दिनांक: 26.07.2024, दिन: शुक्रवार
समय : पूर्वाहन 10:00 बजे से अपराह्न 04:00 बजे तक।
स्थान : जिला खेल स्टेडियम परिसर, लातेहार।

जिला नियोजन पदाधिकारी,
लातेहार

PR 330301 Labour Employment and Traning(24-25).D


### सीएम हेमंत ने बरहेट में ग्रिड सब-स्टेशन का किया उदघाटन, कहा

# हर घर ऊर्जा, हर घर बिजली लक्ष्य

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रांची/बरहेट।** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने कहा कि बरहेट आने का मुख्य उद्देश्य आप ग्रामीणों के घरों को रोशन करना है। शहर का घर हो या फिर गांव में बसा कोई झोपड़ी अब सभी घर रोशन रहे यही हमारा उद्देश्य है। मुख्यमंत्री सोमवार को साहेबगंज जिला के बरहेट प्रखंड अंतर्गत सिंगा मैदान में आयोजित 132-33 केवी ग्रिड सब-स्टेशन एवं 132 केवी, पाकुड़-राजमहल द्विपथ लिलो संचरण लाइन का शुभारम्भ एवं विभिन्न योजनाओं का उदघाटन-शिलान्यास तथा परिसंपत्ति वितरण कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि हर घर ऊर्जा, हर घर बिजली की उपलब्धता उनकी सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि यह संकल्प हम लोगों का था कि शहर ही नहीं बल्कि गांव में भी बिजली की पर्याप्त सुविधा होनी चाहिये। लम्बे समय से बरहेट आसपास क्षेत्र में निवास करने वाले ग्रामीण बिजली की समस्या का दंश झेल रहे थे, आज उसका निदान उनकी सरकार कर रही है। अब राज्य सरकार झारखंडवासियों को 200 यूनिट बिजली भी मुफ्त उपलब्ध करा रही है। उन्होंने कहा कि कई जगह से यह शिकायत आती है कि किसी के घर में मीटर नहीं लगा है। फिर भी बिजली का बिल आ रहा है और उन्हें 200 यूनिट का लाभ नहीं मिल रहा है। इन सभी शिकायतों का समाधान हम लोग शीघ्र कर देंगे। आगामी 24 तारीख को आयोजित होने वाले कैबिनेट की बैठक में इस पर निर्णय लिया जायेगा। ताकि राज्यवासियों की बिजली से संबंधित सभी समस्या का समाधान हो सके।

**चुनौतियों के बावजूद जनकल्याण की योजनाओं को धरातल पर उतारा :** मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में उनकी सरकार गठन होने के साथ ही वैश्विक महामारी कोरोना संक्रमण ने दस्तक दी। लगभग दो वर्षों तक कोविड 19 का प्रभाव विकास कार्यों पर पड़ा। उन्होंने कहा कि तमाम चुनौतियों के बावजूद हमारी सरकार ने राज्य के भीतर जनकल्याण की कई महत्वाकांक्षी योजनाओं को लागू किया गया। इसका लाभ झारखंड के मूलवासी, आदिवासी, दलित, शोषित, पिछड़े सहित सभी वर्ग समुदाय के लोगों को बखूबी मिला।

**प्रसिद्ध पर्यटन स्थल के रूप में विकसित होगा शिवगादी :** मुख्यमंत्री ने कहा कि राजमहल स्थित शिवगादी को धार्मिक पर्यटक स्थल के रूप में जाना जाता है। श्रावणी मेला के दौरान श्रद्धालु यहां आते हैं और वे लम्बी दूरी तय कर महादेव में जल अर्पित करते हैं। राज्य सरकार ने तय किया है कि यहां सीढ़ियों के साथ-साथ रोप वे की व्यवस्था हो। ताकि यहां और भी श्रद्धालु जुड़े और यह स्थल देश में प्रसिद्ध पर्यटक स्थल के रूप में जाना जा सके। इस अवसर पर 7064 लाख रूपये की लागत से 100 एम क्षमता का 132-33 के वी ग्रीड सब स्टेशन एवं 132 केवी द्विपथ लिलो संचरण लाईन का उदघाटन किया। वहीं 16581.866 लाख रुपये की कुल 5 योजनाओं का उदघाटन- शिलान्यास किया। इसमें 7064 लाख रुपये का उदघाटन और 9517.866 लाख रुपये की 4 योजनाओं की आधारशिला रखी।

वहीं, मुख्यमंत्री ने राजमहल एवं बरहेट प्रखंड में कुल 1039 लाभुकों के बीच 3880.955 लाख रुपए की परिसंपत्तियां बांटी। इस अवसर पर सांसद विजय कुमार हांसदा, पूर्व मंत्री हेमलाल मुर्मू, जिला परिषद अध्यक्ष मोनिका किस्कू, मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव अविनाश कुमार, झारखंड ऊर्जा संचरण निगम के प्रबंध निदेशक केके वर्मा, आयुक्त संथाल परगना प्रमंडल लालचंद डाडेल सहित जिला प्रशासन के वरीय पदाधिकारी तथा बड़ी संख्या में अन्य लोग उपस्थित थे।

## एक्टिंग चीफ जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद का हाईकोर्ट में किया गया स्वागत

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद सोमवार को झारखंड हाईकोर्ट के एक्टिंग चीफ जस्टिस के रूप में योगदान दे रहे हैं। एक्टिंग चीफ जस्टिस के रूप में न्यायालय में सुनवाई से पूर्व हाईकोर्ट एडवोकेट एसोसिएशन ने उनका स्वागत किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। दरअसल शनिवार को जस्टिस विद्युत रंजन षाडंगी हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस के पद से रिटायर हो गए।

जिसके बाद जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद को हाईकोर्ट के एक्टिंग चीफ जस्टिस नियुक्त किया गया है। सोमवार को एक्टिंग चीफ जस्टिस के रूप में जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद का पहला कार्यदिवस है।

## विस चुनाव की तैयारी को लेकर आज रांची पहुंचेंगे गुलाम अहमद मीर

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** आगामी विधानसभा चुनाव को देखते हुए सांगठनिक समीक्षा हेतु प्रदेश कांग्रेस प्रभारी गुलाम अहमद मीर दो दिवसीय दौरे पर मंगलवार दोपहर को सेवा विमान से रांची पहुंचेंगे।

उक्त जानकारी देते हुए प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता सोनाल शांति ने बताया कि गुलाम अहमद मीर एयरपोर्ट से सीधे रामगढ़ जाएंगे जहां रजरप्पा प्रोजेक्ट मनोरंजन गृह में 2.30 बजे से आयोजित कांग्रेस कार्यकताओं के साथ संवाद कार्यक्रम में भाग लेंगे। इसके प׃ात चितरपुर में कांग्रेस कार्यालय के उद्घाटन कार्यक्रम में भाग लेंगे।

अपने प्रवास के दूसरे दिन बुधवार को प्रदेश प्रभारी गुलाम अहमद मीर राजधानी रांची स्थित प्रेस क्लब में 11:00 बजे से पिछड़ा वर्ग समुदाय के प्रबुद्धजनों एवं 1:00 बजे से अनुसूचित जाति के प्रबुद्धजनों से संवाद कार्यक्रम में भाग लेंगे। इसके बाद अपरा? 3:30 बजे से जिला प्रभारी एवं जिला अध्यक्षों की बैठक में भाग लेंगे जिसमें विधानसभा वार सांगठनिक गतिविधियों पर चर्चा की जाएगी और आवश्यकतानुसार निर्देश जारी किए जाएंगे।

श्री शांति ने बताया कि भाजपा द्वारा झारखंड में विद्वेष का जहर फैलाने की तैयारी की जा रही है, जिसका जवाब देने के लिए गुलाम अहमद मीर के निदेर्शानुसार प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर के नेतृत्व में रणनीति को व्यापक धार दिया जाएगा।

## खबर एक नजर में

### झारखंड पैसेंजर एसोसिएशन के सचिव ने की लंबित योजनाओं के लिये राशि उपलब्ध कराने की मांग

**रांची।** झारखण्ड पैसेंजर्स एसोसिएशन के सचिव प्रेम कटारूका ने रांची रेल मंडल को पत्राचार किया है। जिसमें रांची लोहरदगा टोरी रेल लाईन के दोहरीकरण व स्टेशनों को विकसित करने की मांग की गयी है। इसके साथ ही मुरी बड़काकाना दोहरीकरण व स्टेशनों को विकसित करने को लेकर स्वीकृत परियोजना के लिए राशि उपलब्ध कराने, सिल्ली ईलू बाईपास रेल लाईन का निर्माण कार्य हेतु शीघ्रातिशीघ्र राशि उपलब्ध कराने, टोरी अम्बिकापुर वाया लोहरदगा, गुमला नई रेल लाईन के सर्वे और रेल लाईन का निर्माण कार्य करने के लिये शीघ्रातिशीघ्र राशि उपलब्ध कराने, गंगा सतलज दामोदर यात्री गाड़ी का विस्तार रांची हटिया तक शीघ्र करने, रांची, हटिया, नामकोम आदि रेलवे स्टेशनों को विकसित करने के कार्य में गति लाई जाये, हटिया बण्डामुण्डा रेल लाईन के दोहरीकरण का कार्य में तेजी लाने व रांची जयपुर नई यात्री गाड़ी का परिचालन आरंभ करने की मांग की गयी है।

### लंबे समय से लंबित माध्यमिक शिक्षकों का सेवा संपुष्टि जारी

**रांची।** पूर्व के जिन माध्यमिक शिक्षकों का सेवा संपुष्टि लंबे समय से लंबित था। जिला शिक्षा पदाधिकारी रांची कार्यालय द्वारा सोमवार को जारी कर दी गई। झारखंड राज्य माध्यमिक शिक्षक संघ के प्रयास से निदेशक माध्यमिक शिक्षा द्वारा सेवा संपुष्टि हेतु पूरे राज्य में पिछले वर्ष ही पत्र निर्गत किया गया था। संघ के रांची इकाई द्वारा पिछले वर्ष से ही कई ज्ञापन के माध्यम से जिला कार्यालय को ध्यान आकृष्ट कराया गया था। बहुप्रतीक्षित सेवा संपुष्टि का लिस्ट वर्तमान डीईओ विनय कुमार द्वारा जारी किए जाने पर संघ द्वारा उन्हें बधाई दी गई। डीईओ ने कहा की जिन शिक्षकों का इस लिस्ट में नाम छूट गया हैं उन्हें भी विभागीय प्रक्रिया पूर्ण कर जल्द ही सेवा संपुष्टि कर दी जाएगी। इस अवसर पर संघ के कार्यकारी अध्यक्ष यशवंत विजय , जिला सचिव मुकेश कुमार सिंह , जिला अध्यक्ष सफदर इमाम, प्रमंडलीय सचिव कुर्बान अली, संयुक्त सचिव प्रेम साहू, उपाध्यक्ष भावेश चंद्र महतो, कोषाध्यक्ष मोहन लाल महतो सहित अन्य सदस्य मौजूद थे।

### हेमंत की बेल के खिलाफ इडी की याचिका सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई के लिए सूचीबद्ध

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को झारखंड हाईकोर्ट से मिली बेल को रद्द करने की मांग वाली इडी की याचिका पर 26 जुलाई को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हो सकती है। सुप्रीम कोर्ट की वेबसाइट के मुताबिक 26 जुलाई को यह मामला सुनवाई के लिए सूचीबद्ध हो सकती है। दरअसल सुप्रीम कोर्ट में झारखंड हाईकोर्ट 28 जून के उस आदेश को चुनौती दी गई है, जिसमें हेमंत सोरेन को कुछ शर्तों के साथ जमानत की सुविधा प्रदान की गई है।

सुप्रभात
रांची, मंगलवार
23.07.2024
नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
# खबर मन्त्र
रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित
सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net सावन, कृष्ण पक्ष, द्वितीया, संवत् 2081 मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 12 । अंक : 14



12 विक्की कौशल की फिल्म 'बैड न्यूज' की कमाई में आया उछाल

## न्यूज डायरी

### अजय कुमार बने रामगढ़ के नये एसपी

**रांची।** राज्य सरकार ने अजय कुमार को रामगढ़ का नया एसपी बनाया है। इस संबंध में अधिसूचना जारी कर दी गयी है। अजय कुमार वर्तमान में स्पेशल ब्रांच में एसपी थे। वे बुंडू में तीन साल तक एसडीपीओ के पद पर भी रहे।

### आज भी नीट पर सुनवाई

**नयी दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने नीट यूजी से जुड़ी याचिकाओं पर सोमवार को भी सुनवाई की। सुनवाई 23 जुलाई को भी जारी रहेगी। कोर्ट ने आइआइटी-दिल्ली के निदेशक को तीन विशेषज्ञों की टीम गठित कर सही उत्तरों पर रिपोर्ट मंगलवार 12 बजे तक देने को कहा है। कोर्ट ने एनटीए और सरकार के वकील सॉलिसिटर जनरल मेहता से ग्रेस मार्क्स से लेकर सेंटर इंचार्ज के बैंक पहुंचने तक कई सवाल पूछे। उन्होंने गलती स्वीकारी।

### पहली सोमवारी पर चार डूबे

**पटना।** सावन की पहली सोमवारी पर भागलपुर में बड़ा हादसा हुआ है। गंगा स्नान के दौरान बहने लगे 10 युवक गंगा में डूब गये। स्थानीय लोगों ने छह को तो बचा लिया, पर चार युवकों की डूबने से मौत हो गयी।

### 25 तक भारी बारिश संभव

**रांची।** राजधानी रांची समेत कई जिलों में सोमवार को झमाझम बारिश हुई। मौसम पूवार्नुमान के मुताबिक 28 तक बारिश के आसार हैं। 25 को भारी बारिश और वज्रपात का अलर्ट जारी है।

## झारखंड को आगे बढ़ने का काम करता रहूंगा : हेमंत

# जनता सशक्त होगी तभी राज्य आगे बढ़ेगा

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

रांची, साहिबगंज। सीएम हेमंत सोरेन ने कहा है कि झारखंड राज्य में विकास की असीम संभावनाएं हैं। उन्होंने जनता को विश्वास दिलाया कि राज्य को संवारने एवं आगे बढ़ने का सिलसिला निरंतर जारी रहेगा। सरकार की कल्याणकारी योजनाएं जन-जन तक पहुंच रही है। उन्होंने कहा कि जनता जनता सशक्त होगी तभी राज्य आगे बढ़ेगा। सोमवार को सीएम राजमहल में आयोजित योजनाओं के उदघाटन-शिलान्यास एवं लाभुकों के बीच परिसंपत्ति वितरण समारोह को संबोधित कर रहे थे। वहीं सीएम ने बरहेट ग्रिड सब-स्टेशन और द्विपथ लिलो संचरण लाइन का उदघाटन भी किया।

**सरकार आपके द्वार शीघ्र**

बरहेट में सीएम ने कहा कि फिर से आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का शुभारंभ होने जा रहा है। जल्द सरकार गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन करने वाले परिवारों के 21 वर्ष से अधिक और 50 वर्ष से कम उम्र की पात्र महिलाओं को सम्मान राशि देगी। जल्द ही पुलिस बहाली के लिए दौड़ का आयोजन होगा। सिपाही भर्ती के लाखों आवेदन मिले हैं। कुछ दिनों पूर्व 1500 शिक्षकों को नियुक्ति पत्र दिया गया है। बहुत तेजी से अड़चनों को दूर कर नियुक्ति की प्रक्रिया को आगे बढ़ाया जा रहा है।




### विपक्ष को झंडा ढेनेवाला भी नहीं मिलेगा

बरहेट में संथाली भाषा में अपनी बातें रखते हुए सीएम ने कहा, विपक्षी दल हमेशा काम में बाधा डालते रहे हैं। मुझे भी जेल में भी डाल दिया। इनका एक ही काम है हिन्दू-मुस्लिम करना। ऐसा करते-करते लोकसभा चुनाव में इनके दो-चार दांत झड़ गये। विधानसभा चुनाव में यही जारी रहा तो उसे झंडा ढोने वाले भी नहीं मिलेगा।

**झारखंड में पर्यटन की असीम संभावना** : सीएम ने कहा कि झारखंड पर्यटन समेत राज्य के विकास की असीम संभावनायें हैं। उन्होंने पीएम मोदी से आग्रह किया कि गंगा विलास क्रूज योजना निरंतर चले तो अच्छा रहेगा।

सीएम ने कहा, राजमहल का क्षेत्र कई मायने में अलग पहचान रखता है। ऐतिहासिक एवं धार्मिक क्षेत्र होने के साथ पर्यटन की भी यहां अपार संभावनाएं हैं। यह झारखंड का एकमात्र इलाका है, जहां से गंगा नदी गुजरती है। यहां विभिन्न व्यावसायिक गतिविधियों का संचालन लंबे अर्से से होता आ रहा है।

(पेज 2 भी देखें)

# यह अमृत काल का एक महत्वपूर्ण बजट होगा

## अगले पांच साल की दशा व दिशा तय करेगा आज पेश होनेवाला बजट : मोदी



**नयी दिल्ली(एजेंसी)।** संसद का मानसून सत्र शुरू सोमवार से शुरू हो गया। मंगलवार को संसद में बजट पेश किया जायेगा। बजट से एक दिन दिन पहले पीएम मोदी ने मीडिया को संबोधित करते हुए कहा, मैं जो गारंटी देता रहा हूं हम उन गारंटियों को जमीन पर लागू करने के लिए आगे बढ़ रहे हैं। यह बजट अमृत काल का एक महत्वपूर्ण बजट है। उनकी सरकार जो बजट पेश करने जा रही है वह अत्यंत महत्वपूर्ण है और यह अगले पांच साल के लिए देश की दशा तथा दिशा तय करेगा।

मानसून सत्र शुरू होने से पहले संसद भवन में पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा, ये बजट अमृतकाल का एक महत्वपूर्ण बजट है। हमें पांच साल का जो अवसर मिला है, आज का बजट हमारे उन पांच साल के कार्य की दिशा भी तय करेगा और 2047 में जब आजादी के 100 साल होंगे, तब विकसित भारत का जो सपना है, उसको पूरा करने की मजबूत नींव वाला बजट कल देश के सामने आयेगा। हर देशवासी के लिए एक गर्व की बात है कि भारत बड़ी इकोनॉमी वाले देशों में सबसे तेज गति से आगे बढ़ने वाला देश है। गत 3 वर्षों में लगातार 8 प्रतिशत ग्रोथ के साथ हम आगे बढ़ रहे हैं, प्रगति कर रहे हैं। आज भारत में सकारात्मक आउटलुक, निवेश और प्रस्तुति एक प्रकार से अवसर के चरम पर है। ये अपने आप में भारत की विकास यात्रा का एक अहम पड़ाव है।

**नकारात्मक राजनीति' की आलोचना** : पीएम मोदीने कुछ दलों की 'नकारात्मक राजनीति' की भी आलोचना की। पीएम ने कहा कि वे अपनी विफलताओं को छिपाने के लिए संसद के समय का इस्तेमाल करते हैं। लोकसभा चुनाव में जनता ने अपना फैसला सुना दिया है और अब सभी राजनीतिक दलों को अगले पांच साल तक देश के लिए मिलकर लड़ना चाहिए। उन्होंने पिछले सत्र को लेकर विपक्षी दलों पर निशाना साधा। कहा कि विपक्षी दल ने संसद में उनकी आवाज को दबाने की कोशिश की। इसको लेकर उन्होंने साफ किया कि लोकतंत्र में ऐसी रणनीति का कोई स्थान नहीं है।

(शेष पेज 11 पर)

### आर्थिक वृद्धि 6.5-7.0 प्रतिशत के दायरे में रहेगी

## देश की आर्थिक वृद्धि की संभावनाएं मजबूत

**सदन में आर्थिक सर्वे रिपोर्ट पेश**

नयी दिल्ली। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने सोमवार को वर्ष 2023-24 का आर्थिक सर्वेक्षण लोक सभा के सदन पटल पर रखा। इसमें वर्ष 2024-25 के लिए भारत की आर्थिक वृद्धि दर 6.5-7.0 प्रतिशत के दायरे में रहने का अनुमान है। वर्ष 2023-24 में भारत के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में अनुमानित 8.2 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गयी थी। आर्थिक सर्वेक्षण में कहा गया है कि सरकार द्वारा निरंतर मजबूत आर्थिक सुधारों से देश की आर्थिक वृद्धि की संभावनायें मजबूत हुई हैं। वित्त मंत्री मंगलवार को वर्ष 2024-25 का पूर्ण बजट प्रस्तुत करेंगी, जिसमें अर्थव्यवस्था को गति देने के साथ-साथ रोजगार संवर्धन की योजनाओं और कार्यक्रमों पर विशेष बल दिये जाने की उम्मीद की जा रही है। सदन में पेश आर्थिक सर्वे में कहा गया है कि जोखिम काफी हद तक संतुलित हैं और बाजार उम्मीदें काफी ज्यादा हैं। कई चुनौतियों के बावजूद वित्त वर्ष 2022-23 में हासिल की गई भारतीय अर्थव्यवस्था के विकास की तेज गति वित्त वर्ष 2023-24 में भी बरकरार रही। देश में युवा एवं महिला आबादी का सदुपयोग करने का बेहतरीन अवसर है। बेरोजगारी दर वर्ष 2022-23 में घटकर 3.2 प्रतिशत रह गयी। समावेशी विकास के प्रति उत्तरदायी आवश्यक दीर्घकालिक लक्ष्यों के साथ मजबूत स्वास्थ्य सेवा प्रणाली सुदृढ़ अर्थव्यवस्था के लिए महत्वपूर्ण है। भारत का निर्यात प्रदर्शन मजबूत बना रहा है। (विस्तार से 12 पर)



सुप्रभात
मंगलवार 23.07.2024
धनबाद, वर्ष 01, अंक 95
epaper.khabarmantra.net
धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
# खबर मन्त्र
धनबाद और रांची से एक साथ प्रकाशित सबकी बात सबके साथ



## स्पीड न्यूज

### दहेज हत्या का आरोपी पति दोषी करार सजा 24 को

**धनबाद।** पांच लाख रुपए दहेज की मांग को लेकर पत्नी की हत्या कर देने का आरोपी तोपचांची थाना क्षेत्र के नरकोपी निवासी मिथिलेश कुमार उर्फ मिथिलेश पंडित को अदालत ने सोमवार को दोषी करार दिया है। जिला एवं सत्र न्यायाधीश सप्तम कुलदीप की अदालत में अभियुक्त मिथिलेश कुमार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से पेश किया गया। अदालत ने सजा के बिंदु पर सुनवाई की अगली तारीख 24 जुलाई निर्धारित कर दी है। अपर लोक अभियोजक उमेश दीक्षित के अनुसार अभियुक्त के खिलाफ तोपचांची थाना क्षेत्र निवासी सरोजिनी रवानी द्वारा 9 दिसंबर 2022 को तोपचांची थाना में प्राथमिकी दर्ज करवाई गई थी। जिसमें कहा गया था कि अभियुक्त ने उसकी पुत्री प्रिया कुमारी को पहले बहला फुसला कर प्रेम जाल में फंसा कर अंतरजातीय विवाह कर लिया था। शादी के बाद अभियुक्त पांच लाख रुपए दहेज की मांग करने लगा। इतनी राशि देने में वह असमर्थ था। 1 जून 2023 को दिन के 2:00 बजे अभियुक्त ने उसकी पुत्री के गले में रस्सी बांधकर हत्या कर दी। अनुसंधान के बाद पुलिस अभियुक्त के खिलाफ 27 अगस्त 2023 को अदालत में आरोप पत्र दाखिल किया।

### गोमो में महिला को चाकू मार कर किया घायल

**तोपचांची।** हरिहरपुर थाना क्षेत्र के गोमो स्टेशन के जंगलकोठी जाने वाले रास्ते में बीती रात करीब 10 बजे दो अज्ञात अपराधियों ने एक महिला को चाकू मार कर किया लहूलुहान. घटना की सूचना के बाद हरिहरपुर पुलिस मौके पर पहुंच कर घायल महिला को इलाज के लिए तोपचांची के साहोबहियार स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया. जहां प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर रुप से जख्मी महिला को धनबाद स्थित एसएनएमएमसीएच अस्पताल रेफर कर दिया गया। गंभीर रुप से जख्मी महिला का शिनाख्त कलावती देवी के रुप में हुआ है. गिरिडीह जिला के सरिया थाना क्षेत्र के कोरिडीह गांव का निवासी बताया जा रहा है. महिला को अपराधियों ने पैर व कमर के ऊपर दो जगह चाकू से वार किया है. महिला ने पुलिस को बताया कि रोजाना सुबह महिला सब्जी बेचने आती है. सब्जी बेचने के बाद महिला गोमो स्टेशन के उत्तरी छोर में रात बिताती हैं. रात को जंगलकोठी के रास्ते से महिला शौच करने गई थी। दो अपराधी महिला के जबरदस्ती करने लगा। विरोध करने पर अपराधियों ने चाकू से हमला कर दिया।

सड़क सुरक्षा समिति को डीसी ने दी हिदायतें, रॉन्ग साइड से वाहन चलाने वालों पर होगी कार्रवाई

# स्कूल वाहनों की लगातार होगी चेकिंग

**सड़क अवरुद्ध करने वाले आवारा व पालतु पशुओं को किया जाएगा जब्त**

खबर मन्त्र संवाददाता




**धनबाद।** धनबाद की उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी सुश्री माधवी मिश्र ने सड़क पर होने वाली दुर्घटनाएं, ट्रैफिक जाम, रॉन्ग साइड पर चलने वाले वाहन, शहरी क्षेत्रों और राष्ट्रीय राजमार्ग पर सड़क अवरुद्ध करने वाले आवारा व पालतु पशुओं तथा यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए कड़ा निदेश दिया है। इस पर सड़क सुरक्षा समिति को गंभीरता से काम करना चाहिये। सफक सुरक्षा समिति की आज यहां हुई बैठक को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि सड़क सुरक्षा को प्रभावी तरीके से लागू करने के लिए नगर निगम, परिवहन कार्यालय, यातायात पुलिस, आरसीडी, एनएच, एनएचएआई सहित अन्य विभाग समन्वय बनाकर व्यवस्था को ठीक करने के लिए कारगर कदम उठाए।बिना समन्वय के यह सफलीभूत नहीं हो सकता। उन्होंने इसके साथ ही सभी मोड़ और चौराहों पर ऑटो, ई रिक्शा व अन्य वाहनों के पार्किंग पर प्रतिबंध लगाने तथा सड़क पर अवैध कट को बंद करने का भी निर्देश दिया। उपायुक्त सुश्री मिश्र ने कहा कि सड़कों पर घूमने वाले आवारा पशु, रॉन्ग साइड पर चलने वाले वाहन, अवैध कट से निकलने वाले वाहनों के कारण गंभीर सड़क दुर्घटनाएं हुई है। कई दुर्घटना में परिवार खत्म हो जाते हैं। यह बहुत दर्दनाक और संवेदनशील मामला है। इसके प्रति गंभीरता बरतते हुए सभी विभाग कम करें। बैठक में गोविंदपुर और निरसा में सर्विस लेन से अतिक्रमण हटाने, कोर्ट मोड़ तथा सरायढेला स्टील गेट में सड़क जाम को दूर करने, जोड़ापीपल मोड़ के पास रंबल स्ट्रिप लगाने, गोविंदपुर मोहन पेट्रोल पंप के पास डिवाइडर में क्रॉसिंग के दोनों ओर रंबल स्ट्रिप लगाने, झरिया से डिगवाडीह रोड में बने स्पीड ब्रेकर्स पर पेंट करने सहित अन्य विषयों पर चर्चा की गई।

**सड़क दुर्घटना रोकने के लिए किया जा रहा काम**

बैठक में जिला परिवहन पदाधिकारी ने बताया कि सड़क दुर्घटनाओं को कम करने के लिए लगातार समिति द्वारा काम किया जा रहा है। जिसके तहत 18 ब्लैक स्पॉट में नियमित सुधार किया गया है। सुधार के बाद 13 स्थान ब्लैक स्पॉट के दायरे से बाहर हो गए हैं। छात्रों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करने के लिए विद्यालयों में नियमित रूप से जागरूकता कार्यक्रम चलाया जा रहा है। इसके अलावा जिला परिवहन कार्यालय, मोटर व्हीकल इंस्पेक्टर तथा डीसीपी ट्रैफिक द्वारा लगातार वाहनों की जांच की जा रही है। जिसके अंतर्गत जून 2024 में 1947 वाहनों की जांच की गई। इसमें से यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले 1448 वाहनों से 44 लाख रुपए से अधिक राशि दंड के रुप में वसूली गई।

**बैठक में ये लोग भी थे उपस्थित**

बैठक में उपायुक्त सुश्री मिश्रा के अलावा नगर आयुक्त रवि राज शर्मा, जिला परिवहन पदाधिकारी दिवाकर सी द्विवेदी, अनुमंडल पदाधिकारी उदय रजक, ट्राफिक डीएसपी अरविंद कुमार सिंह, एनएचएआई दुगार्पुर के प्रोजेक्ट डायरेक्टर मनीष कुमार, एनएचएआई धनबाद से राजीव रंजन, एनएच धनबाद के सहायक अभियंता अशोक प्रसाद, आरसीडी के कार्यपालक अभियंता मिथिलेश प्रसाद, सहायक अभियंता पंकज कुमार, जिला सड़क सुरक्षा प्रबंधक सुनिल कुमार सहित अन्य विभाग के पदाधिकारी उपस्थित थे।

## प्राक्कलन बनाने से पूर्व स्थल का निरीक्षण करें : डीडीसी

**त्रुटि रहित, गुणवत्ता युक्त व समय पर पूरी करें डीएमएफटी से ली गई योजनाएं**

खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद।** उप विकास आयुक्त श्री सादात अनवर ने जिला खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट (डीएमएफटी) से ली गई योजना का प्राक्कलन बनाने के पहले स्थल निरीक्षण करने का निदेश दिया है। श्री अनवर आज यहां डीएमएफटी की योजनाओं की विभागवार समीक्षा बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि डीएमएफटी से ली गई योजना में कोई त्रुटि न रहे। कार्य की गुणवत्ता बनाए रखें तथा समय पर कार्य पूरा करें। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य, शिक्षा, पेयजल सहित ऐसी योजना का चयन करें जिससे जिले के अधिक से अधिक लोग लाभान्वित हो सकें।योजना का एस्टीमेट बनाने से पहले स्थल का निरीक्षण करें। योजना को ग्राम सभा से पारित कराए। भूमि संबंधित स्पष्ट प्रतिवेदन उपलब्ध कराए। यह सुनिश्चित करें की योजना पर विगत 5 साल में काम नहीं हुआ है तथा किसी अन्य विभाग द्वारा उक्त योजना नहीं ली गई है।

**बैठक में थे मौजूद**

बैठक में पीएचईडी 1 एवं 2, विशेष प्रमंडल, रोड डिविजन, लघु सिंचाई, चिरकुंडा नगर परिषद, विद्युत प्रमंडल, शहीद निर्मल महतो मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल (एएनएमएमसीएच), आरईओ, पीएचईडी मैकेनिकल में चल रही योजना के प्रगति की समीक्षा की गई। समीक्षा के पश्चात डीडीसी ने युद्ध स्तर पर सभी योजना को पूरा करने का निर्देश दिया। बैठक में उप विकास आयुक्त श्री सादात अनवर, निदेशक डीआरडीए श्री राजीव रंजन, सिविल सर्जन डॉ चंद्रभानु प्रतापन, जिला पंचायती राज पदाधिकारी श्री मुकेश कुमार बाउरी के अलावा विभिन्न विभागों के पदाधिकारी मौजूद थे।

# राजेंद्र सरोवर में महाआरती और शिव तांडव कार्यक्रम

**आस्था के सागर में डूबे शिव भक्त**

खबर मन्त्र संवाददाता



**धनबाद।** श्रवण माह के प्रथम दिन शहर के राजेन्द्र सरोवर में महाआरती और शिव तांडव का जो कार्यक्रम हुआ उससे शहरवासी भाव विभोर हो गए। भारी संख्या में जुटे लोगों में इस दृश्य को मोबाइल में कैद करने की होड़ मची रही। झारखंड इंडस्ट्रीज एंड ट्रेड एसोसिएशन (खक्ळअ)द्वारा सावन की प्रथम सोमवारी के उपलक्ष्य मे शिव तांडव एवं शिव महा आरती भव्य कार्यक्रम का किया गया।राजेंद्र सरोवर के चारो ओर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ थी,सभी भक्ति भाव में झूम रहें थे।सरोवर के बीच शिव की विशाल प्रतिमा लगाई गई थी,रंग बिरंगी लाइट के साथ बड़ी बड़ी स्क्रीन पर लाइव देखने की भी व्यवस्था की गई थी।जिसे देख लोग मंत्र मुग्ध हो गए। लोगों के बैठने और बारिश से बचाव की व्यवस्था के साथ ही प्रशासन का भी चुस्त दुरुस्त तैनाती थी। एंबुलेंस एवं प्रथमिक उपचार का भी ध्यान रखा गया। जीटा संगठन के महासचिव राजीव शर्मा में ने बताया कि शिव महा आरती कार्यक्रम की शुरूआत 2022 में की गई थी।यह तीसरा आयोजन है।इस वर्ष भी उसी तर्ज पर कार्यक्रम किया गया । परन्तु, शिव महा आरती के साथ इस वर्ष शिव तांडव कार्यक्रम को जोड़ा गया। शिव तांडव का कार्यक्रम सोनू मनमौजी एवं उनके सदस्यों द्वारा प्रस्तुत किया ।जबकि शिव आरती कार्यक्रम को आचार्य रणधीर एवं उनके सदस्यों द्वारा प्रस्तुत किया गया। बनारस के गंगा आरती के तर्ज पर शिव महा आरती का आयोजन किया गया।

### नाबालिग के साथ अप्राकृतिक यौनाचार के आरोपी को 15 वर्ष कैद

**धनबाद।** छह वर्ष के नाबालिग बच्चे के साथ अप्राकृतिक यौनाचार करने के एक मामले में आज अदालत ने अपना फैसला सुनाया। धनबाद पॉक्सो के विशेष न्यायाधीश प्रभाकर सिंह की अदालत ने मामले के नामजद आरोपी झरिया निवासी छेदी अंसारी को पंद्रह वर्ष कैद एवं दस हजार रुपए जुमार्ना से दंडित किया है। शनिवार को अदालत ने उसे दोषी करार दिया था। अदालत ने सजा के बिंदु पर सुनवाई के लिए सोमवार की तारीख निर्धारित की थी। आरोपी छेदी अंसारी इस मामले में फरार है। जिसकी अनुपस्थिति में अदालत ने अपना फैसला सुनाया ।

## एक नजर में

### रंजय हत्याकांड में नोडल अधिकारी का बयान दर्ज

**धनबाद।** पूर्व विधायक विधायक संजीव सिंह के करीबी रंजय सिंह ऊर्फ रवि रंजन सिंह की हत्या के मुकदमे में सोमवार को वोडाफोन कंपनी के नोडल अधिकारी राजकुमार पाल का बयान जिला एवं सत्र न्यायाधिश डी सी अवस्थी की अदालत में दर्ज किया गया। कोर्ट को दिए बयान में अमरनाथ ने मामा ऊर्फ नंद किशोर सिंह के मोबाइल सीडीआर रिपोर्ट की पुष्टि की ।जेल मे बंद आरा बेरथ निवासी नंद कुमार सिंह उर्फ बबलू उर्फ रूना सिंह उर्फ मामा को रांची के होटवार जेल से वीसीएस के द्वारा पेश किया गया । वहीं जमानत पर मुक्त हर्ष सिंह आज हाजिर नहीं थे । अदालत ने अपर लोक अभियोजक उमेश दीक्षित को गवाह पेश करने का निर्देश दिया है। बचाव पक्ष की ओर से अधिवक्ता आयुष श्रीवास्तव ने पैरवी की ।रूना सिंह ऊर्फ मामा ऊर्फ नंद किशोर सिंह 8 अगस्त से जेल मे बंद है ! पांच नवंबर 18 को सरायढेला थाना प्रभारी निरंजन तिवारी ने मामा को शूटर बताते हुए उसके विरुद्ध अदालत मे चार्जशीट दायर किया था ! जबकी चंदन शर्मा ,हरेन्द्र सिंह के विरुद्ध अनुसंधान जारी रखा है । रंजय सिंह उर्फ राजीव रंजन सिंह की हत्या बिग बाजार के सामने चाणक्य नगर मोड़ पर 29 जनवरी 2017 के संध्या करीब 5:30 बजे रामेश्वर तिवारी के घर के समीप गोलियों से भून कर कर दी गई थी।

### व्यापारी की रिहाई के लिये 5 करोड़ मांगी थी



**गोविंदपुर।** कोयला व्यवसायी रंजीत शर्मा के अपहरण के मामले में गोविंदपुर पुलिस ने उनकी पत्नी के आवेदन पर दो-तीन अज्ञात अपराधियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 140 (1) एवं (2) के तहत प्राथमिक दर्ज की है। इस मामले में पुलिस ने तेतुलमारी से गिरफ्तार दोनों अपराधियों की निशानीदेही पर विभिन्न ठिकानों पर छापामारी की है। इस मामले का अनुसंधान गोविंदपुर पुलिस इंस्पेक्टर रविकांत प्रसाद स्वयं कर रहे हैं। शनिवार को दिन में कुरची मोड़ के पास कोयला व्यवसाय से जुड़े रंजीत शर्मा एवं उसके चार वर्षीय पुत्र ऋषभ शर्मा का दो-तीन अज्ञात अपराधियों ने अपहरण कर लिया था। एवं 5 करोड़ की फिरौती मांगी थी. आर्थिक हालात अच्छे नहीं होने एवं फिरौती की राशि नहीं देने पर अपराध कर्मियों ने उनके साथ बुरी तरह मारपीट एवं मोबाइल ,चैन,घड़ी अंगुठी छीनकर 10:00 बजे रात को महूदा में छोड़ दिया था. महुदा से दोनों अपहृत पिता-पुत्र धनबाद स्टेशन पहुंचे थे ,जहां से पुलिस ने दोनों को पूछताछ के लिए थाना लाया था. देर रात तक रंजीत शर्मा से पूछताछ के बाद गोविंदपुर पुलिस ने 2:00 बजे रात को उसे छोड़ दिया था।

## बिजली-पानी की समस्या से परेशान ग्रामीणों ने बंद करायी कोलियरी

खबर मन्त्र संवाददाता

**कुमारधुबी।** कुमारधुबी कोलियरी के आसपास के क्षेत्रों में अनियमित बिजली की आपूर्ति और पानी की समस्या से परेशान ग्रामीणों ने सोमवार की सुबह भाग्यलख्खी कोलयरी का उत्पादन कुछ देर के लिए ठप कर दिया। खबर मिलते ही निरसा के पूर्व विधायक अरूप चटर्जी मौके पर पहुंचे। उनके पहुंचने के बाद ग्रामीणों ने उनके समक्ष आकर अपनी समस्या सुनाया। ग्रामीणों ने कहा कि बार-बार केबल चोरी किया जा रहा है, जिसके चलते आए दिन विद्युत आपूर्ति सही ढंग से नहीं हो पा रही है। मैनेजमेंट को कई बार जानकारी दी गई है, लेकिन मैनेजमेंट ठोस कदम नहीं उठा रहा है। श्री चटर्जी ने इसे गंभीरता से लेते हुए तुरंत चिरकुंडा थाना प्रभारी से फोन पर बात किया और ग्रामीणों के साथ मैनेजमेंट की सफल वार्ता कराई। तत्काल विद्युत की व्यवस्था और पानी की व्यवस्था सुचारू ढंग से चालू करने की बात की गई। इस संबंध में पत्रकारों को जानकारी देते हुए पूर्व विधायक अरूप चटर्जी ने कहा की नदीधौड़ा में बिजली की समस्या काफी दिनों से चली आ रही है, इसके लिए कई बार वार्ता यूनियन के साथ भी की गई है, कई बार समाधान करने का भी आश्वासन मिल रहा था लेकिन समाधान नहीं हो सका। केबल चोरी की भी घटना हमेशा होती रहती है, इसलिए आज चिरकुंडा

## पुलिस पर चोर भारी, लाखो की संपति लेकर फरार

खबर मन्त्र संवाददाता



**धनबाद।** कोयलांचल मुख्यालय धनबाद एवम इसके आसपास के क्षेत्रों में चोरी की घटनाओं में वृद्हहही होने लगी है। स्थिति आंख बन्द डिब्बा गायब वाली होती जा रही है। घर में ताला बंद कर किसी ओरयोजन में गये तो घर साफ मिल रहा है । वरीय पुलिस अधिकारियों की लाख हदायत के वाबजूद चोरी की घटनाओं पर नियंत्रण पाने में पुलिस विफल साबित हो रही है। बीती रात सदर थाना क्षेत्र के चिरागोड़ा में चोरों ने चोरी की घटना को अंजाम देकर लाखो की संपति लेकर चंपत हो गए। चोरों ने एक साथ दो घरों को निशाना बनाकर करीब छह लाख के जेवरात समेत डेढ़ लाख की नकदी की चोरी कर ली।

पुलिस इस पूरे मामले की छानबीन में जुट गई है। चोरी की पहली घटना अभिमन्यु तिवारी के आवास में हुई. बताया जा रहा है कि अपराधी दीवार फांद कर मुख्य दरवाजे की सीटकनी तोड़कर घर के अंदर दाखिल हुए और आलमीरा में रखा करीब डेढ़ लाख नकद एवं पांच लाख के जेवरात चोरी कर भाग निकले। अभिमन्यु तिवारी के पुत्र व पुत्रवधू घर में ही थे पर उन्हें चोरी की भनक तक नही लगी। दूसरी घटना पास में ही किराए के मकान में रह रही सुमिता दत्ता के घर पर घटी। वह पूरी रात हॉस्पिटल में थी जिसका फायदा चोरों ने उठाया। घर का ताला तोड़कर आलमीरा में रखा करीब एक लाख का जेवर एवं दस से बारह हजार नकद ले गए।

# तोपचांची में जंगली हाथियों का आतंक : पल भर में बर्बाद हो गये ग्रामीण

अक्षय कुमार चौबे

**तोपचांची।** आदमी बड़ी मुश्किल से सपनों का एक घर बनाता है. अपना परिवार पालता है. लेकिन तब क्या जब सालों कड़ी मेहनत के बाद तैयार आशियाना पलभर में ही बर्बाद हो जाए. धनबाद जिला के तोपचांची प्रखंड स्थित पावापुर पंचायत के करमाटांड, बरगोडा गांव और चितरपुर पंचायत के अंबाडीह गांव के लोगों के साथ ऐसा ही कुछ हादसा हुआ कि ग्रामीण काफी डरे एवं सहमे हुए हैं. यहां एक-दो नहीं बल्कि करीब 20 परिवार एक झटके में ही उजड़ गए.

### हाल बरगोड़ा गांव का

धनबाद जिला मुख्यालय से करीबन 40 किलोमीटर दूर है बरगोडा गांव. यह गांव में करीबन 20-25 परिवार अपने परिजनों के साथ रहते हैं. लेकिन आज यहां ग्रामीण काफी डरे एवं सहमे हुए हैं. अब यहां लोगों को हाथियों का डर सता रहा है. यहां 30 से अधिक हाथियों ने आतंक मचाया हुआ है. हाथियों ने घरों और फसल को पूरी तरह से नष्ट कर दिया है. हैंडपंप, घर में रखा सामान सभी तहस-नहस हो गए हैं।



**रात होते ही गांव में दस्तक देते हैं जंगली हाथी**

दिन के समय में जंगली हाथियों अपने निवास स्थान जंगल में रहते हैं लेकिन जैसे ही दिन सुरज ढलता है वैसे ही जंगली हाथियों का कारवां इंसानी बस्तियों में दाखिल होने लगता है. इंसानी बस्तियों में दाखिल होते ही हाथियों का झुंड पल भर में इंसानी गांव को तहस-नहस कर देते हैं. इंसान दिन में रोजी-रोटी कमाने के बाद रात को चैन का नींद भी नहीं सो पाते हैं. आलम यह है कि इंसानों को अब रात में पहरा देना पड़ता है ताकि उनके परिवार के अन्य परिजन आराम से सो सके।

### वन विभाग की ओर से नहीं है कोई व्यवस्था

लगातार हाथियों के द्वारा क्षेत्र में आतंक के बावजूद भी वन विभाग के द्वारा सिर्फ कागजी कार्रवाई किया जाता है. लेकिन ग्रामीणों की रक्षा करने में कहीं ना कहीं वन विभाग असमर्थ दिखाई पड़ रहा है. इन इलाकों में स्थिति काफी दयनीय होती जा रही है. इंसान अपनी जान बचाने के लिए वन विभाग से लगातार गुहार लगा रहे हैं.

**तोपचांची प्रखंड के अम्बाडीह गांव में सहमे हैं ग्रामीण**

तोपचांची प्रखंड के चितरपुर पंचायत के अंबाडीह गांव के ग्रामीण काफी डरे एवं सहमे हुए हैं. यहां 10 ग्रामीणों को घरों को जंगली हाथियों ने पलभर में नष्ट कर दिया. हाथियों के झुंड ने ग्रामीणों के फसल को भी तहस-नहस कर दिया.बीते रविवार रात करीब 30 हाथियों के झुंड ने गांव में फिर से धावा बोला दिया। हालांकि ग्रामीणों ने मसाला लेकर हाथियों को खदेड़ने में जुट गए. लेकिन पावापुर पंचायत के करमाटांड गांव निवासी ज्ञानचंद महतो का हाथियों के द्वारा कुचलने से मौत हो गई. मृतक परिजनों को वन विभाग के द्वारा तत्काल में 30 हजार रुपए का आर्थिक मदद दिया गया. कागजी कार्रवाई के बाद मृतक के परिजनों को 3 लाख 70 हजार रुपए का आर्थिक मदद किया जाएगा। तोपचांची प्रखंड गिरिडीह जिला का सीमावर्ती इलाका है। तोपचांची के दक्षिण दिशा की और पारसनाथ पहाड़ और काफी घना जंगल है. इन जंगलों में काफी ज्यादा संख्या में जंगली जीव जंतु निवास करते हैं. लेकिन कुछ सप्ताह से जंगली हाथियों ने इंसानी घरों को अपना निशाना बना लिया है. लगातार इंसान के घरों को तहस-नस कर दे रहे. इंसान के घरों में रखा अनाज को पल भर में चट कर दे रहे हैं. वास्तव में यह इलाका पारसनाथ के तलहटी में स्थित है। यह इलाका प्राकृतिक सौंदर्य का धनी माना जाता है।

### आजीविका को लेकर संकट

लगातार क्षेत्र में हाथियों के द्वारा आतंक मचाए जाने के बाद ग्रामीणों के समीप आजीविका का संकट खड़ा हो गया है. अधिकतर इस क्षेत्र में लोग किसान परिवार से आते हैं. किसान का मुख्य आर्थिक आधार उनकी खेती-बाड़ी होती है. हाथियों के द्वारा लगातार उनके फसलों को नष्ट किए जाने के बाद उनके सामने आजीविका को लेकर संकट उत्पन्न हो गया है. इंसानों के घरों में रखे हुए घरेलू सामान को भी हाथियों के द्वारा तहस-नहस कर दिया जाता है. हाथियों के द्वारा पहुंचाई गई छाती के बाद प्रभावित परिवारों के समक्ष आजीविका को लेकर संकट की स्थिति बन गई है।

### पारसनाथ के तलहटी में करीब सैकड़ों गांव

पारसनाथ के तलहटी में धनबाद व गिरिडीह जिला के करीब सैकड़ों गांव है. इन सभी गांवों में रहने वाले ग्रामीणों को हमेशा जंगली जानवर का खतरा बना रहता है. जंगली जानवर के द्वारा लगातार इनके आवास को निशाना बनाया जाता है. यह क्षेत्र घना जंगल से घिरा हुआ है।

### जंगली हाथियों ने किसानों की तोड़ी कमर

जंगली हाथियों के द्वारा क्षेत्र के किसानों के खेतों में इस प्रकार तबाही मचाई है कि किसानों के कमर टूट गए। किसने की आर्थिक स्थिति का मुख्य आधार खेती-बाड़ी को लगातार हाथियों के द्वारा निशाना बनाया जाता है. जानकार बताते हैं कि हाथी जंगलों से निकलकर इंसान के खेतों में लगे फसलों को स्वादिष्ट मानते हैं. स्वादिष्ट भोजन के तलाश में गांव की और हाथी पलायन कर जाते हैं। जिसके बाद किसानों के फसल को पल भर में चट कर जाते हैं। किसानों के पास अपनी खेती के अलावा आजीविका का दूसरा कोई साधन नहीं रहता है। अगर फसल तैयार हो तब जंगली हाथी उसे खा जाये और तहस-नहस कर दें तो उससे किसानों के समक्ष भारी कठिनाई उत्पन्न हो जाती है।

## उपायुक्त की अध्यक्षता में जिला स्तरीय खनन टास्क फोर्स की बैठक हुई संपन्न

# अवैध खनन और परिवहन पर करें कार्रवाई

➲ औचक छापेमारी एवं प्राथमिक दर्ज की कार्रवाई करने का दिया गया निर्देश


बैठक में निर्देश देती उपायुक्त।

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**लातेहार।** जिले में अवैध खनन के रोक थाम को लेकर उपायुक्त गरिमा सिंह की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में जिला स्तरीय खनन टास्क फोर्स की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में जिलांतर्गत कोयला व बालू के अवैध खनन, परिवहन व भंडारण आदि की गहन समीक्षा कर आवश्यक व उचित दिशा निर्देश दिया गया। बैठक में उपायुक्त ने अवैध कोयला, अवैध पत्थर, अवैध बालू उठाव के रोकथाम के लिए पूर्व के बैठक में लिए गए निर्णय के अनुपालन की बिन्दुवार समीक्षा करते हुए जिला खनन पदाधिकारी को स्पष्ट निर्देशित किया कि जिले में अवैध खनन भंडारण एवं परिवहन नहीं हो इसे सुनिश्चित करें। साथ ही कार्रवाई प्रतिवेदन के समीक्षा के दौरान सभी अंचल अधिकारी को थाना प्रभारी से समन्वय स्थापित कर अवैध खन्न, परिवहन एवं भण्डारण के रोकथाम हेतु किये गये कर्रवाई से संबंधित प्रतिवेदन विहित प्रपत्र में 15 दिनों के अंदर जिला खनन कार्यालय, लातेहार को उपलब्ध कराने का निदेश दिया गया। बैठक में जिला खनन पदाधिकारी द्वारा जानकारी देते हुए बताया गया कि माह 26 जून से 20 जुलाई तक खनिजों के अवैध उत्खनन, परिवहन, भण्डारण के मामलों में 35 वाहनों को जब्त कर 08 प्राथमिकी दर्ज गई है। तथा 7,47,375 लाख रुपए जुमार्ना राशि की वसूली की गई। बैठक में उपायुक्त ने अवैध खनन भंडारण एवं परिवहन के विरुद्ध की गई करवाई की प्रखंड वार विस्तृत समीक्षा करते हुए जिला के सभी वन प्रक्षेत्र, अंचल अन्तर्गत अवैध उत्खनन, प्रेषण के रोकथाम हेतु स्थलीय निरीक्षण / छापामारी में तेजी लाते हुए उसकी संख्या में बढ़ोत्तरी कर सघन कार्रवाई करने तथा छापामारी के क्रम में अवैध संबंधी मामला पाये जाने पर उसमें संलिप्त अवैध खननकताओं /परिवहनकर्ता के विरूद्ध नियमानुसार कार्रवाई करते हुए अवैध उत्खनन स्थल पर बने सुरंग, गड्ढों को डोजरिंग एवं पहुंचपथ पर ट्रैच कटींग का कार्य कराकर अवैध उत्खनन पर रोक लगाने का निर्देश सभी अंचल अधिकारी, थाना प्रभारियों को दिया गया। उपायुक्त ने कोयला व बालू के अवैध खनन, परिवहन व भंडारण को लेकर टास्क फोर्स के द्वारा की गई कार्रवाई की पूर्ण जानकारी लिया। उपायुक्त द्वारा संबन्धित अधिकारियों एवं थाना प्रभारियों को उनके क्षेत्र में एक भी वाहन से अवैध खनन नहीं होने देना सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। इसके लिए उन्होंने दोषियों को पकड़ते हुए तुरंत उन पर एफआईआर दर्ज करने एवं संबंधित पर कड़ी कार्रवाई करने का निर्देश दिया। बैठक में वन प्रमंडल पदाधिकारी लातेहार प्रवेश अग्रवाल, अपर समाहर्ता रामा रविदास, अनुमंडल पदाधिकारी लातेहार अजय कुमार रजक, जिला परिवहन पदाधिकारी सुरेन्द्र कुमार, जिला खनन पदाधिकारी नदीम सफी, वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से सभी अंचल अधिकारी, थाना प्रभारी, कोल कंपनियों के अधिकारी समेत अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

### स्पीड न्यूज

## भाजपा नेता प्रकाश राम ने सांसग, किता, सोंस व बुल्हू गांव का किया दौरा


ग्रामीणो के साथ मिलते प्रकाश राम।

**चंदवा।** आगामी विधानसभा चुनाव की सुगबुगाहट के साथ हीं विभिन्न दलों के नेताओं का क्षेत्र में जन संपर्क अभियान तेज हो गया है। सोमवार को भाजपा नेता सह पूर्व विधायक प्रकाश राम ने अपने दर्जनों समर्थको के साथ प्रखंड के सासंग पंचायत के सासंग, कीता, बुल्हु, सोंस ग्राम मे जनसंपर्क चलाया। इस दौरान उन्होने ग्रामीणो के साथ मुलाकात कर केन्द्र की मोदी सरकार द्वारा चलायी जा रही जनकल्याण कारी योजनाओं की जानकारी दी। कहा कि वर्तमान समय में क्षेत्र में विकास की गति रूक सी गयी है। वर्तमान राज्य सरकार ने लगभग पांच वर्ष का कार्यकाल पुरा कर लिया है लेकिन राज्य में विकास का एक भी काम नहीं हुआ है। सिर्फ लूट व भ्रष्टाचार व अपराध का ग्राफ बढ़ा है। हम सभी को लेकर वर्तमान राज्य सरकार को आगामी विधानसभा चुनाव में उखाड़ फेकना है। मौके लवकुश सिंह, मो . एहसान हाफिज , नवाहिर उराँव, सुरेश यादव, राजन भगत, राजकुमार पाठक, अवधेश यादव, विजय दुबे, राजेश यादव, जागा उराँव, रंजीत सिंह एवं सैकड़ो ग्रामीण जनता उपस्थित थे।

## कावरियों का जत्था बाबा धाम रवाना


बाबा धाम रवाना होते श्रद्धालू।

**बालूमाथ।** बालूमाथ प्रखंड के मुरपा ग्राम में सोमवार को दर्जनों कांवरियों का जत्था बाबा देवघर के लिए रवाना हुआ। इससे पूर्व सभी कावरियों ने शिव मंदिर में पूजा अर्चना कर हर हर महादेव, ओम नमः शिवाय, बोल बम, बोल बम के नारा लगा रहे थे। इस इस जत्था में विनोद साब, नरेश ठाकुर, ब्रह्मदेव यादव, महादेव यादव, पिंटू साब, डॉक्टर बंगाली, राजकुमार प्रजापति, मनोज साव, प्रकाश साव, राजेंद्र यादव, शुकर यादव, फुटून यादव शामिल थे।

## मनिका प्रखंड के रांकिकला में समाजसेवी ने गरीबों के बीच किया वस्त्र का वितरण


वस्त्र का वितरण करते समाजसेवी।

**मनिका।** मनिका प्रखंड मुख्यालय स्थित रांकिकला पंचायत में नारायण सेवा समिति ट्रस्ट के माध्यम से समाजसेवी निर्दोष कुमार के द्वारा दिन सोमवार को सैकड़ो गरीब जरूरतमंदों के बीच वस्त्र का वितरण किया गया। वहीं साड़ी, धोती, लुंगी, कुर्ता, समेत गांव के महिलाएं,पुरुष व बच्चों को उनके जरूरत के अनुसार वस्त्र मुहैया कराया गया इस दौरान खासकर बच्चों में काफी उत्साह था। मौके पर समाजसेवी निर्दोष कुमार ने बताया कि गरीबों को जो भी वस्त्र मुहैया करवाया जाता है वह वस्त्र हमारे ट्रस्ट को दान में प्राप्त होते हैं। उन्होंने कहा कि आज के समय में ग्रामीण क्षेत्रों में ऐसे बहुत से लोग हैं जिनको अपने जीवन यापन के लिए काफी कठिनाई झेलनी पड़ती है इसी कड़ी में कुछ सहयोग करने का हमारा प्रयास है। उन्होंने बताया कि कई वर्षों से ट्रस्ट के माध्यम से क्षेत्र के विभिन्न गांव में जाकर जरूरतमंदों को वस्त्र मुहैया करवाने का काम करते आ रहे हैं और आगे भी सहयोग करने का हमारा प्रयास जारी रहेगा। मौके पर संजय भुइयां,विगन भुइयां,नंदू उरांव,सीताराम भुइयां,लालमोहन भुइयां,कई महिलाएं व पुरुष समेत काफी संख्या में बच्चे उपस्थित थे।

## चुनाव पाठशाला कार्यक्रम को लेकर प्रखंड कार्यालय में प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न


प्रशिक्षण देते मास्टर ट्रेनर।

**बरवाडीह।** लोकसभा चुनाव के बाद अब झारखण्ड विधानसभा चुनाव की तैयारी में चुनाव आयोग पूरी तरह से जुट गया है। जिसको जिला निर्वाचन कार्यालय के निर्देश पर सोमवार को प्रखण्ड कार्यालय सभागार में प्रखण्ड के सभी बीएलओ और सुपरवाइजर की मतदान केंद्र में आयोजित होने वाले चुनाव पाठशाला कार्यक्रम को लेकर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम के माध्यम से मास्टर ट्रेनर मनोहर यादव और निर्वाचन कोषांग प्रभारी बलराम सिंह के द्वारा सभी बीएलओ को निर्वाचन किट के माध्यम से प्रशिक्षण देते हुए आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर बूथ स्तर के मतदाताओं को मताधिकार के प्रयोग करने के प्रति जागरूक करने को लेकर कार्यक्रम चलाने का निर्देश दिया गया। मास्टर ट्रेनर मनोहर यादव ने बताया कि सभी बीएलओ के द्वारा किट के माध्यम से लगातार मतदान केंद्र और उसके आसपास के क्षेत्र में जाकर मतदाताओं को जागरूक करने के साथ-साथ छूटे मतदाता और युवा मतदाताओं के नाम जुड़वाने का भी काम करना है। मौके पर अजित सहाय, सतेन्द्र कुमार सिंह, सुबोध कुमार, शिल्पा सिंह, नेहा सिंह, उमेश रजक और सुरेंद्र राम समेत काफी सख्या मे बीएलो मौजूद थे।

## डीएवी पब्लिक स्कूल्स, झारखंड जोन-आई का कलस्टर स्तरीय क्रिकेट टुर्नामेट का हुआ उद्घाटन

➲ खेलकूद जीवन का अभिन्न अंग है- सुशील अग्रवाल


टूर्नामेंट का उद्घाटन करते अतिथि।

**लातेहार।** डीएवी ब्लिक स्कूल्स जोन-आई का कलस्टर स्तरीय दो दिवसीय क्रिकेट टुर्नामेट जिला स्टेडियम में शुरू हुआ। इस खेलकूद प्रतियोगिता में झारखंड जोन-आई के सात विद्यालय डीएवी भवनाथपुर, गढ़वा, डालटनगंज, लातेहार, गुमला, लोहरदगा, सिमडेगा के लगभग 150 से अधिक बच्चों ने अपने अपने विद्यालय के खेल प्रशिक्षक के साथ अंडर 14, 17, 19 विभिन्न खेल वर्गों में भाग लिया। सर्वप्रथम मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित विद्यालय प्रबंधन समिति के उपाध्यक्ष सुशील कुमार अग्रवाल ने डीएवी स्पोर्ट्स का ध्वज फहराया। तत्पश्चात कार्यक्रम में उपस्थित बतौर विशिष्ट अतिथि संजय कुमार अधिवक्ता, नगर प्रशासक राजीव रंजन, जिला खेल पदाधिकारी संजीत कुमार व लातेहार जिला क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष पंकज सिंह ,विद्यालय के प्राचार्य घनश्याम कुमार सहाय ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर खेल प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। विद्यालय के प्राचार्य जी. के. सहाय ने आगंतुक सभी अतिथियों का स्वागत पुष्पगुच्छ देकर किया। सभी अतिथियों को शॉल और मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। शहर के आगंतुक अतिथियों में आर्ट ऑफ लिविंग के योगा प्रशिक्षक मुकेश पांडेय, हेमंत सिंह, आशीष नाथ शाहदेव, रमेश प्रसाद, गया प्रसाद, महेंद्र प्रसाद ,विष्णु प्रसाद सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## भाजपा नेता कन्हाई सिंह के नेतृत्व में सरयू प्रखंड का घेराव

**खबर मन्त्र संवाददाता**


ज्ञापन सौंपते कन्हाई सिंह।

**सरयू।** नवनिर्मित सरयू प्रखंड क्षेत्र में प्रखंड की विभिन्न समस्याओं को लेकर भाजपा नेता कन्हाई सिंह के नेतृत्व में सोमवार को राज्य सरकार के विरुद्ध रैली निकाल कर सरयू प्रखंड का घेराव करते हुए राज्य सरकार के नाम प्रखंड कार्यालय में ज्ञापन सौंपा। भाजपा नेता कन्हाई सिंह ने बताया कि सरयू प्रखंड का दर्जा मिलने के बाद भी सरयू प्रखंड क्षेत्र के ग्रामीणों को अंचल से सम्बंधित कार्य के लिए गारू व बरवाडीह अंचल कार्यालय का चक्कर लगाना पड़ता है सरयू प्रखंड से गारू अंचल कार्यालय का दूरी तकरीबन 20 से 22 किलोमीटर का है, वही सरयू प्रखंड के गनेशपुर पंचायत का अंचल कार्यालय बरवाडीह है जो कि कारवाई स्थित कोयल नदी बरसात के दिनों में ग्रामीणों को जान जोखिम में डालकर 50 से 55 किलोमीटर दूर बरवाडीह अंचल कार्यालय जाना पड़ता है जिसे ग्रामीणों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। वही सरयू प्रखंड का अनुमंडल महुआडांड़ से हटाकर लातेहार अनुमंडल से जोड़ने को कहा। उन्होंने कहा कि सरयू प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न गांवों में बिजली आपूर्ति सेवा बहाल नहीं हुआ है जिससे सुदूर वर्ती क्षेत्र में रहने वाले ग्रामीणों को भारी परेशानी होती है। प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न गांवों में बिजली आपूर्ति सेवा बहाल कराने को राज्य सरकार से मांगा किया है। इन मुद्दों को लेकर सरयू प्रखंड में राज्य सरकार के नाम पर ज्ञापन सौंपा। भाजपा नेता कन्हाई सिंह ने कहा कि अगर ग्रामीणों का इन समस्याओं से निजात नहीं मिलता है, तो उग्र आंदोलन करने को बाध्य हो जाएंगे। इस मौके पर जिला मुखिया संग के अध्यक्ष सुभाष कुमार, भाजपा मंडल अध्यक्ष अनुप कुमार, मुखिया राजेश सिंह, प्रमिला देवी, मोदी सिंह, उल्फन सिंह, सुरेश सिंह, सुबेदार सिंह, सोहन सिंह, विश्वनाथ सिंह, अनील सिंह, उपेन्द्र उरांव, राजेश उरांव, बिसेसर सिंह, करम दयाल सिंह, मुनिया देवी, शांति देवी, बसंती देवी, निर्मला देवी, मनिसा देवी, बरतानिया देवी, कीसमतिया देवी, समेत सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित थे।

## फूटबॉल टूर्नामेंट का हुआ समापन चिता 11 क्लब खलारी बनी विजेता

**खबर मन्त्र संवाददाता**


विजेता टीम को सम्मानित करते अतिथि।

**चंदवा।** हुटाप पंचायत के एकमहुआ खेल मैदान में अकेला दिलबहार क्लब एकमहुआ के तत्वावधान में आयोजित फुटबॉल टूनार्मेंट का समापन रविवार को हो गया। बतौर मुख्य अतिथि संतोष कुमार सिंह व डॉ मनीष सिंह उपस्थित थे। मुख्य अतिथि के द्वारा खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करने के पश्चात फाइनल मैच आरंभ हुआ। एक सप्ताह तक चले इस फुटबाल टूनार्मेंट मैच में दूर दराज ग्रामीण क्षेत्र के अलावा रांची व लोहरदगा जिले की टीमों ने भी हिस्सा लिया था। फाइनल मैच रविवार को चिता 11 क्लब खलारी बनाम व्हाइट ब्लू कल्ब खलारी के बीच खेला गया। काफी रोमांचक व संघर्षपूर्ण मैच में चिता 11 क्लब खलारी 1-0 प्राप्त कर टूनार्मेंट में पहला स्थान प्राप्त किया। दूसरे स्थान पर व्हाइट ब्लू क्लब खलारी तृतीय स्थान पर जंगबाज क्लब टाकू कुडू चतुर्थ स्थान पर कुसुम टोली चतरो (चकला )की टीम रही। सभी विजेता टीमों को मुख्य अतिथि संतोष कुमार सिंह व डॉक्टर मनीष सिंह के द्वारा खस्सी व मेडल देकर खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर बोलते हुए डॉक्टर मनीष सिंह ने आयोजन की सराहना की व कहा कि ऐये आयोजनो से क्षेत्र के युवाओं के प्रतिभा को मंच मिलता है। इस दौरान उन्होने सभी टीमे के खिलाड़ियों के खेल की प्रशंसा की व कहा कि वर्तमान समय में खेल के क्षेत्र में कैरियर बनाने के अपार संभवानएं है। पुरी लगन व मेहनत से प्रयाग करेंगे तो एक दिन जरूर सफल होंगे। उल्लेखनीय हो की अकेला दिल बाहर क्लब एकमहुआ के द्वारा पिछले 10 सालों से इस फुटबॉल टूनार्मेंट मैच का आयोजन किया जा रहा है। मौके पर बड़ी संख्या में दिल बाहर क्लब के सदस्य व खेल प्रेमी मौजूद थे।

## बीएलओ के साथ जिला उप निर्वाचन पदाधिकारी ने की बैठक


बैठक में मौजूद अधिकारी व बीएलओ।

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चंदवा।** प्रखंड मुख्यालय सभागार में जिला उप निर्वाचन पदाधिकारी मेरी मड़की ने बीएलओ के साथ बैठक की। बैठक में जिला उप निर्वाचन पदाधिकारी के साथ बीडीओ चंदन प्रसाद ने बूथ के अनुसार मृत, अनुपस्थित और शिफ्टेड मतदाताओं की संख्या के अनुसार वर्तमान समय तक भरे गए फार्म की जानकारी ली। जल्द से जल्द सभी संबंधित फार्म को भर कर कार्य को शत-प्रतिशत पूरा करने की बात कही। बैठक में मौजूद बीएलओ ने क्षेत्र भ्रमण और फार्म भरने में हो रही कठिनाईयों से पदाधिकारियों को अवगत कराया। बताया कि कई ऐसे मतदाता हैं जिनके घर में ताला बंद रहता है। ऐसे में उनका संबंधित फार्म कैसे भरा जाए? वैसे शिफ्टेड लोग जिनका आवास यहां हैं और उनकी वापसी संभव है उनका नाम भी कैसे हटा दिया जाएं? मृत व्यक्ति के घर के किसी सदस्य के नहीं रहने तथा उसके रिश्तेदारों द्वारा संबंधित फार्म पर हस्ताक्षर नहीं करने की स्थिति में भी समस्या उत्पन्न हो रही है। घर से काफी दूर रहनेवाले एक-एक व्यक्ति के घर कई बार जाने के बाद भी मुलाकात नहीं हो पा रही है। उनका काफी समय इसके कारण जाया हो जा रहा है। देर रात तक कार्य करने के बाद भी कार्य पूरा नहीं हो पा रहा है। कुछ लोगों ने यह भी कहा कि उनके द्वारा दिए गए आंकड़ों से मुख्यालय द्वारा दिया गया आंकड़ा भी मेल नहीं खा रहा।

## पहली बारिश ही नहीं झेल पाई करोड़ो की लागत से नवनिर्मित सड़क, आई दरारें

# सड़क की वर्तमान स्थिति खोल रही है गुणवत्ता की पोल

**बरवाडीह।** प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के तहत बरवाडीह प्रखण्ड के चुंगरू पंचायत अंतर्गत नावाडीह से अमवाटिकर तक कराए गए सड़क कालीकरण में गुणवत्ता की अनदेखी के कारण सड़क धसने और टूटने लगी है। पहली बरसात में ही एसएस कंस्ट्रक्शन कंपनी द्वारा किए गए कार्य का नमूना अभी से ही दिखने लगा है। कही तेज बारिश हुई तो सड़क पूरी तरह धंस न जाए यह डर ग्रामीणों को अभी से सताने लगा है। ग्रामीण निर्माण कार्य एजेंसी और विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल उठा रहें हैं। जहां बारिश के कारण मिट्टी धंसने से सड़क में दरार आ गई है। जानकारी के बाद भी जिले के वरीय अधिकारी अब तक सड़क के कटाव का जायजा लेने नहीं पहुंचे है। ग्रामीणों का कहना है कि अमवाटीकर में बनाए गए पुल के पास गार्डवाल होना चाहिए था गार्डवाल नहीं होने के कारण भरी हुई मिट्टी धसने लगी है। जिस कारण सड़क में दरार आ रही हैं, अगर जोरदार बारिश हुई तो सड़क पूरी तरह ढह भी सकता हैं। लोगों का कहना है कि आम लोगों के खून पसीने की कमाई से मिले टैक्स से विकास कार्य होते है।

## सावन के पहली सोमवारी को उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

**मनिका।** मनिका प्रखंड मुख्यालय स्थित भगवान शिव के मंदिरों में सावन महीने के पहली सोमवारी को पूजा अर्चना करने को लेकर काफी संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी रही। वहीं क्षेत्र के नामुदाग स्थित मानिकेश्वर मंदिर,शिव मंदिर सिंजो,शिव मंदिर दोमुहान समेत विभिन्न शिव मंदिरों में श्रद्धालुओं ने विधिवत रूप से शिवलिंग पर नारियल,पुष्प,बेल पत्र इत्यादि से पूजा-अर्चना कर दूध व जल से अभिषेक किया। इस अवसर पर भगवान शिव के मंदिर परिसर में घंटी,शंख व पुरोहित के मंत्र उच्चारण की ध्वनि से पूरा माहौल भक्तिमय बना रहा। वहीं पुरोहितों का माने तो सावन में शिव अभिषेक का विशेष महत्व है। पार्थिव शिवलिंग के पूजन से शिवजी का आशीर्वाद मिलता है। समुद्र मंथन में निकले विष का पान करने के बाद जलन को शांत करने के लिए शिवजी का जलाभिषेक किया गया था।

### एक नजर में

## बालूमाथ में गाय चोर सक्रिय, एक सप्ताह में एक दर्जन गाय की चोरी, सीसीटीवी कैमरा में कैद

**बालूमाथ।** बालूमाथ प्रखंड मुख्यालय में इन दिनों गाय चोर सक्रिय हो गया है। पिछले एक सप्ताह के अंदर लगभग एक दर्जन से ज्यादा गाय बैल की चोरी हो चुकी है। रविवार की रात्रि लगभग 12 :00 बजे दुर्गा मंडप के समीप रहने वाले अजय साव, गोविंद साव, एवं सुनील साव के गाय का चोरी लिया गया है। चोरी किए जाने की घटना दुर्गा मंडप के बगल में रहने वाले कैलाश साव के घर में लगे सीसीटीवी कैमरा में कैद हो गया। है जिसमें दो अज्ञात चोरों द्वारा गाय को रोटी देकर उसके गले में रस्सी बांधकर उसे ले जा रहे हैं। इससे पूर्व बड़का बालूमाथ निवासी उपेंद्र साव एवं महेंद्र भुईया का एक-एक गाय चोरी हो चुका है। जबकि बेसिक स्कूल के समीप रहने वाले सलिंद्र भुईया का दो गाय की चोरी हो चुकी है। जबकि चट्टी टोला निवासी अंकित कुमार एवं मनोज साब का एक-एक गए चोरी हो चुका है। कई पशुपालकों ने बालूमाथ थाना में आवेदन देख गाय चोरी की घटना पर अंकुश लगाते हुए चोर को पकड़ने की मांग की है। बालूमाथ थाना में आवेदन देने वालों में अजय साब, गोविंद साब, उपेंद्र साहू, अंकित कुमार समेत कई लोग शामिल है। इस संबंध में बालूमाथ थाना प्रभारी विक्रांत उपाध्याय ने कहा कि गाय चोरी की घटना का आवेदन आज से पहले बालूमाथ थाना में किसी के द्वारा नहीं दी गई थी। यही कारण है कि हम लोगों को चोरी की घटना की जानकारी नहीं मिल पाई थी। लोग अगर आवेदन देंगे तो निश्चित ही कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## मनिका प्रखंड निवासी व राजद के युवा नेता ने नवनिर्वाचित जिला अध्यक्ष से किया मुलाकात


बुके देते युवा नेता।

**मनिका।** मनिका प्रखंड मुख्यालय के बंदुआ पंचायत निवासी व राष्ट्रीय जनता दल के युवा नेता रूपेश कुमार यादव ने नवनिर्वाचित राष्ट्रीय जनता दल के युवा मोर्चा लातेहार जिला अध्यक्ष दीपक यादव से दिन सोमवार को शिष्टाचार मुलाकात किया और राजद युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष बनाए जाने पर उन्हें बुके देकर बधाई दिया। साथ ही लातेहार जिला में नेतृत्व को परिवर्तन कर दीपक यादव पर भरोसा जताने के लिए युवा झारखंड प्रदेश अध्यक्ष रंजन कुमार यादव का आभार व्यक्त किया।

## पीरामल फाउंडेशन ने फाईलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम को लेकर सखी मंडल की दीदियों को दिया प्रशिक्षण


प्रशिक्षण कार्यक्रम में शामिल दीदियां।

**चंदवा।** प्रखंड अंतर्गत सांसग पंचायत में सोमवार को पीरामल फाउंडेशन ने सासंग क्लस्टर के सखी मंडल की दीदियों को फाईलेरिया उन्मूलन को लेकर एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया। कार्यक्रम में दीदियों को आगामी 10 अगस्त से 25 अगस्त तक चलने वाली फाईलेरिया उन्मूलन के लिए जानकारी दी गयी। फाईलेरिया कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए एवं लोगों में जागरूकता के लिए स्वयं सहायता समूह की महिलाओं का अहम योगदान है। पीरामल फाउंडेशन के प्रोग्राम लिडर मो शमीम अख्तर ने फाईलेरिया रोग के बारे में बताया की संक्रमित मादा क्यूलेक्स मच्छर के काटे जाने से फाईलेरिया रोग से ग्रसीत हो जाते हैं। इस का लक्षण एवं प्रभाव पांच से सात वर्षों में दिखाई देता है। यह एक लाईलाज बीमारी है। जानकारी एवं जागरूकता से ही इस बीमारी से बचा जा सकता हैं। फाईलेरिया बीमारी के बारे में विस्तारपूर्वक उपस्थित समूह की महिलाओं को जानकारी दी गई। साथ ही यह भी बताया गया कि झारखंड के सभी 24 जिलों फाईलेरिया से प्रभावित हैं। फाईलेरिया रोग हाथीपाव के नाम से भी लोग जानते हैं। उपस्थित स्वयं सहायता समूह की महिलाओं ने कहा कि फाईलेरिया उन्मूलन के लिए हम सभी समूह की महिलाएं समुदाय स्तर में बैठक कर एवं प्रभात फेरी कर लोगों को जागरूक करने का काम करेंगे। प्रशिक्षण में एमपीडब्ल्यू विकाश रंजन सीएचओ प्रिया कुमारी, सीसी पूनम देवी,पीआरपी चिंकी लकड़ा,सीएलएफ संजीत उरांव, एलसीआरपी रेणु देवी एवं समूह की महिलाएं उपस्थित थी।

# श्रावण माह की पहली सोमवारी पर मंदिरों व शिवालयों में उमड़ी भिड़

**खबर मन्त्र संवाददाता**


भगवान शिव को जलाभिषेक के लिए जाते शिवभक्त।

**चंदवा।** हिन्दू आस्था का पवित्र श्रावण माह सोमवार से शुरू हो गया। श्रावण माह के पहले सोमवार पर चंदवा में शिव भक्त भगवान भोलेनाथ के भक्ति में लीन देखे गए। अहले सुबह से ही चंदवा के गुलायची बाबा मंदिर, बाबा विश्वनाथ मंदिर, महाकालेश्वर मंदिर, शिव मंदिर आन, शिव मंदिर थाना टोली, ब्लॉक कालोनी, हिसरी, शिव मंदिर बोरसीदाग समेत प्रखण्ड के विभिन्न मंदिरों में शिव भक्तों की भारी भीड़ देखने को मिली व देर शाम तक मंदिरों व शिवालयों में शिव भक्तों की भिंड लगी रही। इस दौरान सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालुओं ने देवनद दामोदर तट से जल ग्रहण कर विभिन्न मंदिरों व शिवालयों में जलाभिषेक किया। इस दौरान हर हर महादेव व बोल बम के नारे से मंदिर व शिवालय गुंजायमान रहे। देर शाम चंदवा के महाकाल मंदिर रूद्राभिषेक भी किया गय इसके अलावे संध्या बेला में कई मंदिर व शिवालय में भजन कीर्तन कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया।

## सावन के पहला सोमवारी के मौके पर कलश यात्रियों को किया गया रवाना

**खबर मन्त्र संवाददाता**


कलश यात्रियों को रवाना करते प्रेम सिंह।

**बेतला।** हर वर्ष के भांति इस वर्ष भी सावन चढ़ते ही सभी शिवालियों में सुबह से ही पूजा अर्चना की भीड़ लगने लगी, इस वर्ष सावन के पहला सोमवारी के मौके पर कुटमु चौक स्थित शिव मंदिर सरईडिह शिव मंदिर समेत आसपास के सभी शिवालियों में सुबह से ही पूजा अर्चना कर जलाभिषेक किया जा रहा है, इस दौरान कुटमु शिव मंदिर परिसर से गाजे बाजे के साथ हर वर्ष के भांति इस वर्ष भी जल यात्रा निकल गई, जो केचकी औरंगाबाद कोयल संगम से पवित्र जल ला कर भगवान भोलेनाथ पर जलाभिषेक किया, मौके पर मनिका विधायक रामचंद्र सिंह के विधायक प्रतिनिधि प्रेम सिंह उर्फ पिंटू, बेतला मुखिया मंजू देवी,पूर्व मुखिया संजय सिंह, समेत कई लोगों ने श्रद्धालुओं को कलश देकर जल यात्रा के लिए रवाना किया, इस दौरान विधायक प्रतिनिधि प्रेम सिंह ने कहा कि भगवान भोलेनाथ की जलाभिषेक और पूजा अर्चना करने से भक्तों को सभी मनोकामना पूर्ण होती है, विशेष कर सावन मास में सोमवार के दिन भगवान भोलेनाथ के पूजा अर्चना का विशेष महत्व है, इसके साथ ही शाम में महा आरती व सिंगर पूजा शिव मंदिर में किया जाएगा।

# कब जुड़ेंगी नदियां!

राष्ट्रीय महत्व की केन-बेतवा नदियों को जोड़ने वाली परियोजना को मंजूरी मिली है लेकिन इस पर काम धीमा है। इसे ऐतिहासिक बताते हुए प्रधानमंत्री ने इस परियोजना को समूचे बुंदेलखंड के सुनहरी भविष्य की भाग्यरेखा बताया। निस्संदेह इस परियोजना के अस्तित्व में आने से जहां लाखों हेक्टेयर में सिंचाई हो सकेगी, वहीं प्यासे बुंदेलखंड की प्यास भी बुझेगी। जहां प्रगति के द्वार खुलेंगे, वहीं क्षेत्र से लोगों का पलायन रुकेगा, जो आने वाली पीढ़ियों की दुश्वारियों का अंत करेगी। समाज व सरकार की सक्रिय भागीदारी योजना के क्रियान्वयन में तेजी लायेगी। इस परियोजना से जहां दोनों राज्यों के अंतर्गत आने वाले बुंदेलखंड के 10.62 हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई संभव होगी, वहीं 62 लाख घरों को पेयजल उपलब्ध कराया जा सकेगा। आने वाले समय में मौसम परिवर्तन को ध्यान में रखकर हमारी जल समृद्धि को और अधिक बढ़ाना आवश्यक होगा। यूपीए सरकार के दौरान 2005 में उत्तर प्रदेश व मध्यप्रदेश में समझौता हुआ था। जल शक्ति मंत्रालय की कोशिश है कि जलवहन प्रणाली के माध्यम से मानसून अवधि में जल का संग्रहण करके गैर मानसून अवधि में पानी का उपयोग किया जा सके। देश की आजादी के सात दशक बाद भी हम हर व्यक्ति तक पेयजल नहीं पहुंचा सके। राज्य सरकारों की प्राथमिकता में जल संसाधनों का संरक्षण व संवर्धन शामिल ही नहीं रहा है। जल अपव्यय रोकने और कुशल जल प्रबंधन में कामयाब नहीं रहे हैं। यही वजह है कि देश में जल संग्रहण के परंपरागत स्रोत खात्मे की कगार पर हैं। झारखंड भी एक पठारी राज्य है यहां भी सोन, गंगा, दामोदर, स्वर्णरेखा , कोयल, खरकई सहित सैकड़ों नदियां जिनका उपयोग अधिक से अधिक हो और बरसात में इनके जल का संरक्षण हो इस दिशा में ठोस कार्य करने की जरूरत है।

# शराबबंदी पर विमर्श

सवाल है कि इसके नियमन और निगरानी की जिम्मेदारी किसकी थी? अब लोगों की जान जाने की घटना के तूल पकड़ने के बाद एक रस्मी कार्रवाई के तहत कुछ पुलिसकर्मियों को निलंबित करके सरकार की ओर से सख्ती बरतने का संदेश दिया गया है। लेकिन नाहक लोगों के मारे जाने के बाद इस तरह की औपचारिक कार्रवाइयां क्या ऐसी घटनाओं पर पूरी तरह रोक लगाने के लिए काफी हैं? ऐसा नहीं है कि इस तरह की यह कोई पहली घटना है जिसमें लोगों ने विषाक्त शराब पी ली हो और उसमें कई परिवारों पर दुख का पहाड़ गिर गया।आखिर ऐसा पुलिस और प्रशासन के संबंधित और जिम्मेदार अधिकारियों की लापरवाही या मिलीभगत के बिना कैसे संभव हो सकता है?अफसोस की बात यह है कि देश भर में जहरीली शराब से मौत की घटनाएं आज एक गंभीर समस्या बन चुकी है, जो महज इसलिए हो रही हैं कि कुछ लोग बेलगाम मुनाफा कमाना चाहते हैं और इसके नियमन और रोकथाम के लिए जिम्मेदार प्रशासनिक अधिकारी या पुलिस महकमे के अफसर किसी सौदेबाजी या फिर लापरवाही के चलते अपनी आंखें मूंदे रहते हैं। अंदाजा इससे लगाया जा सकता है कि देश के जिन राज्यों में शराब पर कानूनन पाबंदी है, वहां भी विषाक्त शराब पीकर लोगों की मरने की घटनाएं अक्सर सामने आती हैं। आखिर यह सब किसकी अनदेखी और किसके संरक्षण में चलता है? कायदे से देखें तो किसी भी कोने में कोई छोटा कारोबार करने वाला भी पुलिस और प्रशासन की निगरानी की जद में होता है। जरूरत पड़ने पर पुलिस कहीं भी छिपे आरोपियों या अपराधियों को खोज निकालती है। आखिर बिहार हो या गुजरात जिन राज्यों में प्रतिबंध हैं वहां भी शराब आसानी से मिलती है, बिकती है और इन्हें संरक्षण भी प्राप्त है। शराब की नियंत्रित बिक्री और पूर्ण प्रतिबंध पर विमर्श जरूरी है।

# हर वर्ष जनजाति गौरव दिवस एक बड़ी सोच



**भगवान** बिरसा मुंडा की जयंती पर (15 नवंबर) केंद्र सरकार के द्वारा ₹राष्ट्रीय जनजाति गौरव दिवस की घोषणा करना एक ऐतिहासिक कदम है। केंद्र सरकार की यह घोषणा बिरसा मुंडा ,उनके संघर्षों ,संपूर्ण जनजाति समाज और झारखंड को एक वैश्विक पहचान दी है। ब्रिटिश हुकूमत के द्वारा जंगल, जमीन ,आदिवासियों की पहचान,और उनके धर्म ,संस्कृति पर किए जा रहे हमले और शोषण का सर्वांगीण विश्लेषण कर एक संपूर्ण समझदारी बनाकर उसका नेतृत्व कोई असाधारण व्यक्तित्व ही कर सकता था। और वह था बिरसा मुंडा । जिन्होंने अंग्रेजो के खिलाफ संघर्ष का बिगुल फूंका था।

ब्रिटिश काल में सारंडा और पोरहाट के जंगलों का दोहन जबरदस्त तरीके से शुरू हुआ था, जो जंगल आदिवासियों का रहवास था। यानि रहने की जगह। जबरन आदिवासियों से जंगल की लकड़ी कटवाने का काम किया जा रहा था ।उसके बाद ब्रिटिश शासन की नजर जमीन पर पड़ी । जमीनों पर विभिन्न तरह का लगान लगा कर आदिवासी समाज पर नियंत्रण करने व उनकी स्वयत्तता पर हमला बोला गया। और उसके बाद आदिवासियों की धार्मिक परंपरा और संस्कृति पर भी हमले के रूप में बड़े पैमाने पर धर्मांतरण कराके ईसाईकरण किया जाने लगा।

बिरसा मुंडा का परिवार भी ईसाई करण का शिकार हुआ था। बिरसा मुंडा के पिता सुगना मुंडा भी ईसाई बनने के बाद मसीहदास और बिरसा का दाऊद मुंडा नामकरण किया गया था। बिरसा को दाऊद बिरसा भी कहा जाता था।

धर्मांतरण के खिलाफ बिरसा मुंडा के संघर्षों पर एक नजर डालते हैं। ब्रिटिश काल के 1885-90 के बीच तोरपा क्षेत्र में फादर लीवेन्स के समय, 15000 मुंडा आदिवासियों के नाम ईसाई धर्म अपनाने वालों में अंकित किए गए। लेकिन बिरसा मुंडा के धर्मांतरण के खिलाफ संघर्ष ने कुछ को छोड़कर सभी को पुनः घर वापसी करा दिया गया था। लेकिन लगातार विभिन्न तरह के लोभ और भय दिखाकर मिशन द्वारा धर्मांतरण का कार्य जारी रखा गया जो 1922 तक रोमन कैथोलिक धर्म अपनाने वाले मुंडा आदिवासियों की संख्या 30000 तक पहुंच गई थी ।

1886 में दाऊद बिरसा चाईबासा के जर्मन ईसाई मिशन द्वारा चलाए जाने वाले उच्च प्राथमिक विद्यालय में दाखिला लेता है ।1886 से 90 तक इस स्कूल में रहते हुए दाऊद बिरसा ईसाईकरण की साजिश को समझ पाया।इसी बीच एक दिन चाईबासा मिशन में उपदेश देते हुए डॉक्टर नोट्रॉट ने वायदा किया था कि यदि लोग ईसाई बने रहेंगे और उनके अनुदेशों का पालन करते रहेंगे तो वे उन लोगों की छीनी हुई जमीन वापस करा देंगे। बाद में उसके वायदा खिलाफी पर बिरसा ने डॉक्टर नोट्रॉट और मिशनरियों की बहुत ही तीखी शब्दों में आलोचना की थी। और बिरसा ने आवाज बुलंद किया था, ₹साहब- साहब एक टोपी हैं ।₹और यहीं से ईसाई धर्म की सदस्यता छोड़कर दाऊद बिरसा फिर बिरसा मुंडा बन गए ।



**-सुनीता सिंह**

> अपना धर्म और अपना राज्य वापस लेने के लिए बिरसा का विद्रोह उग्रता पूर्ण था।बिरसा उलगुलान के पहले चरण का पहला दिन है 24 दिसंबर 1899। उसदिन थाना और चर्चो पर एक साथ हमला किया गया।और उसके बाद लगातार तीरों और आगलगी से चर्चों पर हमला जारी रहा।इस दौरान बिरसा-अनुयायी जोर-जोर से नारे लगाते थे - ₹हेंडे राम्बरे केचे -केचे, पुण्डी राम्बरे केचे-केचे। (काले ईसाईयों और गोरे ईसाइयों के सर काट दो)।

बिरसा मुंडा अपने भाषणों में मुंडाओं का खोया राज और अपना धर्म को वापस लाने की बात करते थे ।अपना धर्म और अपना राज वापस लेने के लिए बिरसा का विद्रोह उग्रता पूर्ण था।बिरसा उलगुलान के पहले चरण का पहला दिन है 24 दिसंबर 1899। उसदिन थाना और चर्चो पर एक साथ हमला किया गया।और उसके बाद लगातार तीरों और आगलगी से चर्चों पर हमला जारी रहा।इस दौरान बिरसा-अनुयायी जोर-जोर से नारे लगाते थे - हेंडे राम्बरे केचे -केचे, पुण्डी राम्बरे केचे-केचे। (काले ईसाईयों और गोरे ईसाइयों के सर काट दो)।इस तरह से देखा जाए तो बिरसा मुंडा का आंदोलन ब्रिटिश सरकार के खिलाफ अपना राज वापस लाने और अपना धर्म को बचाने की लड़ाई हमेशा साथ साथ चली।

ब्रिटिश शासन में आदिवासियों को जंगल जमीन से बेदखली किया गया और बड़े पैमाने पर देश और दुनिया के स्तर पर उन्हें मजदूर बनाकर पलायन किया गया।

आजादी के बाद नेहरू से लेकर मनमोहन सिंह तक के शासन में जनजातीय समाज को उनके संपूर्ण विकास से न सिर्फ वंचित रखा गया बल्कि उनके जीवन को और भी कठिन और दुष्कर बना दिया गया ।कांग्रेसी शासन ने 70 सालों तक ब्रिटिश हुकूमत से भी ज्यादा बलपूर्वक तरीके से लाखों हेक्टेयर जमीन और लाखों हेक्टेयर जंगल को विकास के नाम पर छीन लिया । और यह सब ब्रिटिश कानून को ही आधार बनाकर किया गया।सारंडा और पोरहाट के संपूर्ण आदिवासी समाज और जनजाति समाज की दुर्गति के लिए कांग्रेस को जिम्मेदारी लेनी होगी। कांग्रेसी हुकूमत के द्वारा आदिवासी समाज के साथ ऐतिहासिक अन्याय हुआ है ,इसका जवाब कांग्रेस को देना होगा। इस ऐतिहासिक अन्याय को जनजातीय समाज के वर्तमान अगुआ को गहराई से अध्ययन करने की जरूरत है ।इस अन्याय को छुपाने के लिए चर्च और उस से संचालित संस्थाएं ,गैर सरकारी संस्थाएं ,जो विदेशों के पैसे से चलती है ,सब मिलकर उल्टा मोदी सरकार के खिलाफ माहौल बनाने की कोशिश करते रहते हैं। लेकिन सच्चाई यह है कि अटल बिहारी जी के नेतृत्व में भाजपा सरकार ने झारखंड राज्य का गठन कर वर्षों से आंदोलित झारखंडी जनता के सपनों को पूरा किया था ।वर्तमान की मोदी सरकार राष्ट्रीय स्तर पर जनजाति समाज के लिए अनगिनत योजनाएं लाई है।

2015 के खनन कानून में बदलाव लाकर जिला खनन फाउंडेशन ट्रस्ट बनाकर खनिज से प्राप्त लाभ का अंश जिला में खनिज प्रभावित समुदाय को सीधा देने की योजना बनाई गई है ।इसके लिए प्रधानमंत्री खनिज क्षेत्र कल्याण योजना के तहत सभी राज्यों को निर्देश भी दिया गया ।

वर्तमान की मोदी सरकार जनजाति समाज की पहचान ,अस्मिता, संस्कृति और उनके परंपराओं को संरक्षित और उनके विकास के लिए प्रतिज्ञाबद्ध है।

(लेखिका प्रदेश कार्यसमिति भाजपा, झारखंड राज्य की सदस्य हैं।)

## खास बात

### बेहाल मजदूर

**नागेन्द्र सिंह**

**किसी** भी समाज, देश संस्था और उद्योग में काम करने वाले श्रमिकों की अहमियत किसी से भी कम नहीं आंकी जा सकती। इनके श्रम के बिना औद्योगिक ढांचे के खड़े होने की कल्पना नहीं की जा सकती। दिहाड़ीदार मजदूर की गतिविधियों या डेटा के संग्रह को किसी कानूनी प्रावधान के तहत संजोकर नहीं रखा जाता है मतलब ये की सरकार इनका खाता नहीं रखती है। इन दिहाड़ीदार मजदूरो/अनौपचारिक / असंगठित क्षेत्र का जीडीपी और रोजगार में योगदान के मामले में भारतीय अर्थव्यवस्था में प्रमुख स्थान है। देश के कुल श्रमिकों में से, शहरी क्षेत्रों में लगभग 72 प्रतिशत दिहाड़ीदार/अनौपचारिक क्षेत्र में लगे हुए हैं।

शहरी विकास में दिहाड़ीदार/अनौपचारिक क्षेत्र का महत्व बहुत ज्यादा है. भारत के आर्थिक सर्वेक्षण के अनुसार लगभग 500 मिलियन श्रमिकों के भारत के कुल कार्यबल का लगभग 90% अनौपचारिक क्षेत्र में लगा हुआ है। यही नहीं प्रवासी दिहाड़ीदार मजदूर न केवल आधुनिक भारत, बल्कि आधुनिक सिंगापुर, आधुनिक दुबई और हर आधुनिक देश का निमार्ता है जो आधुनिकता की ग्लैमर सूची में खुद को ढालता है। भारत में शहरी अर्थव्यवस्था विकासशील अर्थव्यवस्थाओं के अनुरूप है, जो अनौपचारिक श्रमिकों दिहाड़ीदार मजदूरों और असंगठित क्षेत्र द्वारा लाइ गई है। आधुनिक अर्थव्यवस्था के पहियों को चालू रखने के लिए फ्रंट-एंड इंडिया को दैनिक जरूरत का समर्थन प्रदान करता है। फैक्ट्रियां, औद्योगिक इकाइयां, होटल, रेस्तरां और कई अन्य प्रतिष्ठान, भले ही बड़े नाम और उनके प्रसिद्ध संचालकों के बावजूद ऐसे श्रमिकों या दिहाड़ीदारों पर निर्भर करते हैं। ये अलग-अलग कार्यों के लिए आते हैं। उबर और ओला ड्राइवर,राजमिस्त्री, बढ़ई, फूड डिलीवरी बॉय, पेंटर, प्लम्बर और कई अन्य हैं। प्रवासन आय में सुधार, कौशल विकास, और स्वास्थ्य सेवा और शिक्षा जैसी सेवाओं तक अधिक पहुंच प्रदान करने जैसे कार्यों में मदद कर सकता है। इसके बावजूद ये दिहाड़ीदार बहुत सी समस्यों से घिरे हुए है। (केसीसी से जुड़ें हैं।)

# खर-दूषण वध

## धर्म-प्रवाह

**स्वामी सत्यांनदजी परमहंस**

**श्री राम** ने लक्ष्मण से कहा आप सीता को लेकर गुफा में चले जाए। और गुफा के मुहाने पर धनुष बाण लेकर खड़ा हो जाए। राक्षण दूर नजर आये तो वाण से मार दें और नजदीक आये तो तलवार से मौत की घाट उतार दीजिए शेष मैं देखता हूं। ऐसा कहकर राम ऊंची टीला पर चढ़ गये। उन्होंने देखा कि आगे-आगे शूर्पनेखा है और उसके पीछे खर-दूषण सहित पूरी सेना चली आ रही है। दूर से ही शर्पूनेखा ने दिखायी कि वे देखों जो टीला पर खड़ा है वही बड़ा है। राम ने देखा कि वे दस हजार की संख्या में है मैं किसको-किसको बाण मारूंगा तब तक वे यहां भी आ सकते हैं। हो सकता है निसाचर लोग सीता तक चली जाए। इसलिये उन्होंने गंदर्भ विद्या का प्रयोग किया। इसके प्रभाव से राक्षसी सेना को एक दूसरे में ही राम दिखने लगे और उनकी आंख की पुतलियों में राम की तस्वीर आ गयी। इसका परिणाम यह हुआ कि राक्षस गण एक दूसरे को ही मारने लगे। थोड़ी ही देर में एक दूसरे को मारकर दस हजार सैनिक मारे गये। खर-दूषण पर इस जादू का असर नहीं हुआथा। उसने कहा कि अरे इसने तो जादू का खेल खेला। लेकिन तुम्हारे जादू के खेल से हमलोग नहीं मरने और डरने वाले हैं। तुमको असली लड़ाई लड़नी पड़ेंगी। इसके पहले वो कुछ कर पाते राम ने दोनों का वध कर दिया। अलग टीले पर बैठकर शूर्पणखा सब कुछ देख रही थी। इतना देखने के बाद वो सीधे लंका गयी और रावण से डांटकर पूछा- तुम क्या करते हो?

ब्रह्म विद्यालय सह आश्रम

## कॉर्टून वर्ल्ड

यह कैसा खेल...



## लेटर टू एडिटर

### संकट और शिक्षा

**वर्तमान** में शिक्षा की दशा और दिशा ने ध्यान आकर्षित किया। देश में यदि कोरोना केस लाखों में है तो अभिभावक की नजर से सरकार के इस फैसले का स्वागत नहीं किया जा सकता। इसमें स्वैच्छिक विकल्प और अनुमति का प्रश्न ही नहीं उठता। लेकिन इस बात की क्या गारंटी है कि बच्चे और स्कूल, नियमों के पालन में लापरवाही नहीं करेंगे? इस बात पर ध्यान दें सरकार। **-मनोज, चांडिल**

### विस्तार मिले

**हिन्दी** एकमात्र ऐसी भाषा है जो संपूर्ण देश को एक सूत्र में जोड़ने का काम कर सकती है। भारतीय संस्कृति की आत्मा एवं संस्कारों का प्रतिबिंब तथा राष्ट्रीय एकता का प्रतीक है। हिंदी को अधिक शक्तिशाली बनाने की आवश्यकता है। हिंदी को साहित्य, संस्कार एवं संस्कृति के अतिरिक्त शोध, अनुसंधान, ज्ञान-विज्ञान, जनसंचार, प्रौद्योगिकी तथा रोजगार से भी जोड़ने की आवश्यकता है।

**-आवंतिका, रांची**

महिलाओं को बंधन में रखने की इच्छा रखने वालों को महिलाओं की तरफ से
जवाब-बांधने मुझे तो आया है,
जंजीर बड़ी क्या लाया है?
यदि मुझे बांधना चाहे मन,
पहले तो बांध अनन्त गगन।
सूने को साध न सकता है,
वह मुझे बांध कब सकता है?

**-अंबा प्रसाद, विधायक**

## आपके ट्वीट

**अरण्य** अनेक सभ्यता संस्कृति व लोकोपकारी वृत्तियों के जनक हैं ।रामायणमहाभारत,वैदिक ऋचाओं और उपनिषदों का उद्गम अरण्यों में ही हुआ है! अतः जैव जगत के अभ्युत्थान हेतु वन-उपवनों का अभिरक्षण हो !

**-स्वामी अवधेशानंद गिरी**





दिल्ली के भाजपा मुख्यालय में आयोजित स्नेह मिलन कार्यक्रम में शामिल होने का सौभाग्य मिला। यहां अपने कर्मठ और कर्तव्यनिष्ठ कार्यकताओं और पार्टी दफ्तर में सेवारत साथियों से संवाद ने नई ऊर्जा और उत्साह से भर दिया। **- नरेन्द्र मोदी**

# कृषि के विकास के लिये राज्यों को विश्वास में लिया जाए

**जीवीएस शास्त्री**

कृषि कानूनों की वापसी के बाद कृषि क्षेत्र में आगे बढ़ें। इसका सबसे अच्छा तरीका यही होगा कि राज्य सरकारों को नेतृत्व करने दिया जाए। इससे पहले भी केंद्र राज्यों को अलग-अलग स्तर की सफलता के साथ अपने कृषि विपणन कानूनों में सुधार के लिए प्रोत्साहित करने के लिए बार-बार प्रयास कर चुका है। जहां तक किसानों को लाभकारी मूल्य उपलब्ध कराने की बात है, इसके लिए कई तरह के उपाय अपनाने होंगे। ऐसे उपायों के तहत सरकारी खरीद का जारी रहना इसका एक हिस्सा हो सकता है। इसके साथ-साथ सरकार सहकारिता या किसान उत्पादकों को मूल्य श्रृंखला में भागीदारी के लिए भी प्रेरित कर सकती है। 23 नवंबर को लोकसभा बुलेटिन में तीन नए कृषि कानूनों को रद करने के लिए संसद के शीतकालीन सत्र में विधेयक प्रस्तुत किए जाने हेतु 'द फार्म लाज रिपील बिल, 2021' सूचीबद्ध किया गया है। इस विधेयक को 29 नवंबर से शुरू हो रहे शीत सत्र के पहले दिन ही पेश करने की तैयारी है। 19 नवंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुपर्व के पवित्र दिन राष्ट्र के नाम संबोधन में तीनों कृषि कानूनों की वापसी का ऐलान किया। उन्होंने देशवासियों से क्षमा मांगते हुए कहा कि शायद हमारी तपस्या में ही कोई कमी रह गई होगी, जिसके कारण दिए के प्रकाश जैसा सत्य, कुछ किसान भाइयों को हम समझा नहीं पाए। तीनों कानूनों को वापस लेने के ऐलान के बाद भी आंदोलन न खत्म करते हुए आंदोलनकारी किसानों ने 22 नवंबर को लखनऊ में महापंचायत करके सरकार के सामने आंदोलन समाप्त करने के लिए कई मांगें रख दी। इनमें न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) को लेकर कानूनी गारंटी, बिजली संशोधन बिल वापसी, पराली जलाने पर जुमार्ने के प्रावधानों को समाप्त करना आदि शामिल हैं। वस्तुतः किसान नेता अब जिन नई मांगों को लेकर सामने आए हैं। वे अव्यावहारिक हैं। निश्चित रूप से प्रधानमंत्री की यह पहल स्वागत योग्य है कि उन्होंने कृषि कानूनों को अहं का मुद्दा नहीं बनाया और उन्होंने किसानों के साथ सहानुभूति जताते हुए तीन कृषि कानूनों को निरस्त करने की घोषणा की है। कृषि कानूनों को निरस्त करने के फैसले से कृषि के क्षेत्र में देशी-विदेशी निवेश और कारोबार व बाजार पर कितना प्रतिकूल असर पड़ेगा, बीएसई सेसेक्स 1170 अंक टूटकर 58465 के स्तर पर आ गया। यह बाजार में सात महीने की सबसे बड़ी गिरावट है। इस समय कृषि कानूनों की वापसी के बाद देश में कृषि एवं ग्रामीण विकास की मजबूती के साथ-साथ किसानों की आय बढ़ाने के कई महत्वपूर्ण रणनीतिक आधार उभरकर दिखाई दे रहे हैं।

## सामयिक

यह बात महत्वपूर्ण है कि प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में कृषि को प्रभावी बनाने, विकास की नई रणनीति और जीरो बजट खेती की तरफ प्रभावी कदम बनाने के लिए एक कमिटी के गठन का फैसला भी घोषित किया है। उन्होंने जैविक खेती को बढ़ावा देने, देश की बदलती आवश्यकताओं को ध्यान में रखकर क्रॉप पैटर्न के वैज्ञानिक तरीके, एमएसपी को और अधिक प्रभावी और पारदर्शी बनाने जैसे विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर भविष्य को ध्यान में रखते हुए नई कमेटी के द्वारा प्रभावी निर्णय लिए जाने की बात कही। निसंदेह कृषि संबंधी मसलों के समाधान के लिए समिति बनाने के सरकार के फैसले से किसानों की मुश्किलों को दूर करने में मदद मिलेगी।

इससे सरकार को किसानों की आय के स्तर को बढ़ाने के लिए पर्याप्त कृषि नीति बनाने में मदद मिलेगी। ! सरकार ने स्पष्ट कर दिया है कि किसानों की फसल का अच्छा मूल्य देंगे। सरकारी खरीद की प्रक्रिया जारी रहेगी, लेकिन किसान संगठन कानूनी गारंटी की मांग कर रहे हैं।

# आधुनिक भारत का समावेशी संविधान

## संविधान

**डॉ अजय**


आधुनिक भारत का समावेशी संविधान मूल संविधान में सुविख्यात चित्रकार नन्दलाल बोस की कूची से बनाये हुए कुल 22 चित्र नजर आते हैं। इन चित्रों में मोहनजोदड़ो, वैदिक काल के गुरुकुल, प्रभु राम की विजय, गीता का उपदेश देते श्री कृष्ण, भगवान बुद्ध, भगवान महावीर,सम्राट अशोक, विक्रमादित्य का दरबार, नालंदा विश्वविद्यालय, उड़िया मूर्तिकला, नटराज की प्रतिमा, अकबर का दरबार, शिवाजी और गुरु गोविंद सिंह , टीपू सुल्तान और महारानी लक्ष्मीबाई,गांधी का दांडी मार्च,बोस, हिमालय, रेगिस्तान व महासागर का दृश्य है। इन चित्रों के आधार पर ही हम समझ सकते हैं कि संविधान निमार्ताओं के मन और मस्तिष्क में कैसे आदर्श समावेशी आधुनिक भारतीय समाज की परिकल्पना रही होगी। आज 26 नवंबर के दिन वर्ष 1949 में हमारा संविधान बनकर तैयार हुआ था। आज 72 बर्ष बाद हमारा संविधान क्या अपनी उस मौलिक प्रतिबद्धता की ओर उन्मुख हो रहा है जिसे इसके रचनाकारों ने भारतीयता के प्रधानतत्व को आगे रखकर बनाया था। आज इस सवाल को सेक्यूलरिज्म और आधुनिकता के आलोक में विश्लेषित किये जाने की आवश्यकता है क्योंकि मूल संविधान की इबारत में यह अवधारणा कहीं थी ही नहीं। इसे तो 1976 में प्रस्तावना में जोड़ा गया है। दलित वर्ग को यह भय अक्सर दिखाया जाता रहा है कि कतिपय मनुवादी मानसिकता आरक्षण को खत्म कर बाबा साहब के बनाये संविधान को बदलना चाहती है लेकिन कभी इस प्रश्न को नहीं उठाया जाता कि मूल संविधान के साथ बुनियादी छेड़छाड़ क्यों और किस मानसिकता के साथ की गई है? आज इस बात पर संवाद होना ही चाहिये कि क्या मौलिक रूप से भारत का संविधान उस सनातन जीवन दृष्टि से शासन और राजनीति को दूर रहने की हिदायत देता है क्या? जिसको आधार बनाकर पिछले 75 वर्षों में इस देश की संसदीय राजनीति और प्रशासन को परिचालित किया जा रहा है। अगर हम मूल संविधान की प्रति उठाकर पन्नों को पलटते हैं तो हमें उसके अंदर सुविख्यात चित्रकार नन्दलाल बोस की कूची से बनाये हुए कुल 22 चित्र नजर आते हैं। इन चित्रों के आधार पर ही हम समझ सकते हैं कि हमारे संविधान निमार्ताओं के मन और मस्तिष्क में कैसे आदर्श भारतीय समाज की परिकल्पना रही होगी। इन चित्रों की शुरूआत मोहनजोदड़ो से होती है और फिर वैदिक काल के गुरुकुल, महाकाव्य काल के रामायण में लंका पर प्रभु राम की विजय, गीता का उपदेश देते श्री कृष्ण, भगवान बुद्ध, भगवान महावीर,सम्राट अशोक द्वारा बौद्ध धर्म का प्रचार (मौर्य काल), गुप्त वंश की कला, जिसमें हनुमानजी का दृश्य है, विक्रमादित्य का दरबार, नालंदा विश्वविद्यालय, उड़िया मूर्तिकला, नटराज की प्रतिमा, भागीरथ की तपस्या से गंगा का अवतरण, मुगलकाल में अकबर का दरबार, शिवाजी और गुरु गोविंद सिंह , टीपू सुल्तान और महारानी लक्ष्मीबाई,गांधी जी का दांडी मार्च, नोआखली में दंगा पीड़ितों के बीच गांधी,नेताजी सुभाषचंद्र बोस, हिमालय का दृश्य, रेगिस्तान का दृश्य, महासागर का दृश्य शामिल हैं। इन 22 चित्रों के जरिये भारत की महान समावेशी परम्परा की कहानी बयां की गई है। इनमें राम कृष्ण, हनुमान, बुद्ध, महावीर, विक्रमादित्य, अकबर,टीपू सुल्तान, लक्ष्मीबाई, गांधी, सुभाष क्यों है? क्या केवल संविधान की किताब को कलात्मक कलेवर देने के लिये? ऐसा बिल्कुल नहीं है। असल में यह चित्र भारत के लोकाचार और मूल्यों का प्रतिनिधित्व देने के लिये नन्दलाल बोस से बनबाये गए । यही चित्र संविधान की इबारत के जरिये शासन और सियासत के अभीष्ट निर्धारित किये गए थे। इसका बहुत ही सीधा और सरल जबाब यही है कि ये सभी चित्र भारत के महान सांस्कृतिक जीवन और विरासत के ठोस आधार हैं। ये सभी चित्र भारत की अस्मिता के प्रामाणिक दस्तावेज हैं, जिनके साथ हर भारतवासी एक तरह के रागात्मक अनुराग जन्मना महसूस करता है। राम, कृष्ण, हनुमान, गीता, बुद्ध, महावीर, नालंदा, गुरु गोविंद असल में हजारों साल से भारतीय लोकजीवन के दिग्दर्शक हैं। भारत की आधुनिकता और विकास की यात्रा इन जीवनमूल्यों के आलोक में ही थी।

## अवैध खनन और परिवहन के खिलाफ करें सख्त कारवाई के निर्देश

# बालू और कोयला ढुलाई वाले वाहनों की गहनता से करें जांच: उपायुक्त

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**हजारीबाग।** उपायुक्त नैंसी सहाय की अध्यक्षता में आज सोमवार को समाहरणालय सभागार में माइनिंग टास्क फोर्स की समीक्षा बैठक की। बैठक में उपायुक्त ने कहा की खनन विभाग की समीक्षा प्रत्येक माह की जाती है इसलिए यह आवश्यक है की सभी अधिकारी गंभीरता पूर्वक कार्यों को अंजाम दे। राज्य स्तर पर खनन विभाग की गहन और गंभीरता से समीक्षा की जाती है, इसलिए तत्काल प्रभाव से अवैध खनन, कोयला और बालू उठाव के मामलों पर प्रभावी कारवाई सुनिश्चित करें। उन्होंने एनजीटी के तहत निहित प्रावधानों के अनुरूप अंचल व अनुमंडल स्तर पर उक्त वाहनों के परिचालन पर सख्ती से निगरानी रखने के निर्देश दिए। जिला में कूल 9 चेकपोस्ट संचालित है ताकि किसी भी क्षेत्र से हो रही अवैध बालू और कोयले की ढुलाई पर नकेल कसी जा सके इसलिए यह आवश्यक है कि चेकपोस्ट पर सख्त निगरानी की जाए। उन्होंने सभी संबंधित पदाधिकारियों को उनके क्षेत्रों में हो रहे बालू और कोयले के अवैध परिवहन पर रोक लगाने की चेतावनी देते हुए अंकुश लगाने का कड़ा निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि अवैध माइनिंग करने वाले लोगों पर कार्रवाई करना सुनिश्चित करें। सघन चेकिंग अभियान चलाने के साथ साथ पुलिस और जिला प्रशासन के संबंधित विभागों को खनन, वन, परिवहन, प्रदूषण, कारखाना विभागों के एक्ट के तहत समेकित कार्रवाई करने का निर्देश दिया। अवैध खनन, परिवहन में संलिप्त वाहनों, माफियाओ पर हर सुसंगत धाराओं के तहत कारवाई करें। उन्होंने जिला परिवहन पदाधिकारी को नियमित रूप से अवैध परिवहन के विरुद्ध जांच अभियान चलाने एवं नियमानुसार कार्रवाई करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने जिले के बंद पड़े खदानों में अवैध माइनिंग पर सख्ती से कारवाई का निर्देश दिया। उन्होंने एनजीटी के गाइडलाइन का गंभीरता से पालन करने तथा लगातार पुलिस अधिकारी को अपने क्षेत्र का निरीक्षण करने का निर्देश दिया। उन्होंने अवैध बालू एवं कोयले के परिचालन में सख्ती से नियमित कारवाई करने का निर्देश दिया।बैठक में अनुमंडल पदाधिकारी शैलेश कुमार,जिला खनन पदाधिकारी अजीत कुमार, डीटीओ बैद्यनाथ कामती, एसडीपीओ, डीएसपी, सभी अंचलाधिकारी, सभी पुलिस अधिकारी उपस्थित थे।



मौके पर उपस्थित अधिकारी


**Jharkhand Industrial Infrastructure Development Corporation Limited (JIIDCO)**
(A Govt. of Jharkhand Undertaking)
5th Floor, Udyog Bhawan, Ratu road, Ranchi – 834001 (Jharkhand)
e-mail- jiidcoltd@gmail.com www.jiidco.co.in Phone no. 0651-3512851
CIN U45208JH2004GOI011078

**NOTICE INVITING TENDER, NIT NO. JIIDCO/06/2024-25**

Sealed tenders are invited, on percentage rate basis from the registered contractors in appropriate class in Building Construction Department (BCD) or Any Department, Government of Jharkhand and similar nature of work for the work as given below:

| Sl. no. | Tender Ref.no. | Name of work | Estimated cost (Rs.) | Earnest money @ 2% of Estimated cost (approx) (Rs.) | Cost of tender fee (Non refundable) Including 18% GST | Class of Contractor | Time of completion (In month) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 01 | JIIDCO/01/Hunterganj Thana/2024-25 | Construction of officer barrack (20'x64') at Hunterganj Thana, Dist-Chatra. | 29,05,954.00 | 59,000.00 | 5,900.00 | III | 06 months |
| 02 | JIIDCO/02/Pratap-pur Thana/2024-25 | Construction of police barrack (20'x64') at Pratap-pur Thana, Dist-Chatra. | 25,64,619.00 | 52,000.00 | 5,900.00 | III | 06 months |
| 03 | JIIDCO/03/Sada Thana /2024-25 | Construction of police barrack (20'x64') at Sadar Thana, Dist-Chatra. | 25,64,619.00 | 52,000.00 | 5,900.00 | III | 06 months |
| 04 | JIIDCO/04/ Sadar Thana /2024-25 | Construction of police barrack (20'x64') at Sadar Thana, Dist-Chatra. | 25,64,619.00 | 52,000.00 | 5,900.00 | III | 06 months |

a. Tender documents can be purchased from the office of M. D., JIIDCO, 5th Floor, Udyog Bhawan, Ratu road, Ranchi-834001on payment of requisite cost of documents in shape of D.D. in favour of JIIDCO, payable at Ranchi during working hours from 24.07.2024 To 05.08.2024
b. Tender will be received on 06.08.2024 up to 3:00 P.M.
c. Tender will be opened on 06.08.2024 at 3:30 P.M. in presence of tenderer or his authorized representative.
**Note: For any information/complaints the department helpline no/Mobile no. 8292234107 may be contacted.**

Sd/-
Executive Engineer
JIIDCO, Ranchi


## स्पीड न्यूज

### झारखंड सरकार से महिला कॉलेज निर्माण का किया मांग



**बरही।** पदमा निवासी समाजसेवी सह बरही विधानसभा के विधायक उम्मीदवार केदार यादव ने बरही विधानसभा क्षेत्र में महिला कॉलेज निर्माण को लेकर झारखंड सरकार से मांग किया है। उन्होंने कहा कि आजादी के लगभग 77 साल बाद भी बरही विधानसभा में आज तक महिला कॉलेज की स्थापना नही हो सका है, जिसके कारण यहां के छात्राओं को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। कहा कि क्षेत्र की कई छात्राएं या तो हजारीबाग या अन्य कॉलेज में पढ़ने को विवस है। उन्होंने बताया कि क्षेत्र में महिला कॉलेज होने से छात्राओं को काफी सहूलियत होगी।

### देखरेख के अभाव में कस्तूरबा का मेंस्ट्रल हाइजीन मैनेजमेंट हुआ बेकार

**बरही।** कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय बरही में बने एमएचएम लैब जो करीब एक वर्ष पूर्व छात्राओं के माहवारी स्वच्छता प्रबंधन के लिए लाखो रुपए की लागत से बनाया गया था। मात्र एक वर्ष में ही लैब का हालत काफी खराब हो गया है, यहां तक कि छात्राओं के आराम करने वाले बेड पर कई दिनो से कबूतर मृत पड़े है। दिवाल में पपड़ी उखड़ गए है, लैब पूरी तरह धूल धूसरित है। मानो महीनो से लैब खुला ही नही है जो विधालय के प्रबंधन एवं वार्डेन की लापरवाही को दशार्ता है। एमएचएम लैब का न ही किसी के व्यक्तिगत कमरा का है।

### झारखण्ड राज्य अनुसचिवीय कर्मचारी संघ का अनिश्चितकालीन हड़ताल

**हजारीबाग।** झारखण्ड राज्य अनुसचिवीय कर्मचारी संघ के आह्वान पर पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार आज दिनांक 22.07.2024 को हजारीबाग जिला के सभी समाहरणालय संवर्ग के कर्मी अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गये। हड़ताल में हजारीबाग जिला मुख्यालय, अनुमण्डल कार्यालय सदर एवं बरही तथा जिला के सभी प्रखण्ड एवं अंचल कार्यालयों के कर्मी शामिल हुए। समाहरणालय हजारीबाग के मुख्य गेट पर अवस्थित धरना स्थल पर कर्मियों द्वारा धरना एवं प्रदर्शन किया गया।

### सोमवारी व्रत को लेकर में उमड़ी शिवालयों में श्रद्धालुओं की हुजूम

**टाटीझरिया।** सावन की पहली सोमवारी में प्रखंड क्षेत्र के आठों पंचायत के विभिन्न गांवों के शिवालयों में जलाभिषेक के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ दिनभर उमड़ी रही। देवों के देव महादेव शिव की आराधना का पवित्र महीना सावन के पहली सोमवार को लेकर प्रखण्ड के तमाम देवालयों में पूरी तैयारी की गई थी। अहले सुबह से ही शिव मंदिरों में जलाभिषेक को लेकर श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा।

### एक दिवसीय रुद्राभिषेक यज्ञ सह कलश यात्रा का भव्य आयोजन

**दारु।** सावन माह के प्रथम सोमवारी के शुभ अवसर पर सदर विधानसभा क्षेत्र के दारु प्रखंड स्थित रामदेव खेरका पंचायत के ग्राम कवालू स्थित प्राचीन शिव मंदिर में एक दिवसीय रुद्राभिषेक यज्ञ सह कलश यात्रा का भव्य आयोजन किया गया इस कार्यक्रम में प्रात:काल में मंदिर परिसर से भव्य कलश यात्रा निकली गई कलश यात्रा में सैकडो की संख्या में महिलाएं हर हर महादेव का जयकारा लगाते हुए 3 किलोमीटर की दूरी को तय कर कोनार नदी पहुंची जहां पर पूजा अर्चना के बाद पुन: मंदिर परिसर मंदिर आया।

### मंदिर के जीर्णोद्धार को लेकर कवालू में निकाली गई भव्य कलश शोभायात्रा

**दारू।** दारू प्रखंड के रामदेव खरिका पंचायत के कवालू गांव में प्राचीन शिव मंदिर जीर्णोद्धार पुनर्प्रतिष्ठा के शुभ अवसर पर सोमवार को एकदिवसीय रुद्राभिषेक यज्ञ के साथ भव्य कलश शोभायात्रा का आयोजन किया गया। मुख्य पुजारी सुशील सिंह और उनकी धर्मपत्नी नीलिमा देवी संग 251 महिलाएं एवं कुंवारी कन्याओं ने अपने सिर पर कलश लेकर यात्रा की शुरूवात की। कवालू शिव मंदिर से कलश लेकर कोनार नदी पहुंचा। जहां आचार्य के द्वारा पूरे विधि विधान के साथ गंगा पुजन व आरती कर कलश में जल भराया गया। जिसके बाद यात्रा हर हर महादेव, जय शिव शंकर, जय महाकाल, जय भोलेनाथ के जयकारों के साथ वापस मंदिर पहुंची। कलश यात्रा के दौरान पूरे क्षेत्र में भक्ति का माहौल बना रहा।

## मुखिया संघ ने बीडीओ, सीओ के खिलाफ फूंका बिगूल, कहा

# भ्रष्टाचार के आकंठ में डूबा है प्रखंड मुख्यालय

### जब तक मांग पूरी नहीं होती बैठेंगे अनिश्चित कालीन धरना पर

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**इचाक।** प्रखंड सह अंचल कार्यालय में व्याप्त भ्रष्टाचार एवं मनरेगा कार्य में बीडीओ की मनमानी से तंग होकर इचाक प्रखंड के 19 पंचायत के सभी मुखिया आंदोलन करने का एलान कर दिया है। सोमवार को प्रखंड के सभी मुखिया और मुखिया प्रतिनिधि अनिश्चित कालीन धरना पर बैठ गए है। मुखिया संघ के जिलाध्यक्ष रंजीत कुमार मेहता ने कहा इचाक बीडीओ संतोष कुमार के कार्यशैली एवं उनके मनमानी रवैया से सभी जनप्रतिनिधि आहत हैं। इसलिए प्रखंड मुख्यालय के समक्ष सभी जनप्रतिनिधि अनिश्चित कालीन धरना पर बैठे है। मुखिया संघ के संरक्षक अशोक कपरदार ने कहा कि बीडीओ संतोष कुमार अपने पद का दुरुपयोग कर रहे हैं। बीडीओ द्वारा मनरेगा का सभी कार्य ग्राम रोजगार सेवक एवं ऑपरेटर के माध्यम से जबरदस्ती प्रखंड कार्यालय से करवा रहे हैं। जिससे मुखिया का अधिकार का हनन हो रहा हैं। मुखिया संघ के प्रखंड अध्यक्ष सकेंद्र प्रसाद मेहता ने कहा की बीडीओ एवं सीओ रिश्वत के बगैर कोई काम नहीं करते। एलपीसी बनाने में मोटी रकम वसूली कर रहे हैं एवं म्यूटेशन,भूमि प्रतिवेदन बनाने के नाम पर वसूली करते हैं वहीं प्रखंड कर्मी हो या अंचल कर्मी पंचायत भवन में कोई बैठ कर काम नहीं करते है । विकास कार्य करवाने में लाभुक को काफी परेशानी झेलनी पड़ती है। अध्यक्ष सकेंन्द्र कुमार मेहता ने कहा कि सात सूत्री मांग को लेकर मुखिया संघ धरना पर बैठे है । मनरेगा के सभी कार्य पंचायत मुख्यालय से कराया जाय, पंचायत मुख्यालय मे पंचायत सेवक, रोजगार सेवक, बीएफटी को नियमित रूप से बैठने, कनीय अभियंता को दो दिन पंचायत मुख्यालय मे बैठकर कार्य निष्पादन करने, जन्म एंव मृत्यु प्रमाण पत्र पंचायत सचिवालय से निर्गत करने, प्रखंड मुख्यालय मे सहायक अभियंता को दो दिन बैठने, प्रखंड एंव अंचल कार्यालय मे भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने एंव पंचायत का आईडी पासवर्ड मुखिया को उपलब्ध कराने का मांग शामिल है। मौके पर 19 पंचायत के सभी मुखिया, चौहन मेहता मोदी मेहता, उमेश प्रसाद ,निशु कुमारी, संगीता देवी, अशोक राम, सिकंदर कुमार राम, मंजू देवी, नंदकिशोर मेहता, एवं मुखिया प्रतिनिधि कुशलचंद मेहता, चंदन मेहता, श्रीकांत मेहता, ओमप्रकाश मेहता, दयानंद कुमार, मौजूद थे।



मुखिया संघ धरना पर

### भक्ति जयकारों से गूंजायमान हुआ क्षेत्र, भक्ति के सागर में डूबे श्रद्धालु

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** गुरू पूर्णिमा के अवसर पर रविवार की शाम भुरकुंडा जवाहर नगर स्थित मनोज गोसाईं के कुटिया में भव्य भंडारा का आयोजन किया गया। इसके पूर्व पूरे विधि-विधान से वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच जवाहर नगर ज्योति क्लब दुर्गा मंडप में पुरोहित नंदकिशोर मिश्रा व पवन मिश्रा द्वारा विशेष पूजा-अर्चना की गई। इस दौरान भक्ति जयकारों से पूरा क्षेत्र गूंजता रहा। पूजा के बाद भक्तों के बीच प्रसाद का वितरण किया गया।

#### ऊः नमः शिवाय, हर हर महादेव के भक्ति जयकारों से गूंजा भुरकुंडा कोयलांचल

## श्रावण माह के पहली सोमवारी पर शिवालयों में पूजा-अर्चना के लिए उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़



पूजा-अर्चना के लिए उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** भुरकुंडा कोयलांचल, भदानीनगर, बासल, सयाल-उरीमारी सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के शिवालयों में श्रावण माह के पहली सोमवारी पर पूजा-अर्चना के लिए श्रद्धालुओं महिला-पुरूषों की अपार भीड़ अहले सुबह से ही उमड़ी रही। इस दौरान श्रद्धालुओं ने दूध व जल से शिवलिंग का जलाभिषेक कर, फल-फूल, बेलपत्र व प्रसाद चढ़ाकर पूरे विधि-विधान से भगवान शिव की पूजा-अर्चना की। पूजा के दौरान ऊः नमः शिवाय, हर हर महादेव सहित अन्य आराध्य देवी-देवताओं के भक्ति जयकारों से पूरा क्षेत्र गूंजता रहा। पूजा के दौरान श्रद्धालुओं ने भगवान शिव के समक्ष मत्था टेक अपने परिवार व क्षेत्र की सुख-समृद्धि, और हरियाली-खुशहाली की कामना की।

# रामगढ़ में डयूटी के क्रम में एएसआई की हुई मौत

### परिजनों ने अस्पताल में किया बवाल, डीआइजी, आयुक्त, उपायुक्त सहित वरीय अधिकारी पहुंचे

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रामगढ़।** यातायात थाना में नवपदस्थापित एएसआई राहुल कुमार सिंह की डयूटी के दौरान अचानक तबियत खरात हो गई। जिसके बाद मौके पर मौजूद लोग उन्हें अस्पताल ले गए। उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए वहां से उन्हें सदर अस्पताल ले जाया गया। जहां जांच के बाद चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। बताया जा रहा है की राहुल कुमार सिंह इससे पूर्व रामगढ़ थाना में पदस्थापित थे। गत 21 फरवरी को रामगढ़ थाना के हाजत में बंद अनिकेत द्वारा आत्महत्या कर ली गई थी। मामले में दो एएसआई और एक मुंशी को सस्पेंड किया गया था। जिस मामले में अनिकेत को गिरफ्तार किया गया था उसकी जांच राहुल कुमार सिंह कर रहे थे। कहा जा रहा है की केस डायरी को लेकर उनपर दबाव बनाया जा रहा था। जिससे तनाव के कारण वे बीमार हो गए थे। वे 20-25 दिन से छुट्टी पर थे। शनिवार को उन्होंने रामगढ़ थाना से यातायात थाना में योगदान दिया। इसी दौरान पहले दिन रविवार को डयूटी के क्रम में उनकी मौत हो गई। मामले ने इतना तूल पकड़ा की हजारीबाग प्रक्षेत्र के डीआइजी, आयुक्त , रामगढ़ उपायुक्त, रामगढ़ पुलिस अधीक्षक, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, अनुमंडल पदाधिकारी, अंचल अधिकारी सहित चार थाना के प्रभारी पोस्टमॉर्टम हाउस पहुंचे। उन्होंने उनके परिजनों को समझाया। जिसके बाद उनके शव को पोस्टमॉर्टम के लिए रिम्स ले जाया गया।

**थाना प्रभारी सस्पेंड :** इस मामले को लेकर डीजीपी ने रामगढ़ थाना प्रभारी अजय कुमार साहु को संस्पेंड कर दिया। साथ ही उनसे एक सप्ताह के अंदर मामले में स्पष्टीकरण मांगा गया है।

### हटाये गए रामगढ़ एसपी, टाउन थाना प्रभारी को डीजीपी ने किया सस्पेंड

**रांची।** राज्य सरकार ने रामगढ़ एसपी डॉ विमल कुमार को हटा दिया है। उन्हें पुलिस मुख्यालय में योगदान देने को कहा गया है। राज्य सरकार के द्वारा फिलहाल रामगढ़ एसपी के रूप में किसी की पोस्टिंग नहीं की गयी है। इस संबंध में अधिसूचना भी जारी कर दी गई है। रामगढ़ एसपी को पुलिस मुख्यालय में योगदान देने को कहा गया है। रामगढ़ एसपी रहे डॉक्टर विमल कुमार इससे पूर्व सरायकेला के एसपी थे, वहां से भी उन्हें तीन महीने के भीतर ही हटा दिया गया था।

**डीजीपी ने किया टाउन थाना प्रभारी को सस्पेंड :** वहीं दूसरी तरफ झारखंड के डीजीपी अजय कुमार सिंह ने रामगढ़ के टाउन थाना प्रभारी अजय कुमार साहू को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। दरअसल पूरा मामला एएसआई राहुल कुमार के मौत से जुड़ा हुआ है।

दरअसल एएसआई राहुल कुमार के अस्वाभाविक मौत हुई थी, आरोपी है कि टाउन थाना प्रभारी अजय कुमार साहू के द्वारा लगातार किसी प्रकार का उस पर दबाव बनाया जा रहा था, इसी वजह से उनकी अस्वाभाविक मौत हुई। डीजीपी ने अजय कुमार साहू को निलंबित करते हुए आदेश दिया है कि संबंध में वह अपना स्पष्टीकरण एक सप्ताह के अंदर समर्पित करने का निर्देश दिया गया है।


**DEPARTMENT OF HEALTH & FAMILY WELFARE, JHARKHAND**
**DISTRICT HEALTH SOCIETY KHUNTI**
Sadar Hospital Campus Khunti
Email :- cs.khunti@gmail.com

निविदा सं0 DHS/263/ खूंटी, दिनांक 22.07.2024

**अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना**

भी0बी0डी0 कार्यक्रम अंतर्गत मलेरिया उन्मूलन हेतु Cyfluthrin 10% (wdp) (Specification संलग्न) का क्रय किया जाना है। उक्त सामग्री के आपूर्ति हेतु इच्छुक निविदादाताओं से दिनांक 05.08.2024 के अपराह्न 02.00 बजे तक सिविल सर्जन कार्यालय, खूंटी में निविदा आमंत्रित की जाती है।

| | |
|---|---|
| निविदा समर्पित करने की अंतिम तिथि | 05.08.2024 के अपराह्न 02.00 बजे तक |
| निविदा समर्पित करने का स्थान एवं पता | सिविल सर्जन कार्यालय, सदर अस्पताल परिसर, खूंटी झारखण्ड पिन न0 835210 |
| निविदा खुलने की तिथि | 05.08.2024 के अपराह्न 03.00 बजे |
| निविदा खुलने का स्थान | सिविल सर्जन कार्यालय, खूंटी। |

➤ नोट – निविदा से संबंधित शर्तें/निविदा शुल्क/अग्रधन की राशि आदि से संबंधित विस्तृत जानकारी समाचार पत्रों पर निविदा प्रकाशन के उपरांत सिविल सर्जन कार्यालय खूंटी के सूचना पट्ट पर एवं जिला खूंटी के वेबसाइट http://khunti.nic.in पर देखी जा सकती है।

असैनिक शल्य चिकित्सक –सह– मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, खूंटी।

PR 330321 (Health Med Edu and Family Welfare) 24-25 (D)



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, गुमला**

**अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना**
संख्या 06/2024–25

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | विज्ञापन दाता का नाम | :– | कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, गुमला। |
| 2 | परिमाण विपत्र बिकी की तिथि | :– | दिनांक 01.08.2024 को 10.00 बजे पूर्वाहन से 03.00 बजे अपराहन तक। |
| 3 | निविदा प्राप्त करने की तिथि | | दिनांक 03.08.2024 को 3.00 बजे अपराहन तक। |
| 4 | निविदा खोलने की तिथि | :– | दिनांक 03.08.2024 को 3.30 बजे अपराहन में। |
| 5 | परिमाण विपत्र बिकी का स्थान | :– | कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, गुमला। |
| 6 | निविदा प्राप्त करने का स्थान | :– | कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, गुमला। |
| 7 | निविदा खोलने का स्थान | :– | कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, गुमला। |
| 8 | कार्य मद | :– | **Untied Fund** मद |
| 9 | कार्यों का विस्तृत विवरण | :– | |

| ग्रुप सं0 | प्रखण्ड | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | रायडीह | Construction of Toilet under Bhalmanda Anganwari center Bhalmanda in Raidih Block, District- Gumla. | 3,36,100.00 | 6,800.00 | 750.00 | 03 माह |
| 2 | रायडीह | Renovation work at Samudayik Bhawan Telya under Raidih Block, District- Gumla. | 4,07,900.00 | 8,200.00 | 750.00 | 03 माह |
| 3 | रायडीह | Renovation of bridge over Tunjtoli River between Tunjtoli and Sipringa Gram, Panchayat Parsa under Raidih Block, District- Gumla. | 12,44,400.00 | 25,000.00 | 2500.00 | 03 माह |
| 4 | रायडीह | Renovation work at Health Center of Parsa Panchayat under Raidih Block, District- Gumla. | 7,33,100.00 | 14,700.00 | 1250.00 | 03 माह |
| 5 | गुमला | Renovation work at Sadar Hospital Near Blood Bank under Gumla Block, District- Gumla. | 6,64,400.00 | 13,300.00 | 1250.00 | 03 माह |

**निविदा की शर्तें:–** 1. ग्रामीण विकास विभाग के समुचित श्रेणी के अधीन निबंधित संवेदक ही इस निविदा में भाग ले सकते है एवं परिमाण विपत्र निर्गत किया जाएगा।
2. परिमाण विपत्र का शुल्क परिमाण विपत्र में अंकित राशि के अनुसार आवेदन के साथ बैंक ड्राफ्ट के रूप में जो कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, गुमला के नाम पर होगा, एवं अदायगी पर (जो नहीं लौटाया जाएगा) परिमाण विपत्र निर्गत किया जाएगा। बैंक ड्राफ्ट निबंधित संवेदक के स्वयं के खाता द्वारा निर्गत हुआ होगा एवं बैंक ड्राफ्ट की वैद्यता निविदा की प्रकाशन की तिथि से तीन माह का होना अनिवार्य है।
3. निविदा में 10% न्यूनतम दर से अधिक न्यूनतम दर उद्धृत दर करने पर प्राक्कलित राशि का अतिरिक्त अग्रधन राशि का डाकघर पासबुक/बैंक द्वारा निर्गत फिक्स डिपोजिट निविदा के साथ जमा करना अनिवार्य होगा।
**जो निम्न है:–** 1. 10 से 20 प्रतिशत कम दर तक की राशि का 20% तक।
2. 20% प्रतिशत से अधिक कम दर की राशि का 30% अतिरिक्त जमानत का देय होगा।
3 निविदा में 10% न्यूनतम दर से अधिक न्यूनतम दर उद्धृत दर करने पर संवेदक को कार्य करने का Justification का शपथ पत्र देना अनिवार्य होगा।
4. निविदा की विस्तृत शर्तें www.jharkhand.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पटट् पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, गुमला

PR 330339 Rural Development(24-25)#D



ई0 प्रोक्योरमेन्ट सेल
**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, लातेहार।

**ई– प्रोक्योरमेन्ट नोटिस**
ई–टेन्डर रेफरेन्स नं0–08/2024-25/EE/BCD/LATEHAR दिनांक– 20.07.2024

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रू0) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|
| 1 | लातेहार जिलान्तर्गत प्रखण्ड लातेहार के पंचायत जलिमखुर्द में राजकीयकृत मध्य विद्यालय, जालिम में कम्प्यूटर लैब कक्ष/लाइब्रेरी ऑडिटोरीयम का निर्माण। | 99,49,000.00 | 09 (Nine) Months |
| 2 | लातेहार जिलान्तर्गत प्रखण्ड लातेहार के पंचायत पेशरार में राजकीयकृत मध्य विद्यालय, कुलगाड़ा में कम्प्यूटर लैब कक्ष/लाइब्रेरी ऑडिटोरीयम का निर्माण। | 99,49,000.00 | 09 (Nine) Months |
| 3 | लातेहार जिलान्तर्गत प्रखण्ड लातेहार के पंचायत हेठपोचरा में उत्क्रमित उच्च विद्यालय, पोचरा (उत्तर) में कम्प्यूटर लैब कक्ष/लाइब्रेरी ऑडिटोरीयम का निर्माण। | 99,49,000.00 | 09 (Nine) Months |
| 4 | लातेहार जिलान्तर्गत प्रखण्ड लातेहार के पंचायत पेशरार में राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय, गिरे में कम्प्यूटर लैब कक्ष/लाइब्रेरी ऑडिटोरीयम का निर्माण। | 99,49,000.00 | 09 (Nine) Months |
| 5 | लातेहार जिलान्तर्गत प्रखण्ड चन्दवा के पंचायत चकला में राजकीयकृत उत्क्रमित मध्य विद्यालय, तुरीसोत में कम्प्यूटर लैब कक्ष/लाइब्रेरी ऑडिटोरीयम का निर्माण। | 99,49,000.00 | 09 (Nine) Months |
| 6 | लातेहार जिलान्तर्गत प्रखण्ड चन्दवा के पंचायत कामता में राजकीयकृत मध्य विद्यालय, दामोदर में कम्प्यूटर लैब कक्ष/लाइब्रेरी ऑडिटोरीयम का निर्माण। | 99,49,000.00 | 09 (Nine) Months |
| 7 | लातेहार जिलान्तर्गत प्रखण्ड बारियातु के पंचायत टोंटी में स्तरोन्नत उच्च विद्यालय, टोंटी हेसला में कम्प्यूटर लैब कक्ष/लाइब्रेरी ऑडिटोरीयम का निर्माण। | 99,49,000.00 | 09 (Nine) Months |
| 8 | लातेहार जिलान्तर्गत प्रखण्ड बारियातु के पंचायत टोंटी में राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय, इटके में कम्प्यूटर लैब कक्ष/लाइब्रेरी ऑडिटोरीयम का निर्माण। | 99,49,000.00 | 09 (Nine) Months |
| 9 | लातेहार जिलान्तर्गत प्रखण्ड हेरहंज के पंचायत चीरू में राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय, लावागाड़ा में कम्प्यूटर लैब कक्ष/लाइब्रेरी ऑडिटोरीयम का निर्माण। | 99,49,000.00 | 09 (Nine) Months |

1. कार्य पूर्ण करने की अवधि :– 09 (Nine) Months
2. वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि :– 26/07/2024 को 11:00 बजे
3. बिड प्राप्ति के लिए अन्तिम तिथि/समय :– 08/08/2024 को 11:00 बजे
4. निविदा प्रकाशित करने वाले कार्यालय का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, लातेहार।
5. निविदा खोलने की तिथि/समय एवं स्थान नोडल पदाधिकारी, ई0 प्रोक्योरमेन्ट सेल, :– 09/08/2024 को 11:30 बजे अधीक्षण अभियंता का कार्यालय, भवन निर्माण विभाग, भवन अंचल सं0–02, रांची।
6. प्रोक्योरमेन्ट पदाधिकारी का सम्पर्क संख्या :– 9431501121
7. ई–प्रोक्योरमेन्ट सेल का हेल्पलाईन संख्या :– 8434414939
8. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तदनुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
9. सूचना प्रौद्योगिकी एवं ई–गवर्नेस विभाग, झारखण्ड सरकार के आदेश ज्ञापांक 120 दिनांक 03.10.2023 के द्वारा निर्गत SOP (मानक संचालन प्रक्रिया) एवं भवन निर्माण विभाग, झारखण्ड सरकार के पत्रांक 2229 दिनांक 06.10.2023 के आलोक में निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
10. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, SOP के तहत अग्रधन की राशि उसी खाते में वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सम्पूर्ण जवाबदेही निविदादाता की होगी।
• अन्य किसी भी प्रकार के बदलाव की सूचना http://jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।
**Note :-** UCAN Registration in mandatory for the Bidders.

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
भवन निर्माण विभाग,
भवन प्रमण्डल, लातेहार।

PR 330228 (Building) 24-25 (D)

# सावन के पहले सोमवारी पर उमड़ी शिवभक्तों की भीड़

## शहस्त्र शिवलिंग महादेव मंदिर में भक्तों की उमड़ी भीड़



खबर मन्त्र संवाददाता

**इटखोरी।** सावन की पहली सोमवारी के अवसर पर भद्रकाली मंदिर परिसर में स्थित शहस्त्र शिवलिंग महादेव मंदिर में जलाभिषेक के लिए भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी। दूर-दूर से आए भक्तों ने शहस्त्र शिवलिंग का जलाभिषेक किया और माता भद्रकाली की पूजा-अर्चना की। भक्तों की भारी भीड़ के कारण मंदिर में कतारबद्ध होकर पूजा-अर्चना की गई। इसके बाद भक्तों ने राम जानकी मंदिर, कोटेश्वर नाथ मंदिर, पंचमुखी हनुमान मंदिर, शनि देव मंदिर समेत अन्य देवालयों में भी पूजा-अर्चना की।

## ध्वजाधारी धाम में उमड़ी शिवभक्तों की भीड़



खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** सावन के पहले सोमवारी पर जिला मुख्यालय स्थित ध्वजाधारी धाम में शिवभक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी। वहीं उपायुक्त मेघा भारद्वाज ने भी सुबह-सुबह ध्वजाधारी धाम पहुंचकर भगवान भोले का जलाभिषेक किया और विधि विान से पूजा अर्चना की। वहीं श्रद्धालु महिला, पुरुष, युवक व युवतियों ने सोमवार की सुबह बोल बम, हर हर महादेव का जयघोष करते 778 सीढियां चढ़ कर पहाड़ के चोटी पर अवस्थित शिवलिंग का जलाभिषेक किया। वहीं पूजा अर्चना कर अपने परिवार की मंगल कामना का वरदान मांगा। इसके अलावे जिला मुख्यालय स्थित आस पास के शिवालयों में भी दिन भर शिवभक्तों की भीड़ देखी गयी, सोमवारी का व्रत किये श्रद्धालु भक्तों ने दिन भर उपवास कर शाम को शिवालय पहुंचे और शिवलिंग का जलाभिषेक कर, पूजा अर्चना किया।

## ध्वाजाधारी धाम में सैकड़ों समर्थकों के साथ पुजा अर्चना करने पहुंचे जिप सदस्य



**कोडरमा।** जिला परिषद सदस्य महेंद्र प्रसाद यादव ने निर्दलीय प्रत्याशी के तौर पर चुनाव लड़ने की घोषणा क्या की, कोडरमा में राजनीतिक सरगर्मी तेज होने की संभावना बढ़ गई है। वहीं जिप सदस्य महेंद्र प्रसाद यादव ने सावन माह के पहले सोमवारी के मौके पर ध्वाजाधारी धाम में सैकड़ों समर्थकों के साथ पुजा अर्चना कर अपने समर्थकों के बीच मीडिया के सामने आगामी विाानसभा चुनाव 2024 में कोडरमा विाानसभा क्षेत्र से चुनावी मैदान में मजबूती से उतरने की बात कही। वहीं उन्होंने कहा कोडरमा विधानसभा क्षेत्र की जनता को परिवर्तन चाहिए और कोई बेहतर विकल्प भी कोडरमा से नहीं है, इसलिए अपने समर्थकों के कहने पर मैं आगामी चुनाव में मजबूती के साथ चुनावी मैदान में उतरूंगा।

## बारिश के लिए इंद्र देवता की पूजा-अर्चना

**गिद्धौर।** बारीसाखी पंचायत गांव में सोमवार को बारिश के लिए इंद्र देवता की पूजा-अर्चना की गई। ग्रामीणों का मानना है कि इस पूजा से इंद्रदेव प्रसन्न होंगे और बारिश होगी, जिससे किसानों को लाभ होगा। इंद्रदेव को हिंदू धर्म में बारिश और तूफान का देवता माना जाता है। प्राचीन काल में इंद्र को सबसे बहादुर देवताओं में गिना जाता था और बारिश लाने वाले के रूप में उनकी पूजा की जाती थी। अच्छी बारिश के लिए इंद्रदेव को प्रसन्न करने और बारिश की कामना करने की मान्यता है।

# भव्य कलश यात्रा के साथ जलाभिषेक

खबर मन्त्र संवाददाता



**सिमरिया (चतरा)।** श्रावण माह के प्रथम सोमवारी पर प्रखंड के सबानो शिव मंदिर में भव्य कलश यात्रा के साथ जलाभिषेक किया गया। इस अवसर पर पुरुष और महिला श्रद्धालु जलाशय पहुंचे और कलश में जल भरा तत्पश्चात नगर भ्रमण करते हुए शिव मंदिर पहुंचे और जयकारे के साथ भगवान भोलेनाथ पर जलाभिषेक किया। इसके बाद पूजा अर्चना की गई और सुख समृद्धि की कामना की गई। सबानों के अलावा प्रथम सोमवारी पर प्रखंड के सभी शिवालयों में सुबह से ही श्रद्धालुओं के भारी भीड़ उमड़ी। श्रद्धालुओं ने शिवालयों में पुष्प और बेलपत्र अर्पित कर श्रद्धा भक्ति के साथ जलाभिषेक किया। पंडित बिनोद मिश्र ने बताया कि श्रावण माह भगवान शिव को समर्पित है। इस माह में प्रत्येक दिन पूजा अर्चना की जाती है। सोमवार को भगवान शिव की पूजा अर्चना करने से भगवान प्रसन्न होते हैं और उनकी कृपा भक्त पर बनी रहती है।

# कोडरमा स्वास्थ्य विभाग की कारनामे को देख दांतो तले दबा लेंगे उंगली



खबर मन्त्र संवाददाता

जननी सुरक्षा योजना संस्थागत प्रसव का है मामला

एक ही महिला के कराया गया 12 बार प्रसव

पी-4

सतगावां (कोडरमा)। प्रखंड के स्वास्थ्य विभाग की कारनामे को देखते ही आप दांतो तले उंगली दबा लेंगे। बता दें की स्वास्थ्य विभाग जननी सुरक्षा योजना में काफी वित्तीय अनियमितता और घोटाला का मामला प्रकाश में आया है। जिसमें एक ही महिला के 12 बार प्रसव कराया गया, वहीं पुरुष को भी मां बनाया गया। इस मामला को लेकर उपायुक्त मेघा भारद्वाज के द्वारा डीडीसी ऋतुराज के नेतृत्व में पांच सदस्य जांच टीम का गठन किया गया। जिसमें डीटीओ डॉ. रमण कुमार, जिला लेखा पदाधिकारी, डीपीएम महेश कुमार, डैम राकेश पाण्डेय सोमवार को सतगावां स्वास्थ्य केंद्र पहुंचकर 5 घंटा लगातार गहन जांच किया गया। वहीं जांच के दौरान लगभग दो दर्जन महिलाओं को बुलाकर पूछताछ की गई। सूत्रों से बताया गया कि पूछताछ में महिला का नाम और पति का नाम है पर उनके खाते में पैसा नहीं गया। वहीं स्वास्थ्य केंद्र कार्यरत बीटीटी पद पर दिनेश चौधरी एवं उनकी पत्नी ममता कुमारी सहिया, उसके बेटे अतुल चौधरी के नाम तथा अन्न उन लोगों के खाते में जननी सुरक्षा योजना संस्थागत प्रसव के लिए प्रोत्साहन राशि भेजा गया।

स्वास्थ्य विभाग संबंधित योजना है तो निश्चित रूप से विभाग के कर्मी दोषी हैं : ऋतुराज

डीडीसी ऋतुराज ने बताया कि मामले की जांच चल रही है। यह वित्तीय अनियमितता से संबंाित है। अभी आठ लोगों को पीआर पर छोड़ा गया है। जिसमें लेखापाल अजीत कुमार, बीटीटी दिनेश चौधरी, अतुल चौधरी, सहिया ममता देवी, अंजू देवी, चालक राकेश कुमार, कंप्यूटर ऑपरेटर विपुल कुमार, इलेक्ट्रिशियन अनुज

## एएनएम का तीन दिवसीय प्रशिक्षण शुरू

# कुष्ठ रोगियों की पहचान कर, उसका समुचित इलाज में एएनएम करें सहयोग : डॉ.अनिल



खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम के तहत एएनएम का तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर सोमवार से शुरू हुआ। शिविर का उद्घाटन सिविल सर्जन डॉ. अनिल कुमार व जिला मलेरिया पदाधिकारी डॉ. मनोज कुमार ने संयुक्त रूप से किया। प्रथम बैच एएनएम प्रशिक्षण शिविर को सम्बोधित करते हुए सिविल सर्जन ने कहा कि सरकारी दायित्वों के निर्वहन के दौरान प्रायः एएनएम क्षेत्र में रहती है, ऐसे में कुष्ठ मरीज सबसे पहले एएनएम के पास पहुंचते है, जहां यदि उचित परामर्श मिल जाय तो एक तरफ कुष्ठ रोगियों के पहचान में आसानी होगी तो दूसरी ओर ऐसे मरीजों का समुचित इलाज व उचित प्रबंान में भी आसानी होगी। उन्होंने एएनएम को कहा कि आपलोगों को जब भी इस तरह के संदिग मामले मिले तो अविलंब उस रोगी को सम्बंाित क्षेत्र के डॉक्टर के पास भेजें, ताकि आवश्यक जांच कर ऐसे रोगियों की पहचान हो सके। वहीं फिजियोथेरेपिस्ट राजीव रंजन ने कहा कि 28 अगस्त से 13 सितंबर तक पूरे जिले में कुष्ठ रोगी खोज अभियान चलाया जाएगा।

# टेम्पो चालक संघ (सीटू) ने किया समाहरणालय परिसर में प्रदर्शन




खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** सीटू एवं झारखंड परिवहन मजदूर यूनियन के बैनर तले टेम्पो चालक संघ ने समाहरणालय परिसर में विशाल प्रदर्शन कर नेशनल हाईवे पर टोटो चलाने पर प्रतिबंध लगाने की मांग किया। इससे पूर्व समाहरणालय परिसर से एक जुलूस निकाला गया जो रांची-पटना रोड, अनुमंडल कार्यालय होते हुए जिला परिवहन कार्यालय के समक्ष पहुंच जमकर नारेबाजी की गई एवं समाहरणालय पहुंचकर जुलूस धरना प्रदर्शन में तब्दील हो गया। जुलूस में टेम्पु टोटो में टकराव बंद करो, दोनों का रूट अलग अलग तय करो, एनएच पर टोटो चलने पर रोक लगाओ, टेम्पो चालक संघ जिन्दाबाद आदि नारे लगाए जा रहे थे। वहीं झारखंड परिवहन मजदूर यूनियन के जिलाध्यक्ष मो.रफीक की अध्यक्षता में सभा की गयी। वहीं सभा को संबोधित करते हुए मुख्य वक्ता सीटू के राज्य सचिव संजय पासवान ने कहा कि कई महीनों से टेम्पो चालक अपनी मांगों को लेकर संघर्ष कर रहे हैं।

# छात्रों का राज्यस्तरीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन

खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** तिलैया डैम स्थित ग्रिजली विद्यालय के छात्रों ने 24वें झारखण्ड राज्य सब जूनियर एवं जूनियर ताइक्वांडो चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन कर अपने विद्यालय का नाम पुरे राज्य में रौशन किया है। इस राज्यस्तरीय प्रतियोगिता में विद्यालय के छात्रों ने 8 स्वर्ण पदक, 7 रजत पदक तथा 4 कांस्य पदक अपने नाम किया। स्वर्ण पदक प्राप्त करने वाले छात्रों में कौशल मंडल, संजीत कुमार, सुभम कुमार, उत्कर्ष राज, अंशुमन राज, आदर्श कुमार पांडेय, अभ्यांश यादव, हिमांशु कुमार शामिल है।




## तीजा खेल में दिखाया जोखिम भरे खेल का प्रदर्शन

**मरकच्चो (कोडरमा)।** यादे हुसैन मुहर्रम कमेटी कर्बलानगर, दरगाह मुहल्ला, चौक मुहल्ला, शाहगंज के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित तीजा खेल में कोडरमा, हजारीबाग, गिरिडीह जिले के आधा दर्जन टीमों ने भाग लिया। दिनभर टीमों के द्वारा बारी बारी से लाठी, भाला, तलवार, गंड़ासा, बाना समेत कई जोखिम भरे खेलों का प्रदर्शन किया गया। प्रतियोगिता में इस्लामिया क्लब दूल्हों गिरिडीह ने खेल के दौरान अपना करतब दिखाते हुए पहला स्थान प्राप्त किया। दूसरा स्थान हुसैनी क्लब खरखार कोडरमा, तीसरा स्थान यलगार क्लब गिरिडीह तथा चौथा स्थान वाईएमसी क्लब गिरिडीह ने प्राप्त किया।

# अवैध खनन, परिवहन व भंडारण के विरूद्ध निरंतर चलाएं छापेमारी अभियानः उपायुक्त

## जिला स्तरीय खनन टास्क फोर्स की बैठक




खबर मन्त्र संवाददाता

**चतरा।** उपायुक्त रमेश घोलप की अध्यक्षता में खनिजों के अवैध उत्खनन की रोकथाम के लिए जिला स्तरीय खनन टास्क फोर्स की बैठक हुई।बैठक में 11 मार्च 2024 को हुई बैठक के अनुपालन प्रतिवेदन की समीक्षा की गई और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। उपायुक्त ने ओवरलोडिंग की रोकथाम के लिए वन प्रमंडल पदाधिकारी, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी टंडवा, सिमरिया, अंचल अधिकारी टंडवा, सिमरिया, थाना प्रभारी टंडवा और सिमरिया को निर्देश दिए। उन्होंने खनिज लोड वाहनों के परिचान बिना तिरपाल ढ़के किए जाने पर रोक लगाने और रूट मैपिंग से संबंधित समस्याओं का निष्पादन 15 दिनों के अंदर करने का निर्देश दिया। बैठक में अवैध खनन के रोकथाम के लिए रखे गए एसआईएसएफ के कार्यों की समीक्षा की गई और एसआईएसएफ टीम को अवैध खनन को रोकने के लिए किए गए कार्यों की विवरणी सहित सूची खनन कार्यालय को उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया। उपायुक्त ने अवैध खनन, परिवहन और भंडारण के खिलाफ निरंतर छापेमारी अभियान चलाने और इसमें रूचि नहीं लेने वाले या कम प्रगति वाले अधिकारियों से कारण पृच्छा करने के निर्देश दिए। उन्होंने प्रदूषण पदाधिकारी से जांच प्रतिवेदन अप्राप्त होने के कारण कारण पृच्छा करते हुए टंडवा क्षेत्र में निरंतर प्रदूषण जांच अभियान चलाने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने कहा कि अगर किसी भी अधिकारी या कर्मचारी की लापरवाही अवैध गतिविधियों में देखी जाती है तो उन पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने परियोजनाओं के अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे यह सुनिश्चित करें कि परियोजना से चलने वाले वाहनों में सभी आवश्यक दस्तावेज हों और सड़क सुरक्षा नियमों का पालन हो। उन्होंने कहा कि अगर किसी परियोजना के कारण विधि-व्यवस्था की समस्या उत्पन्न होती है तो परियोजनाओं के अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। बैठक में अप्रैल से जून माह तक अवैध खनन, परिवहन और भंडारण के खिलाफ की गई कार्रवाई की समीक्षा की गई, जिसमें 26 वाहनों पर प्राथमिकी दर्ज की गई, 112 वाहन जब्त किए गए और 24.59 लाख का जुमार्ना वसूला गया।

## स्पीड न्यूज

### करंट लगने से वृद्ध किसान की मौत

**सिमरिया (चतरा)।** थाना क्षेत्र के डाड़ी गांव में सोमवार को बिजली का करंट लगने से एक साठ वर्षीय वृद्ध किसान की मौत मौके पर ही हो गई। मृतक हरि महतो खेत में पटवन कर रहा था। घटना के बाबत मिली जानकारी के अनुसार बारिश नहीं होने से फसल सुख रहे थे जिससे किसान चिंतित था। सुबह वह अपनी पत्नी को लेकर पटवन के लिए खेत गया जहां मोटर चलाने के क्रम में उसे बिजली का तेज करंट लगा और वह गिर पड़ा। खेत में काम कर रही पत्नी के हो-हल्ला करने पर लोग जुटे। किंतु जब तक कुछ किया जाता उसकी मौत हो गई। वृद्ध की इस प्रकार हुई अप्रत्याशित मौत से किसान परिवार में चीख पुकार मची हुई है जबकि ग्रामीण मर्माहत है।

### डीएमएफटी के तहत कराए गए कार्यों में घोर अनियमितताएं

**गिद्धौर।** कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय में डीएमएफटी के तहत कराए गए कार्यों में घोर अनियमितताएं पाई गई हैं। खेल मैदान का सुदृढ़ीकरण, नयन कार्य, स्टेज निर्माण और फाइबर ब्लॉक से लगभग 300 मीटर रास्ता बनाया गया था, जो कुछ ही महीनों में क्षतिग्रस्त हो गया है। प्रखंड विकास पदाधिकारी राहुल देव ने कुछ दिन पहले जांच की थी, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की गई।

### आंगनबाड़ी सेविकाओं और सहियाओं को दिया गया प्रशिक्षण

**कोडरमा।** राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग के निर्देश के आलोक में बाल कल्याण संघ व जिला प्रशासन प्रखंड स्तर पर प्रशिक्षण शिविर का आयोजन कर कठिन परिस्थितियों में जीवनयापन कर रहे बच्चों और उनके परिवारों के लिए मैपिंग कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी सम्बंाित प्रखंड के सेविकाओं और सहियाओं को दिया गया। मौके पर ओमप्रकाश तिवारी, अंजने राय आदि मौजूद थे।

### मनरेगा कर्मी का अनिश्चतकालीन धरना शुरू

**कोडरमा।** झारखंड राज्य मनरेगा कर्मी संघ प्रदेश कमेटी के आहवाहन पर मनरेगा संघ जिला इकाई द्वारा समाहरणालय परिसर में अनिश्चतकालीन धरना शुरू हो गया। धरना के माध्यम से झारखंड सरकार के द्वारा मनरेगा कर्मियों के संविदा संवाद में किए गए आश्वासन के अंतर्गत स्थाईकरण करने का वादा हेमंत सरकार द्वारा किया गया था, मगर सरकार के कार्यकाल का साढ़े चार वर्ष पूर्ण हो जाने के बाद भी स्थाईकरण के वायदे को अब तक पूर्ण नहीं किया गया है।

### विद्यालय प्रबंध समिति की पुनर्गठन को लेकर की गयी बैठक

**मरकच्चो (कोडरमा)।** तीन साल बाद विद्यालय प्रबंध समिति की पुनर्गठन को लेकर स्थानीय मुखिया रंजीत कुमार सिंह की अध्यक्षता में बैठक किया गया। बैठक में पर्यवेक्षक के रूप में शिक्षक अशोक कुमार, वार्डेन उषा टोपनो, कल्याण विभाग के प्रतिनिधि अरविंद कुमार, पूर्व प्रबंधन समिति अध्यक्ष गोविंद यादव, बालेश्वर यादव मुख्य रूप से उपस्थित थे।

### भाकपा अंचल कमिटी की बैठक हिरोडीह पंचायत में

**जयनगर (कोडरमा)।** भाकपा अंचल कमिटी की बैठक हिरोडीह पंचायत भवन में कामेश्वर पंडित की अध्यक्षता में की गई। बैठक में विगत कार्यक्रमों का कार्य रिपोर्ट अंचल मंत्री अर्जुन यादव ने प्रस्तुत किया जो सबों ने सर्वसम्मत से पास किया। बैठक को संबोधित करते हुए भाकपा राष्ट्रीय परिषद सदस्य सह जिप सदस्य महादेव राम ने कहा कि जयनगर अंचल में जमीन ऑनलाइन करने, दाखिल खारिज करने, रसीद निर्गत कराने, प्रमाण पत्र बनाने में भयंकर अंधेर गर्दी है। वहीं सीओ गौतम कुमार नियमित रूप से कार्यालय में बैठते भी नहीं है, जिस कारण ऑनलाईन का काम नहीं हो पता है। इससे कहा जा सकता है कि गौतम कुमार की मनमर्जी पर ऑफिस चलता है इसे देखने वाला कोई नहीं है। आबुवा आवास में भयंकर कमीशन खोरी चल रही है, जरूरतमंदों को आवास नहीं मिल रहा है।

## एक नजर में

### मांगों को लेकर समाहरणालय संवर्ग के कर्मियों का अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू



खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** झारखंड अनुसचिवीय कर्मचारी संघ समाहरणालय संवर्ग राज्य इकाई के आह्वान पर अपनी 9 सूत्री मांगों को लेकर समाहरणालय संवर्ग के कर्मचारी पूर्व घोषित कार्यक्रम के तहत सोमवार से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गए। कर्मियों के हड़ताल पर चले जाने से समाहरणालय में दिन भर सन्नाटा पसरा दिखा, कामकाज ठप्प हो जाने से दूरदराज से आये ग्रामीण मायूस होकर लौट गए। हड़ताली कर्मियों ने समाहरणालय के समक्ष धरना दिया। वहीं धरना को सम्बोाित करते हुए संघ के अध्यक्ष शशिकांत मणि ने कहा कि जब तक सरकार हमारी मांगों को पूरा नही करती तब तक हमारा आंदोलन जारी रहेगा। वहीं प्रदेश संयुक्त सचिव शशि कुमार पांडेय ने कहा कि मांगों के समर्थन में 16 जुलाई को सभी कर्मचारी काला बिल्ला लगाकर कार्य किया।

### नौवां माइल घाटी में ट्रेलर पलटने से दो लोगों की मौत, एक गंभीर रूप से घायल



खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** थाना क्षेत्र अंतर्गत नौवा माइल घाटी में रविवार देर रात एक लोहा लदे ट्रेलर ट्रक दुर्घटनाग्रस्त होने से उसपर सवार दो लोगों की मौत हो गई। वहीं चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। मिली जानकारी के अनुसार ट्रक संख्या डब्लूबी15सी-5919 कोलकाता से लोहा लोड कर पटना की ओर जा रही थी। इसी दौरान नौवा माइल घाटी में आनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई। जिसमें चालक ग्राम तनुआ थाना घोड़ाशहर जिला मोतिहारी बिहार निवासी व 33 वर्षीय रमेश राय पिता देवन राय गंभीर रूप से घायल हो गया। वहीं ग्राम लालगंज, थाना पोजिहा जिला वैशाली 59 वर्षीय पंछीलाल राय पिता बुान राय व ग्राम तनुआ थाना घोड़ाशहर जिला मोतिहारी बिहार निवासी, 45 वर्षीय मुन्ना राय पिता जोगी राय की मौत हो गई। घटना की सूचना मिलने के बाद कोडरमा थाना पुलिस मौके पर पहुंचकर घायल चालक को सदर अस्पताल भेजा, जहां प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए रिम्स रेफर कर दिया। वही दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। जहां चिकित्सकों ने शवों का पोस्टमार्टम कर अंतिम संस्कार के लिए परिजनों को सौंप दिया है।

### अनुसचिवीय कर्मचारीयों ने नौ सूत्री मांगों को लेकर गए अनिश्चित कालीन हड़ताल पर



खबर मन्त्र संवादाता

**चतरा।** झारखंड राज्य अनुसचिवीय कर्मचारी संघ, जिला शाखा-चतरा के नेतृत्व में सोमवार को समाहरणालय गेट के समक्ष शांतिपूर्ण धरना प्रदर्शन किया गया। सरकारी कर्मचारी सोमवार से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गए हैं। इस धरना के माध्यम से सरकार से नौ सूत्री मांगों को जल्द लागू करने का आग्रह किया गया है। नौ सूत्री मांगों में वेतन वृद्धि, पद चिन्हित कर योग्य को पदस्थापित करना, सर्विस अवधि में कार्य अनुभव के अनुसार प्रमोशन व अन्य मांग शामिल हैं। चतरा जिला के पूर्व निर्णय जिसमें 02.08.2024 से हड़ताल में जाने की घोषणा की गई थी, उस पर गंभीरता से समीक्षा की गई और राज्य ईकाई के पदधारियों की उपस्थिति में आज से ही हड़ताल पर जाने का सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया। 20.07.2024 को चतरा जिला की बैठक में लिए गए निर्णय पर पुनर्विचार करते हुए राज्य स्तरीय संघ के पदधारियों की उपस्थिति में सर्वसम्मति से 22.07.2024 से ही अनुसचिवीय कर्मचारी संघ, समाहरणालय संवर्ग के राज्य स्तरीय आह्वान पर अनिश्चितकालीन हड़ताल में शामिल हो गए हैं।

### मेगा प्रोजेक्ट इंफ्रास्ट्रक्चर व राजस्व से संबंधित बैठक संपन्न



खबर मन्त्र संवादाता

**चतरा।** चतरा के उपायुक्त रमेश घोलप की अध्यक्षता में समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में मेगा प्रोजेक्ट इंफ्रास्ट्रक्चर और राजस्व से संबंधित बैठक आयोजित की गई। बैठक में म्यूटेशन, सक्सेसन म्यूटेशन, जीएम लैंड सर्वे रिपोर्ट, भु-अर्जन कार्यालय में लंबित मामले, निलाम पत्र, वाद, कर-संग्रहण, संदेहात्मक जमाबंदी के अभिलेख का सुनवाई समेत अन्य बिन्दुओं की समीक्षा की गई। अभियान मोड में लंबित वाद का निष्पादन करने का निर्देश दिया गया। बैठक में सभी मेगा प्रोजेक्ट के प्रबंधक समेत अन्य उपस्थित प्रतिनिधियों द्वारा जिले में चल रहे मेगा प्रोजेक्ट को लेकर अद्यतन प्रगति की जानकारी दी गई। साथ ही विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन में आ रही समस्याओं से भी अवगत कराया गया। मेगा प्रोजेक्ट के प्रबंधक समेत अन्य उपस्थित प्रतिनिधियों द्वारा भूमि अधिग्रहण के पश्चात रैयतों को मुआवजा भुगतान, वन विभाग से जुड़े मामले एन०ओ०सी/ एफआरए/जीएम लैंड/एलपीसी समेत अन्य मामलों की जानकारी लेते हुए संबंधित अधिकारियों को जल्द उन मामलों का निपटारा करने का निर्देश दिया गया।

# आस्था का केंद्र है पहाड़ों की तलहटी का सोनापानी शिव मंदिर



रंजीत कुमार मिश्र

**पूर्वी टुंडी।** यूं तो श्रवण मास में देश के सभी शिवालयों में शिव भक्तों की अपार भीड़ उमड़ पड़ती है लेकिन पूर्वी टुंडी में आस्था का एक ऐसा भी केंद्र है है जो पहाड़ों की तलहटी में अवस्थित है और भोलेनाथ के भक्त वहां जाना नहीं बजूलते प्रखंड के मैयरानवाटाड पंचायत स्थित प्राचीन शिव मंदिर सोनापानी में सावन महीने में प्रत्येक सोमवार को भक्तों की भीड़ पूजा करने के लिए उमड पड़ती है। यह मंदिर प्रखंड के वन क्षेत्र में पहाड़ों की तराई में स्थित है। ग्राम वासियों की मान्यता के अनुसार यह मंदिर द्वापर युग के पांडव काल से ही अस्तित्व में है। मान्यता के अनुसार पांडवों ने यहां भगवान शिव की पूजा आराधना की थी। श्रद्धालुओ को पहाड़ी के रास्ते से होकर मंदिर तक पूजा अर्चना करने के लिए जाना पड़ता है। यहां भगवान शिव का शिवलिंग तथा माता पार्वती सहित नंदी महाराज स्थापित है। ग्राम वासियों का कहना है कि यहां पूजा कई पीढियां से चली आ रही है। तथा भक्त जो भी हृदय से मनोकामना भगवान से मांगते हैं वह पूरी होती है। मंदिर चारों ओर पहाड़ों से घिरा हुआ है। ग्रामीणों के सहयोग से खीर महाप्रसाद का आयोजन किया जाता है।

## करम दाहा के दुखिया बाबा मंदिर में उमड़ी भीड़

**जामताड़ा।** नारायणपुर प्रखंड क्षेत्र के कर्मदाहा में स्थित दुखिया बाबा मंदिर में सावन की पहली सोमवारी को लेकर पूजा अर्चना श्रद्धालुओं ने किया। काफी श्रद्धालुओं में उत्साह का माहौल देखा गया । लोग बराकर नदी में स्नान करने के बाद नदी का ही जल बाबा भोलेनाथ पर चढ़ाकर बाबा से मनचाहा बर मांगते हैं। सबकी इच्छा पूरी करने वाले बाबा दुखहरण बाबा का सर्वप्रथम महाभारत के समय द्वापर युग में राजा कर्ण ने सर्वप्रथम पूजा की थी तब से यह मंदिर स्थान पर स्थित है। काफी दूर-दूर से श्रद्धालु पूजा करने आते हैं। इसके अलावे नारायणपुर, सबनपुर,मंडरो,पतरोडीह सहित अन्य में श्रद्धालुओं ने चढ़ चढ़ाया।

# हर हर महादेव के जयकारे से गूंजे शिवालय

## विभिन्न शिवालयों में उमड़ा भक्तों का जनसैलाब,भक्तिमय हुआ माहौल

खबर मन्त्र सवाददाता

**धनबाद ।** श्रावण मास के पहले सोमवार को जिले के शिवालयों में दिनभर श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रही। इस दौरान शिवालय हर हर महादेव व बम बम भोले से गूंज उठा। सुबह से ही शिवालयों में भगवान शिव का जलाभिषेक करने के लिए श्रद्धालुओं की कतार लगनी शुरू हो गई। भगवान शिव के इस प्रिय माह में विधि-विधान से पूजा करनी चाहिए। ऐसा करने से भोलेनाथ न केवल सारे दुख दूर करते हैं, बल्कि सारी मनोकामनाएं भी पूरी करते हैं। श्रद्धालु भांग-धतूरा और कनेर के फूलों से भगवान शिव की उपासना करते हैं। इसमें यज्ञोपवीत दही, दूध, शहद व नारियल भगवान शिव को अर्पण करने का विधान है। इस मास में भगवान शिव को जलाभिषेक कराते हैं तो भगवान की कृपा पूर्ण रूप से प्राप्त होती है। भगवान शिव की पूजा में पुष्प, पंच फल पंच मेवा, रत्न, सोना, चांदी, दक्षिणा, पूजा के बर्तन, दही, शुद्ध देशी घी, शहद, गंगा जल, पवित्र जल, पंच रस, पंच मिष्ठान, बिल्वपत्र, धतूरा, भांग, गाय का कच्चा दूध, कपूर, धूप, दीप, रूई, मलयागिरी, चंदन, शिव व मां पार्वती की श्रृंगार सामग्री की आवश्यकता होती है।



**सिंदरी ।** श्रावण की पहले सोमवारी को भक्तों का सैलाब सिंदरी के शिवालयों में सुबह से ही उमड़ पड़ा। इसमें ऐतिहासिक शहरपुरा शिव मंदिर, ब्रह्म शिव मंदिर, डोमगढ़ शिव मंदिर, गौशाला शिव मंदिर, कांड्रा डीवीसी कालोनी शिवालय, एसीसी शिव मंदिर, साँवलापुर शिव मंदिर सहित अन्य शिवालयों में महिला पुरुष भक्त बोलबम का नारा लगाकर शिवलिंग पर जल चढ़ाते दिखाई दिए। ऐतिहासिक शहरपुरा शिव मंदिर कमेटी सचिव सह पूर्व पार्षद दिनेश सिंह ने भगवान भोलेनाथ को जल चढ़ाया सोमवार के साथ ही आज से पवित्र माह श्रावण की शुरूआत भी हुई है। छोटे फुटपाथ दुकानदारों के द्वारा उपलब्ध कराए जा रहे फूल, बेलपत्र सहित पूजा सामाग्रियों से भक्तगण भगवान भोलेनाथ को जलाभिषेक कर रहे हैं।

### गोमो में जलाभिषेक करने के लिए भक्तों के उमड़ी भीड़

**गोमो।** श्रावण मास के पहली सोमवार पर रेल नगरी गोमो के विभिन्न शिवलियों में जलाभिषेक करने के लिए भक्तों के भीड़ उमड़ पड़ी। रेल नगरी गोमो के स्टेशन चौक पर स्थित आर पी एफ शिव मंदिर जीतपुर स्थित महादेव मंदिर लोको बाजार , बिजली ऑफिस , दुगार्पाड़ा एवं रतनपुर स्थित शिव मंदिरो में ॐ नमः शिवाय और हर हर महादेव की जय कारे के साथ बाबा भोलेनाथ को बेल पत्र ,दूध व जल और फल चढ़ाएं और पूजा अर्चना की । भोलेनाथ को प्रसन्न करने के लिए जलाभिषेक कर पूजा अर्चना व दीप जला कर मनोकामनाएं पूर्ण करने के लिए प्रार्थनाएं की गई । गोमो स्टेशन चौक स्थित आर पी एफ शिवमंदिर में एक तरफ जलाभिषेक होता रहा तो वहीं दूसरी और मंदिर में पुजारी पंडित अवध किशोर मिश्रा गुड्डू बाबा, एवं आचार्य गोपाल पांडेय (हीरापुर तोपचांची) द्वारा वैदिक मंत्रो द्वारा भक्तों को रुद्राभिषेक कराया गया पंडित अवध किशोर मिश्रा उर्फ गुड्डू बाबा ने बताया कि शास्त्रो में बताया गया है कि सावन मास के सोमवार भोले बाबा का सबसे प्रिय दिन है इस दिन भक्ति भाव से जलाभिषेक व अनुष्ठान करने से भक्तों की सभी मनोरथ पूर्ण होती है कष्टो का निवारण होता है ।





### तोपचांची से पैदल यात्रा कर किया जलाभिषेक

**गोमो।** तोपचांची के करमाटाड़ गांव से लालधाम तोपचाची के बेनर पर शिव भक्तों की यात्रा वाहनो मे केशरिया झन्डा बांधे हुए गाजे बाजे के साथ निकली । भक्त गण कलश, कावर लिए हर हर महादेव की उद्घोष करते हुए लगभग दस किलोमीटर पैदल चल कर गोमो पहुंचे।

यात्रा गोमो बाजार का भ्रमण करते हुए जीतपुर गाव स्थित जमुनिया नदी घाट पहुंची और हर हर महादेव की जय घोष के साथ कलश व कावर में जल भरकर जीतपुर स्थित महादेव मंदिर और स्टेशन चौक पर स्थितआर पी एफ शिव मंदिर पहुच कर जलाभिषेक किया । भारी भीड़ के कारण मन्दिर में जाम की स्थिति उत्पन्न हो गई ।

स्पीड न्यूज

### ब्लैक डायमंड ट्रेन के समय में बदलाव को लेकर कुमारधुबी स्टेशन पर धरना

**कुमारधुबी।** ब्लैक डायमंड सुपरफास्ट एक्सप्रेस के समय में लगभग 3 घंटे देर से चलाने का प्रस्ताव किया जा रहा है। इस बदलाव को देखते हुए झामुमो के कार्यकारिणी सदस्य अशोक मंडल ने चिरकुंडा काली मंदिर में प्रेस वार्ता में कहा कि ब्लैक डायमंड सुपर फास्ट ट्रेन के समय में बदलाव व ट्रेनों के ठहराव को लेकर कुमारधुबी स्ट्रेशन में 22 और 23 जुलाई को दो दिवसीय धरना प्रदर्शन किया जाएगा। इस संबंध में आसनसोल और धनबाद रेलवे मंडल प्रबंधक को भी पत्र दिया गया है।

NOTICE
DISTRICT - NORTH 24 PARGANAS
In the Court of the Learned Additional Session Judge (FT1) Court at Barrackpore
Ref: MAT 2671/2023
Ritu Kaur______Petitioner / Wife
-Versus-
Siddhartha Bansal______Respondent/Husband
Whereas Ritu Kaur, D/O- Sri Sarjit Singh, residing at 11/2 Amar Nath Roy Lane, Shyamnagar, PO-Shyamnagar, P.S-Jagatdal, Dist-North 24 Parganas WB-743127, has filed a MAT Suit Vide no-2671/2023, U/S 27 of Special Marriage Act, 1954 for decree of divorce against you which suit is pending before this Learned court at Barrackpore, W.B. after knowing this notice you (Siddhartha Bansal, S/O- Sri Uttam Paul Bansal residing at DEO, Public School, Chopra, Vill, bastacolla, Bera, Dhanbad, Jharkhand-828106 are hereby directed to appear **within 30 days**, before this court personally or through a duly authorized counsel to show cause why the relief claimed by the petitioner against you should not be granted, failing which the court shall proceed as per law against you.
By Order
Bench Clerk
Additional Session Judge (FT3) Court at Barrackpore, District - North 24 Parganas

# एक पेड़ एक जीवन संदेश के साथ टासरा प्रोजेक्ट में हुआ 300 पौधरोपण



खबर मन्त्र सवाददाता

**सिंदरी ।** एक पेड़, एक जीवन के संदेश के साथ सोमवार को सेल के टासरा परियोजना के ओबी डंप क्षेत्र में 300 वृक्षारोपण किया गया। वृक्षारोपण कार्यक्रम सेल चासनाला एवं उसके एमडीओ केटीएमपीएल के संयुक्त प्रयास द्वारा किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व कर रहे सेल चासनाला व जीतपुर महाप्रबंधक शिवराम बनर्जी ने बताया कि पर्यावरण संरक्षण पौधों को प्राथमिकता दी गई है। इनमें बरगद, पीपल, नीम, पलाश, सागवान, बाँस और अर्जुन पौधों को शामिल किया गया है। उन्होंने स्थानीय लोगों को आव्हान किया कि इसका उद्देश्य पर्यावरण की रक्षा और उसके प्रति जागरूकता फैलाना है। यह वृक्षारोपण कार्यक्रम इस वर्ष 1000 वृक्षों के वृक्षारोपण के साथ संपन्न होगा और प्रतिवर्ष हजारों वृक्षारोपण किया जाएगा। कार्यक्रम में सभी अधिकारियों द्वारा सघन पौधारोपण किया गया। कार्यक्रम में सेल उप महाप्रबंधक के एम तिवारी, उपमहाप्रबंधक पर्यावरण पंकज कुमार, उपमहाप्रबंधक भू संपदा पंकज मंडल, केटीएमपीएल परियोजना निदेशक टी रमेश, महेश कोटा, विजय शर्मा सहित सेल और केटीएमपीएल के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे।

# आम आदमी पार्टी ने जोड़ापोखर में बीसीसीएल का पुतला फूंका

खबर मन्त्र सवाददाता

**जोड़ापोखर।** आम आदमी पार्टी ने झरिया फुलारीबाग इंदिरा चौक पर बीसीसीएल सीएमडी एवं लोदना एरिया 10 के जीएम का पुतला दहन किया ।कार्यक्रम का नेतृत्व पार्टी के जिला महासचिव मदन राम ने किया, तथा कार्यक्रम का अध्यक्षता जिला अध्यक्ष अशोक महतो ने किया।

श्री राम ने कहा कि आज पूरे धनबाद जिले में बीसीसीएल ने गलत तरीके से उत्खनन कर भूमिगत जल को पूरी तरह से खत्म कर दिया है। लोग कुआं खोदकर तथा चापा कल लगाकर भी पानी नहीं मिल पा रहा है । बीसीसीएल पूर्व में पीट वाटर का सप्लाई अपने क्षेत्र में कर रही थी ।परंतु कुछ षड्यंत्रकारी नीति द्वारा वह पानी जगह जगह पर बंद करते चले आ रहे हैं। इसे पार्टी के बर्दाश्त नहीं करेंगे जब तक पूर्व की भांति बीसीसीएल हर जगह में पीट वाटर को पुणः चालू नहीं करती हैं तब तक यह आंदोलन ,यह लड़ाई निरंतर चलता रहेगा।



कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपाध्यक्ष राजेश कुमार , जितेंद्र सिंह आरजेडी के मनन यादव मगही भोजपुरी मंच से जितेंद्र पासवान रॉकी मंडल नीतिश गुप्ता ,राजकुमार सोनकर, बादशाह खान, सदरे आलम, अनवर अंसारी, शकीला बानो, जावेद खान, बबलू खान, डब्लू अंसारी, सहब शेख ,आलोक खरवार, डब्लू कुमार, नरेश राम, साजिद खान, दिलीप राम, जसीम अंसारी, विशाल कुमार, पिंटू इम्तियाज, दिलीप राम ,नरेश नाम, आजाद पासवान, कौशल कुमार, लड्डु अंसारी आदि उपस्थित थे।

## एक नजर में

### गंगा गौशाला में नवनिर्मित गोगृह का उद्घाटन



**कतरास।** श्री श्री गंगा गौशाला कतरास- करकेन्द में 9 हजार वर्गफीट के नवनिर्मित गोगृह का विधिवत उदघाटन सोमवार को कोलकाता के समाजसेवी बृजमोहन गाडोदिया व उनकी पत्नी श्रीमति नीरा गाडोदिया ने किया। गाडोदिया परिवार ने गंगा गौशाला कतरास- करकेन्द के परिसर में वृक्षारोपण किया। मौके पर उन्होंने सौर ऊर्जा से संचालित मोटर पम्प एवं गौशाला में निर्मित केंचूआ खाद, गौकाष्ठ के प्रचार प्रसार को लेकर गौशाला समिति के समक्ष कई प्रस्ताव रखा। इस मौके पर समिति के अध्यक्ष सुरेन्द्र कुमार अग्रवाल, महासचिव महेश कुमार अग्रवाल, सचिव दिपक कुमार अग्रवाल, ललित कटेसरिया, कोषाध्यक्ष - डी. एन. चौधरी, कृष्ण कन्हैया राय, अशोक शर्मा, राजन खण्डेलवाल, अभिमन्यु सिंह, हरीष ताम्बी, श्रीमती संगीता चिरानिया, मीरा डोकानिया, लता डोकानिया एवं सरिता अग्रवाल, काशीनाथ शर्मा, ओम प्रकाश, अनिल मंडल इत्यादि उपस्थित थे।

### रुआर कार्यक्रम को लेकर कार्यशाला आयोजित



**कतरास।** बाघमारा प्रखंड के के मनरेगा भवन में प्रखंड विकास पदाधिकारी डा. सुषमा आनंद की अध्यक्षता में मुखिया, प्रखंड साधन सेवी, शिक्षक, रुआर कार्य 2024 को लेकर का एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया. मौके पर प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी एस पाल कतरास के द्वारा कार्यक्रम की जानकारी दी गई. मौके पर प्रखंड के विद्यालय से बाहर रह गये 378 बच्चों का नामांकन कराने पर जोर दिया गया. मौके पर बीपीओ पंकज चौरसिया, समन्वयक, मो० अहमद हुसैन, लेखापाल आनंद मोहन, विकास लाल, नशीम अख्तर इत्यादि उपस्थित थे।

# वेदव्यास जयंती पर गुरु सम्मान कार्यक्रम

**धनबाद।** देश में प्रारंभ से ही गुरु पूजन की परंपरा चलती आ रही है जिसे और अधिक दूर तक ले जाना है। कहीं भी हम किसी से किसी बात की शिक्षा लेते हैं तो शिक्षा देने वाला हमारा गुरु है। यह बाते राजकमल सरस्वती विद्या मंदिर के प्राचार्य सुमन्त कुमार मिश्रा ने कहीं।सोमवार को हिंदी विभाग के द्वारा आयोजित वेदव्यास जयंती पर शिक्षक एवं छात्र-छात्राओं को संबोधित कर रहे थे। प्रवक्ता राकेश कुमार मिश्रा ने अपने उद्बोधन में कहा कि आदि गुरु वेदव्यास ने गुरु- शिष्य परंपरा को आकाश धर्मी बनाया। प्राचार्य के अलावा उपप्राचार्या उमा मिश्रा, उप प्राचार्य मनोज कुमार, प्रभारी प्रतिमा चौबे, पार्थ सारथी सरकार, कमलनयन एवं हिंदी के आचार्य राकेश कुमार मिश्रा, शिक्षिका रौली सक्सेना, प्रजापति मिश्रा ने भी गुरु की महिमा का बखान करते हुए बच्चों को संबोधित किया। मौके पर अनन्या, वर्षा, अंशु ,आयुषी ,रिद्धिमा, तृष्णा ,दीक्षा श्रुति , छवि एवं सुप्रिया ने भक्ति के गीत प्रस्तुत किए ।



# कार्यशाला में बच्चों को स्कूलों में नामांकन कराने की सलाह

**पूर्वी टुंडी।** प्रखंड संसाधन केंद्र, फतेहपुर में सोमवार को स्कूल रुआर-2024 के तहत सभी सरकारी स्कूलों के प्रधानाध्यापक तथा प्रभारी प्रधानाध्यापकों की कार्यशाला हुई। इस अवसर के मुख्य अतिथि सीओ देवराज गुप्ता, वह बीइओ राजीव रंजन, झामुमो नेता अजीत मिश्रा, अंचल निरीक्षक नीरज कुमार द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यशाला में स्कूल ड्रॉप आउट व स्कूल नहीं जाने वाले बच्चों का नामांकन करवाकर नियमित स्कूल भेजने का निर्णय लिया गया। स्कूल में नामांकन के बावजूद स्कूल नहीं पहुंचने वाले बच्चों तथा नामांकन नहीं लेने वाले बच्चों को चिन्हित कर उन्हें स्कूल में नामांकन कर नियमित स्कूल आने के लिए प्रेरित करने के बारे में बताया गया। कार्यक्रम का संचालन बीपीओ सुजीत महतो, द्वारा किया गया। मौके पर सीआरपी मधुसूदन गोराई, दिनेश भट्टाचार्य आदि उपस्थित थे।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह

स्वामित्व वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह

द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड)834006 से मुद्रित एवं लुबी सर्कुलर रोड, धनबाद 826001 से प्रकाशित।

संपादक
अविनाश ठाकुर
स्थानीय संपादकः ज्ञानवर्द्धन मिश्र *
फोन : 9431124480

e-mail
khabarmantra.city@gmail.com

R.N.I No. ( आवेदित )

* पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

# नियमित पढ़ाई से लक्ष्य की प्राप्ति सुनिश्चित-बीडीओ

खबर मन्त्र संवाददाता

**जामताड़ा ।** सोमवार को नारायणपुर प्रखंड विकास पदाधिकारी मुरली यादव ने राजकीय कृत प्लस टू उच्च विद्यालय नारायणपुर का औचक निरीक्षण करते हुए विधि व्यवस्था को लेकर कई निर्देश दिए।

विद्यालय परिसर में शौचालय की साफ-सफाई, शुद्ध पेयजल का जायजा लिया मौके पर ही बीडीओ ने विद्यालय में पढ़ रहे बच्चों के कक्षा में एक शिक्षक के भांति उपस्थित छात्र-छात्राओं से कई सवाल पूछे व उनके सटीक जवाब देने पर शाबाशी भी दी।

उन्होंने दोस्ताना अंदाज पर बच्चों से उनके भविष्य की शैक्षणिक योजना की जानकारी ली। बीडीओ ने भविष्य के कल्पना को साकार करने के कई गुरुमंत्र दिए। बीडीओ ने स्कूली बच्चों से कहा कि यदि ईमानदारी पूर्वक लक्ष्य निर्धारित किया जाए एवं अभी से ही नियमित पढ़ाई की जाए तो निश्चित रूप से लक्ष्य की प्राप्ति की जा सकती है।



मौके पर उन्होंने बच्चों को कछुए और खरगोश की प्रचलित दौड़ प्रतियोगिता संबंधित कहानी सुनाई और बच्चों को कहा तेज गति से नहीं नियमित अभ्यास से विजय प्राप्ति की जा सकती है। इसलिए आप सभी ईमानदारी पूर्वक नियमित अध्ययन करें। उन्होंने बच्चों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि पढ़ाई में दिक्कत हो तो बेहिचक अपने शिक्षकों से जानकारी लेनी चाहिए। प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी के द्वारा कार्यक्रम की जानकारी दी गई। मौके पर बीडीओ ने शिक्षको को भी गुणवत्तापूर्ण शिक्षा को लेकर कई महत्वपूर्ण टिप्स दिए। इस मौके पर स्कूल के प्रधानाध्यापक छक्कू चंद्र दास,प्रवीन कुमार सहित कई शिक्षक उपस्थित थे।

### सावन की पहली सोमवारी पर भक्तों ने किया भगवान शिव पर जलाभिषेक



**गिरिडीह।** वर्षों बाद विशेष संयोग बनने के कारण श्रावण मास की पहली सोमवारी को आज विभिन्न शिवालयों में भक्तों की भीड़ भारी उमड़ी । इस दौरान भक्तों ने श्रद्धाभाव से भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक करने के साथ ही पूजा अर्चना की। गिरिडीह के बगोदर के हरिहर धाम स्थित 50 फिट ऊंचे शिवालय के साथ झारखंड धाम शिवालय और जिला मुख्यालय के औद्योगिक क्षेत्र उदनाबाद स्थित बाबा दुखहरण नाथ सहित विभिन्न प्रमुख शिवालयों में अहले सुबह से भक्तों की भीड़ उमड़ने लगी थी। इस दौरान महिलाओं व पुरूषों के साथ साथ युवाओं ने बोल बम के जयकारे के साथ महादेव का जलाभिषेक किया। इस क्रम में जिला मुख्यालय से करीब 9 किलोमीटर की दूरी पर उसरी नदी के तट पर स्थित दुखीरणनाथ मंदिर में सुबह चार बजे से ही भक्तों की भीड़ उमड़ी हुई थी। नदी से लेकर शिवालय तक हाथों में जल लिए हुए भक्तों की लंबी कतारे हर हर महादेव व बोलबम का जयकारा लगाते हुए चल रहे थे। वहीं दूसरर ओर शहर के विभिन्न शिव मंदिरों में दुगद्वाभिषेक का भी आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में शामिल होकर भक्तो ने भगवान शिव की पूजा अर्चना की। एक माह तक चलने वाले सावन को लेकर अब कांवरियों का जत्था भी सुल्तानगंज की और रवाना होने लगा।

स्पीड न्यूज

### बिष्टुपुर तुलसी भवन में मारवाड़ी महिला मंच का राखी मेला शुरू

**जमशेदपुर।** महिलाओं को सशक्त करने हेतु मारवाड़ी महिला मंच जमशेदपुर शाखा द्वारा तीन दिवसीय राखी मेला (प्रदर्शनी सह बिक्री) का आयोजन बिष्टुपुर स्थित तुलसी भवन में सोमवार को शुरू हुआ, जो आगामी 24 जुलाई बुधवार तक चलेगा। मेला रोजाना सुबह 11 बजे से रात 09 बजे तक खुला रहेगा। संस्था की वरिष्ठ महिलाओं क्रमशः लता अग्रवाल, मंजू खंडेलवाल, प्रभा पाडिया, बीना खीरवाल द्वारा फीता काटकर एवं दीप प्रज्जवलित कर मेला का औपचारिक रूप से उद्घाटन सोमवार को हुआ।

### दो शराब की दुकानों का ताला तोड़कर लाखों के शराब की चोरी

**गम्हरिया।** आदित्यपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत गम्हरिया में बीते रविवार की रात दो सरकारी शराब की दुकानों में पांच नकाबपोश अपराधियों द्वारा चोरी की घटना को अंजाम दिया गया। चोरों द्वारा गम्हरिया लाल बिल्डिंग चौक तथा सातवाहिनी मोड़ के समीप स्थित शराब की दुकानों के शटर का ताला तोड़कर लाखों की शराब गायब कर दिया गया।

### ट्रक की ठोकर से बुजुर्ग गंभीर रूप से घायल

**गम्हरिया।** कांड्रा–सरायकेला मार्ग पर भोलाडीह के समीप एक ट्रक द्वारा सड़क पर कर रहे 81 वर्षीय हाड़ीराम कुम्हार नामक एक बुजुर्ग को ठोकर मार दी जिससे बुजुर्ग गम्भीर रूप से घायल हो गया। उनके सिर और चेहरे में चोटें आई है। स्थानीय ग्रामीणों के सहयोग से इलाज के लिए उन्हें सरायकेला सदर अस्पताल भेजा गया जहां उनकी गम्भीर स्थिति को देखते हुए चिकित्सकों से एमजीएम अस्पताल रेफर कर दिया।

### आंगनबाड़ी केंद्र और प्राथमिक विद्यालय का किया निरीक्षण

**जमशेदुपर।** सोमवार को केरूआडुंगरी ग्राम पंचायत के स्थायी समिति के 1. महिला, शिशु एवं सामाजिक कल्याण समिति 2. स्वास्थ्य शिक्षा एवं पर्यावरण समिति द्वारा पंचायत के चंगिरा आंगनवाड़ी केंद्र और 2 स्कूलों क्रमशः प्राथमिक विद्यालय चंगीरा एवं 2. प्राथमिक विद्यालय हेकगोड़ा का निरीक्षण किया गया। इस दौरान आंगनवाड़ी में बच्चों की उपस्थिति, बुनियादि धांचे, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता की मौजूदगी, सहायिका की उपस्थिति, शौचालय की स्तिथि, आदि के बारे में जानकारी लिया।

# विधि विधान से रुद्राभिषेक संपन्न, हजारों ने ग्रहण किया महाप्रसाद

- रामार्चा पूजा के बाद रुद्राभिषेक में उमड़े श्रद्धालु
- संघ के साथ ही विभिन्न राजनीतिक दलों के लोगों ने ग्रहण किया महाप्रसाद

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर पूर्वी के विधायक श्री सरयू राय के बारीडीह स्थित कार्यालय में श्रावण मास के प्रथम सोमवार को भगवान शिव के रुद्राभिषेक का आयोजन किया गया। रुद्राभिषेक संपन्न होने के बाद दोपहर एक बजे से बगल के रामार्चा मैदान में हजारों लोगों ने महाप्रसाद ग्रहण किया। महाप्रसाद ग्रहण करने के लिए लोग देर रात तक आते रहे।

रामार्चा पूजा और रुद्राभिषेक कराने वाले पंडित श्री विनोद पांडेय ने बताया कि सोमवार की सुबह सबसे पहले गौरी-गणेश, वरुण, नवग्रह, मात्रिका आदि का पूजन किया गया। इसके बाद भगवान का पार्थिव शिवलिंग बनाया गया। फिर उनका आवाहन किया गया। इसके उपरांत विग्रह स्नान कराया गया। दूध, दही, मधु, घी, गन्ने का रस, भांग का रस और पवित्र भस्म को घोल कर शिवजी का स्नान कराया गया। उसके बाद भगवान को भोग लगाया गया। भोग लगाने के बाद उसे ग्रहण करने के लिए प्रभु की पूजा की गई। इसके पश्चात रुद्राभिषेक शुरू हुआ। यह रुद्राभिषेक दूध, जल, गुड़ मिश्रित जल, गन्ने का रस आदि से किया गया। रुद्रअष्टधायी का पाठ अनवरत चलता रहा। रुद्राभिषक कोई चार घंटे चला। इसके बाद उत्तर पूजन किया गया। इसमें भगवान जी का पुनः श्रृंगार किया गया। रुद्राभिषक संपन्न होने के बाद शिव जी का प्रसाद बांटा गया।





रुद्राभिषेक करते विधायक सरयू राय व परिजन और भोग ग्रहण करने पहुंचे पूर्व केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा का स्वागत करते सरयू राय।

रुद्राभिषक संपन्न होने के बाद कल संपन्न रामार्चा पूजा का महाप्रसाद रामार्चा मैदान में वितरित किया गया। इस बार रामार्चा पूजा के महाप्रसाद में बक्सर के कुशल कारीगरों द्वारा हाथी कानपूड़ी, आलू परवल की सब्जी, आलू बैंगन की सब्जी, टमाटर की खट्टी-मीठी चटनी और बुंदिया बनाया गया था।

**मुंडा समेत आम व खास ने ग्रहण किया प्रसाद :** प्रसाद ग्रहण करने वालों में पूर्व केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा, राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के उत्तर-पूर्व क्षेत्र के पूर्व संचालक सिद्धिनाथ सिंह, जनता दल यूनाईटेड के राष्ट्रीय महासचिव राजीव रंजन सिंह, चैंबर ऑफ कामर्स के पूर्व अध्यक्ष सुरेश संथालिया, पूर्व महासचिव भरत भसानी, अविनाश सिंह राजा, कोल्हान के पूर्व आयुक्त विजय कुमार सिंह, खादी बोर्ड के मनोज कुमार सिंह, जिला परिषद की सदस्य कविता परमार, जेएनएसी के डिप्टी टाउन कमिश्नर कृष्ण कुमार, पथ निर्माण विभाग के कार्यकारी अभियंता दीपक सहाय, उद्योगपति राज कुमार अग्रवाल, टाटा मोटर्स के टाउन एडमिनिस्ट्रेटर रजत सिंह, बी एन सिंह, जुस्को के प्रबंधक निदेशक ऋतुराज सिन्हा, कारपोरेट सर्विसेज के चीफ प्राणय सिन्हा, टाटा स्टील के बीपीसीएस चाणक्य चौधरी, भाजपा नेता शैलेंद्र सिंह, साहिबगंज के भाजपा नेता अमित कुमार सिंह, पूर्व भाजपा नेता और समाजसेवी अमरप्रीत सिंह काले आदि मौजूद थे।

**इस बार रामार्चा पूजा से गायब रहे जमशेदपुर पश्चिम और पूर्व के भाजपाई**

विधानसभा चुनाव सर पर है सो इस बार जमशेदपुर पश्चिम और जमशेदपुर पूर्व के भाजपाई दिग्गज सरयू राय के रामार्चा पूजा से गायब रहे। हां, पूर्व केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा आये तो उनके कुछ करीबी भाजपाई सहयोगी अवश्य भोग ग्रहण करने पहुंचे। बीते साल तक इन दोनों विधानसभा क्षेत्र के भाजपाई देर सबेर रामार्चा पूजा का भोग ग्रहण करने पहुंच ही गए थे, किन्तु इसबार विधायक सरयू राय के साथ भाजपाइयों की तल्खी साफ देखने को मिली। भाजपा के एक वरिष्ठ नेता जो मनाही के बावजूद भोग ग्रहण करने पहुंचे थे, ने इस संवाददाता से कहा-यह सही है कि कुछ नेताओं ने यह संदेश दिया था कि रामार्चा पूजा में जाना वाजिब नहीं रहेगा,किन्तु मैंने कह दिया कि रायजी के साथ व्यक्तिगत संबंध के चलते अवश्य जाउंगा। बता दें कि भाजपा के प्रदेश नेतृत्व भी अब सरयू राय पर हमलावर है।

# सावन की पहली सोमवारी को शिवालयों में जलाभिषेक करने को लेकर उमड़े भक्त

›› **हर हर महादेव के नारों से गूंजी लौहनगरी**

**खबर मन्त्र टीम**

**जमशेदपुर/ गम्हरिया।** सावन की पहली सोमवारी पर कोल्हान प्रमंडल के जमशेदपुर, जमशेदपुर ग्रामीण क्षेत्र, चाईबासा, कांड्रा, गम्हरिया व आसपास के शिवालयों में भक्त-श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। एकबारगी हर हर महादेव और ॐ नमः शिवाय मन्त्र से शिवालय गूंज उठें। प्रातःकाल से ही क्षेत्र के विभिन्न शिवालयों में श्रद्धालुओं की भीड़ जुटनी प्रारम्भ हो गई थी जो दोपहर तक जारी रहा। श्रद्धालुओं ने बाबा भोलेनाथ को बेलपत्र, धतूरा, अकवन फूल आदि अर्पित कर परम्परागत विधि विधान के साथ विशेष पूजा कर जलाभिषेक किया।





रंकिणी मंदिर में शिवलिंग पर जलाभिषेक करते मंत्री बन्ना गुप्ता और उनकी धर्मपत्नी श्रीमती सुधा गुप्ता और बिष्टुपुर के लक्ष्मीनाथ परमहंस मंदिर में जलाभिषेक करते शिवभक्त।

इधर, जमशेदपुर में स्वास्थ्य एवं खाद्य आपूर्ति मंत्री बन्ना गुप्ता ने अपनी पत्नी श्रीमती सुधा गुप्ता के साथ सावन की प्रथम सोमवारी के पावन अवसर पर भगवान शिव को जल अर्पित किया और राज्यवासियों के लिए खुशहाली और समृद्धि की कामना की। स्वास्थ्य मंत्री पत्नी के साथ पहली सोमवारी के दिन कदमा के रंकिणी मंदिर में भोलेनाथ की पूजा-अर्चना करने के लिए पहुंचे थे। इस दौरान मंदिर में मौजूद पुरोहित ने पूरे विधि-विधान से स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता और उनकी पत्नी को पूजा कराई। मंत्री बन्ना गुप्ता ने शिवलिंग पर दूध और जल अर्पित किया। अवसर पर मंत्री बन्ना गुप्ता ने कहा कि सावन का महीना पवित्र होता है.भगवान शिव हर संकट को हर लेते हैं। सावन के महीने में भोलेनाथ के नाम का जाप करने से कष्टों से मुक्ति मिलती है। भोले शंकर की पूजा करने से हर कार्य में सफलता मिलती है।

इधर, हमारे गम्हरिया प्रतिनिधि के अनुसार गम्हरिया प्रखंड के बड़ा गम्हरिया बस्ती, शिवपुरी कॉलोनी, सतवाहिनी, प्रखण्ड परिसर, उषा मोड़, आदर्श नगर, बोलाईडीह, कांड्रा एसकेजी कॉलोनी, कांड्रा बाजार, थाना परिसर स्थित शिवालयों में भक्त श्रद्धालुओ की काफी भीड़ रही।

## झारखंड में बंगाल के मुख्यमंत्री ममता और अखिलेश यादव पर ऑनलाइन एफआईआर

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



सैयद दानियल।

**जमशेदपुर।** मुसलमान - आदिवासी एकता मंच के राष्ट्रीय संयोजक सैयद दानियाल दानिश ने बंगाल के मुख्यमंत्री ममता बनर्जी व उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के खिलाफ राष्ट्रद्रोह का ऑनलाइन मुकदमा दर्ज कराया है। बांग्लादेशी घुसपैठियों के खिलाफ हाईकोर्ट में मुकदमा लड़ने वाले सैयद दानियाल दानिश ने अपने ऑनलाइन शिकायत में लिखा है कि मैं सैयद दानियाल दानिश रोड 15 मानगो, जमशेदपुर का निवासी हूं। मैं भारत का जिम्मेदार और जागरूक नागरिक हूं। झारखंड राज्य की जनता के हित में लड़ाई लड़ता हूं। वर्तमान में बांग्लादेशी घुसपैठियों को झारखंड से बाहर निकालने के लिए झारखंड हाई कोर्ट में जनहित याचिका दायर कर घुसपैठियों को चिह्नित कर उन्हें देश से बाहर कराने का आदेश पारित करवाया है। मीडिया से जानकारी मिली कि दिनांक 21 जुलाई 2024 को कोलकाता के शहीद दिवस रैली में बंगाल के सीएम ममता बनर्जी तथा उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने खुले मंच से बांग्लादेशियों को बंगाल में शरण देने की घोषणा की है।

## महादेवशाल मंदिर स्थित स्टेशन पर ट्रेनों के ठहराव को लेकर सांसद जोबा ने डीआरएम को लिखा पत्र

- श्रावणी मेला उद्घाटन के दौरान समिति ने सांसद से की थी कई ट्रेनों के ठहराव नहीं देने की शिकायत

**खबर मन्त्र टीम**

**चक्रधरपुर/ जमशेदपुर।** सिंहभूम की सांसद जोबा माझी ने गोईलकेरा प्रखंड के महादेवशाल मंदिर स्थित स्टेशन में पांच जोड़ी एक्सप्रेस एवं सुपरफास्ट ट्रेनों का अस्थायी ठहराव देने की मांग रेलवे से की है। इस संदर्भ में उन्होंने चक्रधरपुर के डीआरएम को पत्र लिखा है। पत्र में सांसद ने मांग की है कि गोईलकेरा के प्रसिद्ध बाबा महादेवशाल मंदिर स्थित स्टेशन में



सांसद जोबा माझी।

सावन महीने के श्रावणी मेला के दरम्यान शिव भक्तों के सुविधा को ध्यान में रखते हुए 18189 अप-18190 डाउन एर्नाकुलम एक्सप्रेस, 18477 अप-18478 डाउन कलिंगा उत्कल एक्सप्रेस, 18030 अप-18029 डाउन शालिमार एलटीटी एक्सप्रेस, 12834 अप-12833 डाउन अहमदाबाद सुपर फास्ट एक्सप्रेस, 12870 अप-12869 डाउन हावड़ा सीएसटीएम एक्सप्रेस को महादेवशाल मंदिर स्थित स्टेशन में ठहराव दी जाए। जानकारी हो कि दक्षिण-पूर्व रेलवे के चक्रधरपुर रेल मंडल अन्तर्गत गोईलकेरा से करीब 05 किमी दूर स्थित महोदवशाल मंदिर बाबा धाम के रूप में प्रसिद्ध है। जिस कारण महादेवशाल स्टेशन और मंदिर के समीप अस्थायी हॉल्ट का स्थापना भी किया गया है।


**वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग**
**झारखण्ड सरकार**
कार्यालय– अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक, विकास, झारखण्ड, राँची।

**आम सूचना**

**''शहरी क्षेत्र में घर के प्रांगण में वृक्ष लगाने पर प्रति वृक्ष 5 यूनिट बिजली फ्री''**

माननीय मुख्यमंत्री श्री हेमंत सोरेन द्वारा शहरी क्षेत्रों के पर्यावरण को स्वस्थ रखने एवं वृक्षारोपण को बढ़ावा देने हेतु यह घोषणा की है कि शहरी क्षेत्रों (नगर निगम/नगरपालिका) में उन परिवारों को उनके बिजली विपत्र में सरकार प्रति पेड़ पाँच (05) यूनिट बिजली मुफ्त देगी जो इस योजना के अन्तर्गत अपने घर के परिसर में फूलदार, इमारती एवं फलदार वृक्षों को लगाया जायेगा। इस योजना के उल्लेखनीय बिन्दु निम्नवत् हैं :–

1. जब इन वृक्षों की गोलाई 20 से०मी० सीने की ऊँचाई पर हो जाएगी तब से इस योजना के तहत् लाभुक गिने जाएगें।
2. योजना के तहत् लगाये गये वृक्षों का लाभ दो वर्षों के उपरांत देय होगा।
3. यह लाभ सरकारी संस्थानों/सरकारी आवासों/व्यवसायिक प्रतिष्ठानों/उद्योगों/कारखानों इत्यादि की जमीन पर लागू नहीं होगा।
4. अधिकतम 05 वृक्ष प्रति लाभुक के आधार पर यह लाभुक को देय होगा।
5. एक लाभुक के एक प्रांगण में एक ही बिजली मीटर पर इस योजना का लाभ देय होगा।
6. यह लाभ संकल्प निर्गत होने की तिथि से अगले पाँच वर्षों के लिए प्रभावी होगा।
7. जिन लाभुकों को 100 यूनिट मुफ्त बिजली की सुविधा प्राप्त है, उन्हें यह सुविधा नहीं मिलेगी।

इस योजना का लाभ प्राप्त करने के लिए सम्बंधित नगरपालिका/नगरपरिषद के अंतर्गत विहित प्रपत्र भरकर नगर निकाय को आवेदनकर्त्ता माह फरवरी के अंत तक आवेदन करेंगे। नगरपालिका/नगरपरिषद् द्वारा प्रति वर्ष मार्च माह में शहरी क्षेत्रों में निजी भूमि पर लगाये गये वृक्षों की गणना एवं जाँच प्रतिवेदन लाभुकवार सम्बधित वन प्रमण्डल पदाधिकारी, प्रादेशिक वन प्रमण्डल को सूचित किया जाएगा। सम्बधित प्रादेशिक वन प्रमण्डलों द्वारा प्रत्येक माह 5 प्रतिशत सैम्पल के आधार पर लाभुकों के वृक्षों की जाँच करायी जायेगी। जाँचोपरांत लाभुकों की सूची तैयार कर प्रत्येक वर्ष के 20 अप्रैल तक सम्बंधित लाभुकों का नाम, पता, वृक्षों की संख्या, बिजली मीटर संख्या के साथ सॉफ्ट एवं हार्ड कॉपी में झारखण्ड बिजली वितरण निगम लि०, राँची को उपलब्ध कराया जाएगा।

यह सूचना जनहित में जारी !

ह०/–
अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक,
विकास, झारखण्ड, राँची।

PRNO 330356 (Forest, Environment and Climate Changes) IPRD 24-25


## कोल्हान के सबसे बड़े कॉलेज में नहीं हो रही है पी जी मैथमेटिक्स की पढ़ाई

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** कोल्हन विश्वविद्यालय के सबसे बड़े कॉलेज जमशेदपुर को-ऑपरेटिव कॉलेज में कई वर्षों से पोस्ट ग्रेजुएट मैथमेटिक्स में नामांकन नहीं हो पा रही है , ना कोई स्थायी शिक्षक ना कोई फैकेल्टी। यह सिर्फ जमशेदपुर को-ऑपरेटिव कॉलेज में ही नहीं पूरे जमशेदपुर के किसी भी सरकारी कॉलेज की समस्या है। जमशेदपुर से 70 किलोमीटर दूर कोल्हान विश्वविद्यालय में सिर्फ पी जी मैथमेटिक्स की पढ़ाई होती है, अब जमशेदपुर के विद्यार्थी जमशेदपुर से 70 किलोमीटर दूर जाकर पढ़ाई आखिर में किस तरीका से कर सकते हैं? विश्वविद्यालय के कुलसचिव द्वारा पिछले सत्र में ही कहा गया कि नामांकन की सुविधा जल्द शुरू की जाएगी परंतु अभी तक विश्वविद्यालय द्वारा विद्यार्थियों के समस्या पर कोई सुध नहीं ले रही है, जिसके कारण अब तक सैकड़ो विद्यार्थी पढ़ाई से वंचित हो गए और कुछ प्राइवेट कॉलेज की ओर रुख ले रहे हैं। इसको लेकर जमशेदपुर को-ऑपरेटिव कॉलेज के छात्र ने अमर तिवारी ने उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग को इसकी शिकायत की है।

## एक नजर में

### आगाज के सदस्यों ने पश्चिम बंगाल के चंदरकोणा गुरुद्वारा साहिब में टेका मत्था



**जमशेदपुर।** गत 21 जुलाई को गुरु पूर्णिमा के अवसर पर,पश्चिम बंगाल के चंद्रकोना गुरुद्वारा साहिब में आगाज संस्था के सदस्यों ने पवित्र सरोवर में स्नान कर,माथा टेक आशीर्वाद लिया एवं सरबत के भले की अरदास की। यात्रा में आगाज संस्था के संस्थापक अध्यक्ष इंदरजीत सिंह, मलविंदर सिंह, राजदीप सिंह, गुरबचन सिंह राजू, अवतार सिंह, गुरदयाल सिंह, अभय मोहंती, रोहित कुमार, गुरप्रीत सिंह, रंजीत सिंह, सनी सिंह बल साथ रहे। जैसा कि ज्ञात है गुरुद्वारा साहिब नानकसर ऐतिहासिक गुरुद्वारा साहिब है, गुरुनानक देव जी महाराज जी की चरणछू धरती है, जहा हर माह की पूर्णिमा में महान कीर्तन दरबार सजता है, जहां बंगाल, झारखंड, उड़ीसा सहित कई जगह से संगत दर्शन को आती है।

### इनर व्हील क्लब जमशेदपुर इस्ट की कमान मधुमिता सान्याल ने संभाली



**जमशेदपुर।** इनर व्हील क्लब ऑफ जमशेदपुर ईस्ट का 14वां स्थापना समारोह आज गोलमुरी क्लब, जमशेदपुर में आयोजित किया गया, जहां मधुमिता सान्याल को वर्ष (2024 – 25) के लिए नए अध्यक्ष के रूप में शामिल किया गया। इनर व्हील 325 की डिस्ट्रिक्ट चेयरमैन अलकनंदा बख्शी ने मुख्य अतिथि के रूप में इस अवसर की शोभा बढ़ाई। अन्य सम्मानित अतिथियों में पीडीसी श्रीमती लता रैना, पीडीसी डॉ. रीता झा, जिला कोषाध्यक्ष श्रीमती निभा मिश्रा, सीजीआर उर्वशी वर्मा और जमशेदपुर के अन्य इनर व्हील क्लबों के अध्यक्ष और सचिव शामिल थे। इस कार्यक्रम की मास्टर ऑफ सेरेमनी हमारी पूर्व अध्यक्ष इरा बंदोपाध्याय थीं। क्लब सचिव (2023–24) संचिता डे ने वर्ष 2023–24 के दौरान सफलतापूर्वक संचालित सभी परियोजनाओं पर विस्तृत समीक्षा प्रस्तुत की निवर्तमान अध्यक्ष सम्पा उपाध्याय ने अपने कार्यकाल में सभी सदस्यों से मिले अटूट समर्थन और सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया। उन्होंने औपचारिक रूप से अपना कार्यभार नई अध्यक्ष मधुमिता सान्याल को सौंप दिया। नई कार्यकारिणी में उपाध्यक्ष पूनम वर्मा, सचिव संचिता डे, कोषाध्यक्ष अंजूबाला, आईएसओ रमा खन्ना और संपादक डॉ. मीना मुखर्जी शामिल हैं।

### पांच महीनों से लंबित है अल्पसंख्यक माध्यमिक शिक्षकों का वेतन

**जमशेदपुर।** पूर्वी सिंहभूम जिले के अल्पसंख्यक माध्यमिक शिक्षक शिक्षकेत्तर कर्मियों का आवंटन होने के बावजूद वेतन 5 महीनो से लंबित पड़ा हुआ है जिससे शिक्षक आर्थिक संकट से जूझ रहे हैं। कई शिक्षकों एवं कर्मियों का स्वास्थ्य संबंधी जांच रुका हुआ है, लिए गए विविध ऋणों का किस्त प्रभावित हो रहा है, बच्चों का शिक्षा शुल्क बाधित है। विगत 10 दिनों से वेतन विपत्र संयुक्त क्षेत्रीय शिक्षा उपनिदेशक, कोल्हान प्रमंडल, चाईबासा के कार्यालय में पड़ा हुआ है, शिक्षक संगठन के बार–बार आग्रह के बावजूद भी वेतन भुगतान की प्रक्रिया अवरुद्ध है जिससे शिक्षकों की आर्थिक स्थिति दयनीय हो रही है। इससे शिक्षकों में घोर निराशा, हताशा एवं मानसिक तनाव व्याप्त है, जिसका प्रभाव पठन – पाठन पर पड़ना स्वाभाविक है। आवंटन के बाद भी ससमय वेतन का भुगतान नहीं होना झारखंड सरकार के मंशा के विपरीत है, वेतन के संदर्भ में उच्च पदाधिकारी का ऐसे ही संवेदनहीन व्यवहार रहा तो शिक्षक संघ लोकतांत्रिक ढंग से प्रतिरोध करने के लिए बाध्य होगा।

### कांग्रेस व भाजपा छोड़ कई कार्यकर्ता आजाद समाज पार्टी (का0) में शामिल



**जमशेदपुर।** 22 जुलाई जमशेदपुर के गोलमुरी के हो भवन में सैकड़ों लोगों ने आजाद समाज पार्टी (का०) की सदस्यता ग्रहण की। इस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि पार्टी के झारखण्ड प्रदेश अध्यक्ष काशिफ रजा उपस्थित थे। काशिफ रजा ने मीडिया से बात करते हुए बताया कि सांसद सह राष्ट्रीय अध्यक्ष चंद्रशेखर आजाद के कुशल नेतृत्व को देखते हुए आज बड़ी संख्या में आजाद समाज पार्टी (कांशीराम) की सदस्यता ग्रहण कर रहे हैं। झारखंड के 24 जिलों में आज आदिवासी, दलित, पिछड़े, मुसलमान, सिख और ईसाई पार्टी पर विश्वास कर रहे हैं।

## सूर्य मंदिर के शिवालय में पूजा करने उमड़ी शिवभक्तों की भीड़

- आध्यात्मिक स्थल शंख मैदान में द्वादश ज्योतिर्लिंग के स्वरूप की हुई विधिवत पूजन एवं महाआरती, पूरे सावन दर्शन करेंगे श्रद्धालु

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर स्थित सिदगोड़ा सूर्य मंदिर शिवालय में पवित्र सावन माह के प्रथम सोमवारी को पूजा करने के लिए शिव भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी। सोमवार प्रातः काल से ही श्रद्धालुओं ने बाबा भोलेनाथ को जलाभिषेक कर आशीर्वाद प्राप्त किया। इस दौरान सूर्य मंदिर समिति के तमाम सदस्यगण श्रद्धालुओं की सेवा में तत्पर दिखे। वहीं, संध्याकाल में मंदिर परिसर के आध्यात्मिक स्थल शंख मैदान में सूर्य मंदिर समिति के द्वारा द्वादश ज्योतिर्लिंग के स्वरूप की विधिवत पूजन एवं महाआरती के पश्चात श्रद्धालुओं के दर्शन के लिए खोल दिया गया। द्वादश ज्योतिर्लिंग में भगवान शिव के श्री सोमनाथ, नागेश्वर, त्र्यंबकेश्वर, भीमाशंकर, ओंकारेश्वर, महाकालेश्वर, घृष्णेश्वर, काशी विश्वनाथ, केदारनाथ, बैद्यनाथ, रामेश्वरम और मल्लिकार्जुन के स्वरूप को भक्तिमय माहौल के बीच बहुत ही आकर्षक एवं भव्य रूप से दशार्या गया है। इस अवसर पर श्रद्धालुओं ने सपरिवार द्वादश ज्योतिर्लिंग के दर्शन कर तस्वीर ली। इस संबंध में जानकारी देते हुए सूर्य मंदिर समिति के अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह ने बताया कि सूर्य मंदिर समिति पूरे वर्ष भर विभिन्न धार्मिक, सामाजिक एवं रचनात्मक कार्यों के जरिये संस्कृति संरक्षण एवं विश्व कल्याण हेतु कार्य करती है। इसी कड़ी में, आध्यात्मिक स्थल शंख मैदान में द्वादश ज्योतिर्लिंग के स्वरूप की स्थापना की गई है।



**ये रहे मौजूद :** इस दौरान सूर्य मंदिर समिति के संरक्षक चंद्रगुप्त सिंह, अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह, सावन महोत्सव के संयोजक रामबाबू तिवारी, सह संयोजक राकेश सिंह, द्वादश ज्योतिर्लिंग के प्रभारी अमरजीत सिंह राजा, सुशांत पांडा, कल्याणी शरण, गुंजन यादव, खेमलाल चौधरी, पवन अग्रवाल, शैलेश गुप्ता, प्रेम झा, तजिंदर सिंह जॉनी, बोलटू सरकार, अमित अग्रवाल, बंटी अग्रवाल, कंचन दत्ता, विकास शर्मा, रॉकी सिंह, सतीश सिंह, अमित मिश्रा, संजय, बंटी सिंह, उमेश गिरी, आकाश सिंह समेत अन्य मौजूद रहे।

# बिहार विधानसभा में अनुपूरक बजट पेश

सड़क-पुल बनाने पर सबसे ज्यादा खर्च

एजेंसी



**पटना।** मानसून सत्र के पहले दिन वित्त मंत्री सम्राट चौधरी ने बिहार विधानसभा में अनुपूरक बजट पेश किया। उन्होंने वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए 47,512 करोड़ रुपये का अनुपूरक व्यय बजट सदन के पटल पर रखा। इसमें 25,551 करोड़ रुपये वार्षिक स्कीम मद में प्रस्तावित हैं। 21,954 करोड़ रुपये स्थापना एवं प्रतिबद्ध व्यय मद में तथा 5.7284 करोड़ रुपये का प्रावधान केंद्रीय क्षेत्र स्कीम मद में किया गया है।

**12,684 करोड़ रुपये का योजनावार प्रावधान किया गया**

चालू वित्तीय वर्ष 2024-24 में वार्षिक स्कीम के राज्य स्कीम मद में कुल 12,684 करोड़ रुपये का योजनावार प्रावधान किया गया है। इनमें सर्वाधिक 2098 करोड़ रुपये सड़क एवं पुल परियोजनाओं के निर्माण पर खर्च किया जाएगा। बिहार में इन दिनों पुलों के गिरने, धंसने और जर्जर होकर झुकने की घटनाएं लगातार सामने आ रही हैं, जिसमें बजट के इस प्रावधान से काम किया जाएगा।

**400 करोड़ रुपये बिहार स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना के नाम पर रखे गए**

इस बार अनुपूरक बजट में सबसे ज्यादा 1350 करोड़ रुपये ऊर्जा प्रक्षेत्र की विभिन्न योजनाओं के विकास के लिए रखे गए हैं। बिहार की नीतीश कुमार सरकार ने 885 करोड़ रुपये मेडिकल कॉलेज, अस्पताल एवं चिकित्सकीय संस्थान के निर्माण के लिए रखा है। सरकार ने 670 करोड़ मुख्यमंत्री वृद्धजन पेंशन योजना, 584 करोड़ सिंचाई सृजन, 525 करोड़ मुख्यमंत्री प्रोत्साहन योजना, 400 करोड़ रुपये बिहार स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना के नाम पर रखे हैं।

# केंद्र ने विशेष राज्य पर बिहार को पकड़ाया झुनझुना : लालू

एजेंसी



**पटना।** बिहार को विशेष राज्य का दर्जा नहीं मिलेगा। लोकसभा में जनता दल यूनाईटेड के सांसद रामप्रीत मंडल के सवाल पर केंद्र सरकार ने दो टूक कह दिया कि बिहार को नेशनल डेवलपमेंट काउंसिल के क्राइटेरिया के तहत बिहार को विशेष राज्य का दर्जा दे पाना संभव नहीं है। अब इस मामले को लेकर बिहार में सियासत गरमा गई है। महागठबंधन ने नीतीश सरकार से इस्तीफा तक की मांग कर दी। राष्ट्रीय जनता दल के सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव ने कहा कि एनडीए गठबंधन पर हमला बोलते हुए कहा कि नरेंद्र मोदी और नीतीश कुमार ने बड़ी निर्लज्जता से बिहार को विशेष राज्य पर झुनझुना पकड़ा दिया है। विशेष राज्य का दर्जा नहीं तो विशेष पैकेज के नाम पर ही बिहार को कुछ भी दे दें, यह कहकर जदयू भाजपा के सामने नतमस्तक है। इसलिए नीतीश कुमार को तुरंत इस्तीफा दे देना चाहिए। उन्होंने तो कहा था कि बिहार को विशेष राज्य का दर्जा दिला देंगे पर केंद्र ने मना कर दिया।

**लालू बोले- बिहार के वोटों की महत्ता को बेच चुके हैं नीतीश कुमार**

नीतीश कुमार ने कहा था कि बिहार को विशेष राज्य का दर्जा दिलाएंगे। लेकिन, वह नहीं दिला पाएं। इसलिए वह अपना इस्तीफ तुरंत दें। लालू ने कहा कि बिहार को विशेष राज्य का देना ही पड़ेगा। हमलोग इसे लेकर रहेंगे। नीतीश कुमार ने कहा कि नीतीश कुमार केंद्र और राज्य की सत्ता के लिए अपना जमीर, अपनी अंतरात्मा, बिहार की अस्मिता, बिहारवासियों की आकांक्षाओं और बिहार के वोटों की महत्ता को बेच चुके हैं।

खबर एक नजर में

## डीएवी नेशनल स्पोर्ट्स 2024 क्लस्टर लेवल टूनार्मेंट का आयोजन



**भवनाथपुर।** डीएवी शताब्दी पब्लिक स्कूल भवनाथपुर (सेल) में दो दिवसीय डीएवी नेशनल स्पोर्ट्स 2024 क्लस्टर लेवल का टूनार्मेंट का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन मुख्य अतिथि सेल जीएम मनोज कुमार, झारखंड जोन आई के सहायक क्षेत्रीय निदेशक (एआरओ) जीएन खान, सेल डीजीएम एसयू मेदा, सेल पदाधिकारी बुलू दिगल, डीएवी गढ़वा प्रिंसिपल एक चैबे, डीएवी सिमडेगा प्रिंसिपल सुजय कुमार मिश्रा, प्रिंसिपल राजेंद्र सचदेवाने ने सयुंक्त रूप से दीप प्रज्वलित एवं स्पोर्ट्स फ्लैग फहराकर किया। डीएवी भवनाथपुर के प्रिंसिपल आर सचदेवा ने मुख्य अतिथियों को पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। खेल शुरू करने से पूर्व विद्यालय की छात्रा पूर्णिमा कुमारी ने सभी बच्चों से शपथ ग्रहण करवाया। प्रतियोगिता में डीएवी लातेहार, सिमडेगा, लोहरदगा, डाल्टेनगंज, गढ़वा, गुमला, भवनाथपुर विद्यालय के 283 प्रतिभागियों ने भाग लिया। डीएवी विद्यालय के कलक्टर स्तर के लड़कों और लड़कियों के अंडर 14, अंडर 17, अंडर 18 आयु वर्ग के फुटबॉल, हैंडबॉल एवं वॉलीबॉल का आयोजन किया गया है। खेल की घोषणा होने के अंडर-19 डीएवी भवनाथपुर और डीएवी डालटनगंज के लड़कियों बीच वॉलीबॉल का मैच खेला गया। इस मैच में डीएवी भवनाथपुर की टीम 25-01 एवं 25-02 से दोनों सेट जीतकर जीत की ट्रॉफी हासिल की। बेस्ट प्लेयर भवनाथपुर विद्यालय के प्रिया कुमारी दिया गया। डीएवी डालटेनगंज के उपविजेता को रनर की ट्रॉफी दिया गया। अंडर-19 ब्वायज डीएवी भवनाथपुर व डीएवी गढ़वा के बीच वॉलीबॉल का मैच खेला गया। भवनाथपुर की टीम 25-11 एवं 25 -00 से विजेता घोषित हुई। इस खेल में विजेता टीम को गोल्ड मेडल तथा वीनर ट्रॉफी एवं उपविजेता टीम को शील्ड मेडल और रनर ट्रॉफी दिया गया। सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी भवनाथपुर के रोहित कुमारको मेडल दिया गया। वॉलीबॉल में अंडर 17 ब्वायज डीएवी सिमडेगा से डीएवी डालटनगंज का मैच खेला गया। डीएवी डालटेनगंज ने डीएवी सिमडेगा को 15-13 एवं 15-06 से हरा कर ट्रॉफी पर कब्जा किया। सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी डाल्टनगंज के अनुराग कुमार को मेडल देकर सम्मानित किया गया। मौके पर ओपी सिंह, अरुण कुमार सिंह, संजय राय भट्ट, जेके तिवारी, शौकत अली, सूरज सिंह, अनिल कुमार द्विवेदी, प्रवीण पांडेय, गणेश त्रिवेदी आदि शिक्षक उपस्थित थे।

## 4000 सीएफटी अवैध बालू व गिट्टी लोड टैक्टर जप्त, प्राथमिकी दर्ज

**धुरकी।** थाना प्रभारी उपेन्द्र कुमार एवं जिला खनन पदाधिकारी ने छापामारी कर धुरकी थाना क्षेत्र के ग्राम खुटिया चैराहा के समीप एक महुआ पेड़ के नीचे भंडारण किया गया करीब 4000 सीएफटी अवैध बालू को जप्त कर लिया है। साथ ही धुरकी अंबाखोरेया रास्ते में एक अवैध गिट्टी लोड ट्रैक्टर को जप्त कर जिला खनन पदाधिकारी ने धुरकी थाना को सुपुर्द कर दिया। इस मामले में ग्राम खुटिया निवासी एकराम खान के विरुद्ध धुरकी थाना में प्राथमिकी दर्ज की गई है। धुरकी थाना प्रभारी उपेन्द्र कुमार ने बताया कि एसपी के निदेर्शानुसार क्षेत्र में लगातार छापामारी की जा रही है। किसी भी कीमत में अवैध बालू का कारोबार नहीं होने दिया जायेगा। अवैध बालू कारोबार में संलिप्त लोगों को बख्शा नहीं जाएगा।

## भूमि विवाद में आधा दर्जन घायल, चार लोगों को जेल

**मझिआंव।** थाना क्षेत्र के सोनपुरवा गांव में सोमवार सुबह आपसी भूमि विवाद में जमकर लाठी डंडों एवं धारदार हथियार से मारपीट हुई। जिसमें एक पक्ष के लगभग आधा दर्जन महिला-पुरुष घायल हो गए। जिसकी सूचना तुरंत पुलिस को दी गई। त्वरित कार्रवाई करते हुए थाना प्रभारी आकाश कुमार ने स्वयंघटना स्थल पर पुलिस बल के साथ पहुंचकर मारपीट करने वालें चार लोगों को धर दबोचा। साथ ही घायल व्यक्ति को रेफरल अस्पताल में ईलाज के लिए भेजा गया। घायलों में सूरजमल चैधरी 50, सूरजमल चैधरी के विधवा बहन सुकनी देवी 40 वर्ष, नागेंद्र चैधरी 45 नंदू चैधरी 35 वर्ष, कुंती देवी 35 वर्ष एवं धनेश्वरी देवी 60 वर्ष का नाम शामिल है। सभी को अस्पताल में इलाज के लिए भेजा गया। जहां से गंभीर स्थिति को देखते हुए सूरजमल चैधरी एवं उनकी विधवा बहन सुकनी देवी को सदर अस्पताल गढ़वा रेफर कर दिया गया। थाना प्रभारी ने बताया कि चार लोगों की गिरफ्तारी करने के बावजूद भी गिरफ्तार हुए आरोपियों के परिजन पुनः दोबारा सभी घायल के अन्य सदस्यों के घर पर दोबारा हमला बोल दिया जिसमें दोबारा सोनपुरवा जाकर सभी को हिदायत दिया गया। इधर घायल सूरजमल एवं सुकनी देवी ने ईलाज के क्रम में रेफरल अस्पताल में बताई की सुबह लगभग 8:00 बजे हम लोग खाना बना ही रहे थे कि विपक्षी सभी एक राय होकर कामेश्वर चैधरी, अनिल चैधरी, उमेश चैधरी, विकास चैधरी सहित 15-16 की संख्या में अचानक लाठी-डंडा एवं धारदार हथियार से मारपीट करने लगे। जिसकी सूचना थाना को दी गई, त्वरित कार्रवाई करते हुए बिना देर किए थाना प्रभारी दलबल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे तब जाकर लोगों की जान बची पुलिस बाकी आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापामारी कर रही है। इस संबंध में थाना प्रभारी ने बताया कि कामेश्वर चैधरी तथा इसके सभी परिवारों की संख्या अधिक होने तथा धन के बल पर कई लोगों के साथ दबंगता दिखाते हुए खेत को जबरन अपने कब्जे में करने की शिकायत बराबर आते रही है। परंतु आज घटना स्थल पर जाकर जांच पड़ताल के बाद यह मामला साफ हुआ कि कामेश्वर चैधरी सहित सभी नामजद 16 अभियुक्त काफी दबंगता के साथ विपक्षियों को पिटाई की है। नामजद सभी अभियुक्त को बक्सा नहीं जाएगा सभी को जेल भेजा जाएगा।

## भागलपुर : हर हर महादेव के जयघोष के साथ विश्व प्रसिद्ध श्रावणी मेला शुरू

**भागलपुर।** बिहार में भागलपुर जिले के सुल्तानगंज में कांवरियों के बोल बम एवं हर हर महादेव के जयघोष के साथ विश्व प्रसिद्ध श्रावणी मेला सोमवार से आरंभ हो गया। बिहार के उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी एवं विजय कुमार सिन्हा और राजस्व मंत्री डॉ दिलीप कुमार जायसवाल ने संयुक्त रुप से दीप प्रज्वलित कर इस मेला का शुभारंभ किया। उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने अपने संबोधन में कहा कि एक महीने तक चलने वाले श्रावणी मेला की अपार महत्ता को देखते हुए इसे राष्ट्रीय दर्जा दिलाया जाएगा। इसके लिए राज्य सरकार शीघ्र पहल करेगी। उन्होंने कहा कि इस मेला में बड़ी संख्या में देश और विदेश से आने वाले कांवरियों को इस बार पहले से ज्यादा सुविधाएं मुहैय्या कराई जा रही है।

स्पीड न्यूज

## जागृति युवा क्लब के सदस्यों ने किया रक्तदान



रक्तदान करते जितेंद्र।

**गढ़वा।** जागृति युवा क्लब, जोबरईया के तत्वावधान में सदर अस्पताल परिसर स्थित ब्लड बैंक में रक्तदान किया गया। क्लब के अध्यक्ष जितेंद्र कुमार पाल ने जोबरईया ग्राम के पूर्व वार्ड सदस्य राममूरत राम के पुत्र संजय राम के लिए एक यूनिट रक्तदान किया। जानकारी के अनुसार संजय राम के परिजनों ने उनके बीमार होने एवं रक्त की आवश्यकता होने की स्थिति में जागृति युवा क्लब के अध्यक्ष से संपर्क किया था। मौके पर क्लब के सचिव आशीष कुमार अग्रवाल, कोषाध्यक्ष विवेकानंद पाल, हरि पाल आदि लोग उपस्थित थे।

## 265 विद्यार्थियों के बीच साइकिल का वितरण



वितरण करती प्रमुख।

**केतार।** प्रखंड परिसर में प्रमुख चंद्रावती देवी ने राजकीय मध्य विद्यालय केतार के 147 छात्र-छात्राओं, राजकीय मध्य विद्यालय छाताकुंड के 40 जबकि राजकीय मध्य विद्यालय पचाडुमर के 78 छात्र-छात्राओं के बीच साइकिल का वितरण किया। इस अवसर पर प्रमुख ने कहा कि सरकार द्वारा साइकिल मिलने से बच्चों को स्कूल जाने में परेशानी नहीं होगी। मौके पर कल्याण पदाधिकारी राजीव कुमार, सुरेंद्र प्रसाद, प्रधानाध्यापक देवेंद्र कुमार, अखिलेश मिश्रा, जितेंद्र नाथ पांडेय आदि शिक्षक उपस्थित थे।

## लूट के मामले में ट्रक मालिक का पुत्र समेत दो गिरफ्तार

**डेहरी आन सोन।** बिहार की रोहतास जिला पुलिस ने डेहरी मुफस्सिल थाना के सुअरा से 22 लाख रुपए मूल्य के 501 बैग मूंग दाल की कथित लूट के मामले का उद्भेदन कर ट्रक मालिक के पुत्र समेत दो लोगों को गिरफ्तार कर लिया है। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी शुभांक मिश्र के अनुसार, 20 जुलाई को मूंग दाल लूट की घटना की प्राथमिकी ट्रक मालिक के पुत्र रौशन कुमार सिंह के बयान के आधार पर डेहरी मुफस्सिल थाना में दर्ज किया गया था। पुलिस ने इस लूट कांड को काफी गंभीरता से लिया था। पुलिस अधीक्षक विनीत कुमार के निर्देश पर डेहरी मुफस्सिल थाना प्रभारी विद्याभूषण के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। उन्होंने बताया कि पुलिस ने जब चालक और ट्रक मालिक के पुत्र से कड़ाई से पूछताछ तो पूरे मामले का उद्भेदन हो गया। इसके बाद गया जिले के चेरकी थाना के भूसिया गांव के बेचू यादव के यादव मार्केट के तीन कमरों में रखा 501 बोरा मूंग दाल बरामद कर लिया गया।

## सड़क दुर्घटना में युवक की इलाज के दौरान मौत

**मधेपुरा।** बिहार में मधेपुरा जिले के मुरलीगंज थाना क्षेत्र में सड़क दुर्घटना में घायल एक युवक की इलाज के दौरान आज मौत हो गयी।

## जोगिया पहाड़ शिव मंदिर में श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़



**गढ़वा।** जिले के डंडई प्रखंड के तसरार पंचायत अंर्तगत ग्राम नावाडीह-टोरीकला ग्राम स्थित जोगिया पहाड़ पर निर्मित शिव मंदिर में सावन के प्रारंभ होते ही सोमवारी की पूजा को लेकर काफी भीड़ रही। दर्जनों गांव के श्रद्धालु जोगिया पहाड़ी से कांवर यात्रा निकाल कर देवगणा ग्राम स्थित दानरो व चहेलिया नदी के संगम स्थल पहुंचे। जहां पंडित मृत्युंजय पांडेय ने सभी को वैदिक मंत्रोच्चार के कलष में जल भरवाया। जहां से पुनः सभी श्रद्धालु पहाड़ी स्थित शिव मंदिर पहुंचे जहां शिवलिंग व जोगिया बाबा का जलाभिषेक किया। इस दौरान एक माह तक चलने वाले मेले का भी शुरूआत किया गया। जोगिया बाबा मंदिर निर्माण समिति के लोगों के द्वारा श्रद्धालुओं के लिए समुचित व्यवस्था की गई है। यहां पहाड़ी पर पहुंचने वाले श्रद्धालुओं के लिए पानी व प्रसाद की व्यवस्था की गई है। प्रत्येक वर्ष सावन व महाशिवरात्रि के मौके पर पहाड़ी स्थित मंदिर में पूजन किया जाता है तथा मेले का भी आयोजन किया जाता है। मंदिर निर्माण समिति के कोषाध्यक्ष मृत्युंजय तिवारी ने बताया कि पहाड़ी स्थित शिवलिंग पर प्रतिदिन हजारों की संख्या में श्रद्धालु दर्शन व पूजन कर अपनी मन्नते मांगते है और पूरा होने पर विशेष रूप से पूजा अर्चना करते है।

# झामुमो संपूर्ण झारखंड वासियों की अपनी पार्टी है इसे और अधिक मजबूत बनायें : मंत्री मिथिलेश

मधेया पंचायत के दो दर्जन से अधिक लोग झामुमो में शामिल

खबर मन्त्र संवाददाता



पार्टी में शामिल लोगों के साथ मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर।

**गढ़वा।** गढ़वा विधानसभा क्षेत्र के गढ़वा प्रखंड अंतर्गत मधेया पंचायत के दो दर्जन से अधिक लोग विभिन्न दलों को छोड़ कर झारखंड मुक्ति मोर्चा में शामिल हो गए हैं। सोमवार को गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर के गढ़वा स्थित आवास पर सभी ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। मंत्री श्री ठाकुर ने सभी को माला व पार्टी का पट्टा पहना कर पार्टी में शामिल किया।

मौके पर मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि जितने अधिक से अधिक लोग झामुमो में शामिल होंगे पार्टी और भी ज्यादा मजबूत होगी। झामुमो संपूर्ण झारखंड वासियों की अपनी पार्टी है। इसे अधिक से अधिक मजबूत बनाना सभी झारखंड वासियों का कर्तव्य है। उन्होंने कहा कि राज्य में जब से माटी की पार्टी झामुमो के नेतृत्व में महागठबंधन की सरकार बनी है तब से लगातार पूरे राज्य में सर्वांगीण विकास हो रहा है। यही कारण है कि गढ़वा के प्रत्येक गांव प्रत्येक टोला के लगभग सारे लोग दूसरे दलों को छोड़कर झामुमो में शामिल हो रहे हैं। मंत्री ने कहा कि सभी लोग सरकार की नीति, सिद्धांतो एवं जनहित में चलाये जा रहे योजनाओं की जानकारी जन-जन पहुंचायें। साथ ही योजनाओं का लाभ भी लोगों को दिलायें। पार्टी में शामिल होने वालों में मुख्य रूप से गोलू तिवारी, रौशन चैबे, दीपरंजन कुमार, पवन कुमार, वेद प्रकाश, प्रताप कुमार, अंजय कुमार, तरूण कुमार, हरिओम तिवारी, प्रतीक कुमार आदि का नाम शामिल है। मौके पर मुख्य रूप से झामुमो के केंद्रीय प्रवक्ता धीरज दुबे, जिलाध्यक्ष तनवीर आलम, सचिव मनोज ठाकुर, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष रेखा चैबे, विधायक प्रतिनिधि ओमप्रकाश गुप्ता, दिलीप गुप्ता, नवीन तिवारी, चंदा देवी, सलीम जाफर सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## सावन के पहली सोमवारी पर उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

# 5051 कलशों के साथ निकाली गई भव्य जल यात्रा

खबर मन्त्र संवाददाता



जल यात्रा में शामिल श्रद्धालु।

**मझिआंव।** मझिआंव एवं बरडीहा प्रखंड क्षेत्र में सावन की पहली सोमवारी के अवसर पर श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। हर हर महादेव एवं बोल बम के नारों से पूरा क्षेत्र भक्तिमय हो गया। इधर ब्लॉक रोड स्थित ऐतिहासिक एवं पौराणिक शिवालय से बाबा केशव नारायण दास के नेतृत्व में 5051 कलशो के साथ भव्य जल यात्रा निकाली गई। जल यात्रा मंदिर से निकलकर ब्लॉक रोड मुख्य सड़क के तीन मुहान होते हुए राधा कृष्ण मंदिर पहुंचा। उसके पश्चात सभी श्रद्धालुओं ने मंदिर में विराजमान देवी देवताओं का आशीर्वाद ले कोयल नदी के बैलगाड़ी घाट पहुंचे। इसके पश्चात महंत श्री श्री 108 श्री बाबा केशव नारायण दास एवं विद्वान पंडितो के आह्वान पर वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ कलशों में पवित्र जल भरा गया। उसके पश्चात सभी श्रद्धालुओं ने कलशो के साथ हर हर महादेव, बोल बम बोल बम, बोल बम का नारा है बाबा एक सहारा है आदि नारे लगाते हुए शिवालय पहुंचे। जहां पर स्थित शिवलिंग पर जलाभिषेक किया गया। इस दौरान भाजपा नेता सह युवा समाजसेवी मारुति नंदन सोनी भी मौजूद रहे, और बाबा केशव नारायण दास से आशीर्वाद प्राप्त किया। इसी प्रकार मझिआंव प्रखंड क्षेत्र के आछोडीह शिव मंदिर से 251 महिला पुरुष शिव भक्त डीजे बाजा के साथ जल भरने मझिआंव कोयल नदी तट पर पहुंचे। और विद्वान पंडितों के द्वारा मंत्रोच्चार कर जल भरवाया गया। और पुणः सभी भक्त जयकारे के साथ नाचते गाते हुए शिव मंदिर पहुंचे और मनीष दुबे, सोनू दुबे, शुभम दुबे, बिरेंदर दुबे, प्रवीन दुबे, नंदलाल मिश्रा, अश्वनी दुबे, गुड्डु चंद्रवंशी, श्री चंद्रवंशी, विष्णु दुबे, आनंद दुबे, बिपिन राम, कोमल दुबे, शंकर प्रसाद सहित हजारों शिव भक्तों ने जलाभिषेक किया। इसी तरह बोदरा, कामत, ऊंचरी, खजूरी, आमर, बकोईया, रामपुर, खरसोता, मोरबे एवं बरडीहा प्रखंड के तमाम हिंदू बहुल्य क्षेत्रों में स्थित शिवालयों में श्रद्धालुओं के द्वारा जलाभिषेक किया गया।

## सावन की पहली सोमवारी पर उमड़ी भीड़



जलयात्रा में शामिल श्रद्धालु।

**भवनाथपुर।** भगवान शिव की अराधना का महीना सावन आज से शुरू हो गया। सावन के पहली सोमवारी को लेकर शिवभक्तों में जबरदस्त उत्साह देखा जा रहा है। शिवालयों में पूजा-अर्चना के लिए भक्तों की भीड़ उमड़ी, हर हर महादेव की गूंज से वातावरण भक्तिमय हो गया। प्रखंड मुख्यालय सहित ग्रामीण क्षेत्रों में सावन के पहली सोमवारी को विभिन्न शिवालयों में जलाभिषेक के लिए भक्तों की भीड़ उमड़ी। सुबह होते ही शिवालयों में भक्तों का तांता लगा रहा। टाउनशिप दुर्गा मंदिर परिसर स्थित शिव मंदिर, सिडी टाईप शिव मंदिर, टाउनशिप कैलान मार्ग स्थित शिवाढोडा शिव मंदिर, भवनाथपुर प्रखंड कार्यालय समिप शिव मंदिर, सहित सभी शिवालयों में भक्तों ने भगवान शंकर के शिवलिंग पर जलाभिषेक किया। साथ ही बेलपत्र चढाकर पूजा अर्चना किया। भवनाथपुर पंचायत, चपरी पंचायत, बनसानी पंचायत, मकरी पंचायत, कैलान पंचायत, सिंदुरिया पंचायत में भी पूजा अर्चना किया गया। अरसली उत्तरी में पहली सोमवारी को जलयात्रा निकालीं गयी। तत्पश्चात हर हर महादेव के जयकारे के साथ पोखरा पर सोमेश्वर मंदिर पहुंची। जहां पूजारी हेमंत चैबे ने विधिवत पूजा अर्चना के साथ जलाभिषेक कराया। सामुहिक आरती के साथ जल यात्रा का समापन हुआ। मौके पर शैलेश चैबे, मंदिर कमेटी अध्यक्ष मिथिलेश चैरसिया, शंभू सेठ, आजसू नेता जयराम पासवान, उदय गुप्ता, पूर्व मुखिया श्यामसुंदर गुप्ता, अरूण गुप्ता, नेपाल साह, मुन्ना शर्मा, रविन्द्र शर्मा, डोमन चंद्रवंशी, शयाम लाल विआर, सहित सैकड़ों श्रद्धालु उपस्थित थे.

# जनता को सारी मूलभुत सुविधाएं उपलब्ध कराना जनप्रतिनिधि का परम कर्तव्य है: मंत्री मिथिलेश

## डंडा के विभिन्न गावों में मंत्री ने किया जनता संवाद, समस्याओं का किया निदान

खबर मन्त्र संवाददाता



संबोधित करते मंत्री मिथिलेश ठाकुर।

**गढ़वा।** गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने सोमवार को गढ़वा विधानसभा क्षेत्र के डंडा प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न गांवों में जनता संवाद का आयोजन किया। इस दौरान मंत्री श्री ठाकुर ने भिखही पंचायत के पपरवा टोला में रामा चैधरी के घर के समीप, भिखही गांव में दुर्गा मंडप के समीप, ग्राम छपरदागा के महुरान टोला में जनता संवाद का आयोजन किया। इस दौरान लोगों की समस्या सुनते हुए कई समस्याओं का ऑन द स्पॉट निदान किया। साथ ही शेष समस्याओं का यथाशीघ्र निदान करने की बात कही। कार्यकताओं एवं ग्रामीणों ने मंत्री का गर्मजोशी के साथ स्वागत किया।

मौके पर मंत्री श्री ठाकुर ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि जब से आपने मुझे अपना आशीर्वाद देकर सेवक चुना है तब से मैं एक दिन भी चैन से नहीं बैठा हूं। लगातर आप के बीच रह कर आपकी सेवा में, आपकी समस्याओं को दूर करने के लिए लगातार प्रयासरत हूं। बिजली, पानी, सड़क, शिक्षा, चिकित्सा, खेल सभी क्षेत्रों में काफी बेहतर कार्य किया हूं। यहां तक कि गढ़वा के लोगों ने मुझे दो बार हार का भी स्वाद चखाया फिर भी मैं जनसेवा में लगा रहा। आपने जो सेवा का आशीर्वाद दिया इसके लिए मैं आजीवन आभारी रहूंगा। आज से साढ़े चार वर्ष पूर्व डंडा की क्या स्थिति थी और आज क्या है, यह सभी के सामने है। आप लोगों ने किसी को 10 साल, किसी को 17 साल मौका दिया। उन लोगों ने अपने कार्यकाल में क्या किया यह उन्हें बताना चाहिए। मंत्री ने कहा कि जनता को सारी मूलभुत सुविधा उपलब्ध कराना, सरकारी योजनाओं का लाभ घर-घर दिलाना जनप्रतिनिधि का परम कर्तव्य होता है। जनप्रतिनिधि को अपना कार्य इमानदारी पूर्वक करना चाहिए। तभी क्षेत्र का विकास संभव है। मौके पर मुख्य रूप से झामुमो के केंद्रीय प्रवक्ता धीरज दुबे, जिलाध्यक्ष तनवीर आलम, सचिव मनोज ठाकुर, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष रेखा चैबे, प्रमुख आशा देवी, प्रखंड अध्यक्ष कामेश्वर चैधरी, अरविंद, सुडो, रितेश तिवारी, विधायक प्रतिनिधि ओमप्रकाश गुप्ता, दिलीप गुप्ता, नवीन तिवारी, चंदा देवी, सलीम जाफर, रौशन पाठक, राजेश तिवारी सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

# पेज एक का शेष

## यह अमृत काल...

**सांसदों से अपील अब देशहित में लड़ें :** पीएम ने कहा मैं देश के सभी सांसदों से, चाहे वह किसी भी दल के क्यों न हों, आग्रह है कि हम लोगों के पास जितना सामर्थ्य था, इस सामर्थ्य को लेकर के जितनी लड़ाई लड़नी थी- लड़ ली, जनता को जो बात बतानी थी- बता दी। देशवासियों ने अपना निर्णय दे दिया है। सांसदों का कर्तव्य है, अब आने वाले 5 वर्ष के लिए हमें देश के लिए लड़ना हैं, देश के लिए जूझना हैं, एक और नेक बनकर के जूझना है। मैं सभी राजनीतिक दलों से भी कहूंगा कि आइये हम आने वाले चार, साढ़े चार साल दल से ऊपर उठकर के, सिर्फ और सिर्फ देश को समर्पित होकर के संसद के इस गरिमापूर्ण मंच का हम उपयोग करें। मैं पूरी आशा करता हूं कि हम लोकतंत्र के इस मंदिर का, भारत के सामान्य मानवों के आशा, आकांक्षाओं को पूर्ण करने के लिए सकारात्मक रूप से उपयोग करेंगे।

# आर्थिक सर्वेक्षण 2023-24 में अर्थव्यवस्था की गुलाबी तस्वीर

# जीडीपी वृद्धि दर 6.5-7.0 प्रतिशत रहने का अनुमान

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** भारतीय अर्थव्यवस्था की नींव को मजबूत और वैश्विक उठापटक को झेलने में सक्षम बताते हुये आर्थिक सर्वेक्षण 2023-24 में सोमवार को कहा गया कि चालू वित्त वर्ष में वास्तविक सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) वृद्धि दर 6.5 से सात प्रतिशत तक रहने का अनुमान है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने सोमवार को आर्थिक सर्वेक्षण संसद में पेश किया जिसमें कहा गया है कि जोखिम काफी हद तक संतुलित हैं और बाजार उम्मीदें काफी ज्यादा हैं। अनेक तरह की विदेशी चुनौतियों के बावजूद वित्त वर्ष 2022-23 में हासिल की गई भारतीय अर्थव्यवस्था के विकास की तेज गति वित्त वर्ष 2023-24 में भी बरकरार रही। वृहद आर्थिक



स्थिरता पर फोकस करने से यह सुनिश्चित हुआ कि विदेशी चुनौतियों का भारतीय अर्थव्यवस्था पर न्यूनतम प्रभाव पड़ा। वास्तविक जीडीपी वृद्धि दर वित्त वर्ष 2023-24 में 8.2 प्रतिशत रही, वित्त वर्ष 2023-24 की चार तिमाहियों में से तीन तिमाहियों में विकास दर आठ प्रतिशत से अधिक रही।

इसमें कहा गया है कि महामारी से उबरने के बाद भारतीय अर्थव्यवस्था का क्रमबद्ध ढंग से विस्तार हुआ है। वित्त वर्ष 2023-24 में वास्तविक जीडीपी वित्त वर्ष 2019-20 के मुकाबले 20 प्रतिशत अधिक रही, यह उपलब्धि केवल कुछ प्रमुख देशों ने ही हासिल की है। आपूर्ति के मोर्चे पर सकल मूल्य वर्द्धित (जीवीए) की वृद्धि दर वित्त वर्ष 2023-24 में 7.2 प्रतिशत (2011-12 के मूल्यों पर) रही और स्थिर मूल्यों पर शुद्ध कर संग्रह वित्त वर्ष 2023-24 में 19.1 प्रतिशत बढ़ गया। मार्च 2024 में समाप्त वित्त वर्ष में 8.2 प्रतिशत की आर्थिक विकास दर में 9.5 प्रतिशत की औद्योगिक विकास दर का व्यापक योगदान रहा।

सर्वेक्षण में कहा गया है कि अमृत काल में ये छह महत्वपूर्ण फोकस क्षेत्र हैं जिसमें निजी निवेश को बढ़ावा देना, एमएसएमई का विस्तार करना, कृषि को विकास इंजन बनाना, हरित बदलाव योजना का वित्त पोषण करना, शिक्षा और रोजगार के बीच खाई को पाटना, राज्यों का क्षमता निर्माण करना शामिल है। इसमें कहा गया है कि चालू खाता घाटा (कैड) वित्त वर्ष 2024 के दौरान जीडीपी का 0.7 प्रतिशत रहा जो कि वित्त वर्ष 2022-23 में दर्ज किए गए जीडीपी के 2.0 प्रतिशत कैड से कम है।

## भारत का निर्यात प्रदर्शन मजबूत बना रहा, वैश्विक जोखिम बरकरार

**नयी दिल्ली।** संसद में सोमवार को प्रस्तुत आर्थिक सर्वेक्षण 2023-24 में कहा गया है कि वैश्विक चुनौतियों के बावजूद भारतीय अर्थव्यवस्था का बाह्य क्षेत्र (विदेशी बाजारों के साथ कारोबार) पिछले वित्त वर्ष में मजबूत रहा, लेकिन विदेशी बाजारों की ओर से चुनौतियां बरकरार हैं। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा संसद के दोनों सदन में रखी गयी आर्थिक सर्वेक्षण रिपोर्ट के अनुसार भू-राजनीतिक से प्रभावित चुनौतियों के बावजूद मजबूत देश का व्यापार घाटा 2022-23 के 121.6 अरब डॉलर से घट कर वर्ष 2023-24 में 78.1 अरब डालर पर आ गया।

## बेरोजगारी दर घटकर 3.2 प्रतिशत पर

**नयी दिल्ली।** आर्थिक सर्वेक्षण 2023-24 में कहा गया है कि कार्यबल में युवाओं और महिलाओं की बढ़ती हिस्सेदारी से बेरोजगारी दर घटकर 3.2 प्रतिशत रह गई। वित्त मंत्री निर्मला सीमारमण ने सोमवार को संसद में पेश आर्थिक सर्वेक्षण में कहा कि देश में युवा एवं महिला आबादी का सदुपयोग करने का बेहतरीन अवसर है। बेरोजगारी दर वर्ष 2022-23 में घटकर 3.2 प्रतिशत रह गई।

## जन आरोग्य योजना के लाभार्थियों में 49 प्रतिशत महिलाएं

**नयी दिल्ली।** आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (एबी-पीएमजेएवाई) में अस्पतालों में 7.37 करोड़ रोगी भर्ती हुए हैं जिनमें 49 प्रतिशत महिलाएं हैं। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने सोमवार को संसद में पेश में आर्थिक सर्वेक्षण 2023-24 में कहा कि समावेशी विकास के प्रति उत्तरदायी आवश्यक दीर्घकालिक लक्ष्यों के साथ मजबूत स्वास्थ्य सेवा प्रणाली सुदृढ़ अर्थव्यवस्था के लिए महत्वपूर्ण है।

## शिक्षा सर्वाधिक महत्वपूर्ण क्षेत्रों में से एक

**नयी दिल्ली।** आर्थिक सर्वेक्षण 2023-24 में कहा गया है कि शिक्षा भारत के विकास के लिए सर्वाधिक महत्वपूर्ण क्षेत्रों में से एक है इसलिए सुव्यवस्थित और सटीक कार्यक्रमों को मिशन मोड में किफायती ढंग से लागू करना अत्यंत आवश्यक है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने सोमवार को संसद में पेश आर्थिक सर्वेक्षण में कहा कि पिछले आठ वर्षों के दौरान कुल दाखिला में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई है और इसके साथ ही इस दौरान बढ़ती दाखिला समानता भी देखने को मिली है। उच्च शिक्षा पर अखिल भारतीय सर्वेक्षण (एआईएसएचई) 2021-22 के अनुसार उच्च शिक्षा में कुल दाखिला वित्त वर्ष 2021 के 4.14 करोड़ और वित्त वर्ष 2015 के 3.42 करोड़ (वित्त वर्ष 2015 से लेकर अब तक 26.5 प्रतिशत की वृद्धि) से बढ़कर वित्त वर्ष 2022 में 4.33 करोड़ हो गई है।

## संसद में नीट मामले पर हंगामा, सरकार ने कहा, छिपाने के लिए कुछ नहीं

**नयी दिल्ली।** नीट मामले को लेकर संसद में एक बार फिर से भारी हंगामा हुआ। विपक्ष ने नीट मामले को लेकर केंद्र सरकार पर जमकर निशाना साधा। केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने सोमवार को लोकसभा में कहा कि इस मामले पर सरकार के पास छिपाने के लिए कुछ नहीं है। सुप्रीम कोर्ट के निर्देश के अनुसार अखिल भारतीय स्तर पर परीक्षा का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने सदन में प्रश्नकाल के दौरान पूरक प्रश्नों का उत्तर देते हुए विपक्ष के आरोपों के संदर्भ में यह भी कहा कि इस बात का कोई सबूत नहीं है कि पिछले सात वर्षों में 70 पेपर लीक हुए हैं। शिक्षा मंत्री ने कहा कि इस बार परीक्षा 4,700 केंद्रों पर हुई थी, लेकिन सिर्फ एक जगह बिहार में गड़बड़ी का मामला सामने आया। सांसद राघव चड्ढा ने कहा, अगर शिक्षा मंत्री ने कहा है कि पेपर लीक नहीं हुआ तो यह वाकई दुर्भाग्यपूर्ण बयान है। लाखों छात्रों का भविष्य दांव पर लगा है।

## संसद में केंद्र की घोषणा, बिहार को विशेष राज्य का दर्जानहीं मिलेगा

**नयी दिल्ली।** बिहार को विशेष राज्य का दर्जा नहीं मिलेगा। केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी लोकसभा में सोमवार को यह बात कही। उन्होंने लोकसभा में जदयू की ओर से पूछे गये सवाल का जवाब देते हुए कहा कि विशेष राज्य के लिए जो प्रावधान बनाये गये हैं उसके अनुसार बिहार के लिए ऐसा कुछ भी नहीं है। केंद्र सरकार ने जदयू की मांग खारिज कर दी। इससे नीतीश सरकार को बड़ा झटका लगा है। केंद्र सरकार की ओर से वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने लोकसभा में साफ कहा कि विशेष राज्य का दर्जा पाने के नार्म्स पूरे करना होता है।

वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने जदयू के सवाल के जवाब में कहा कि "बिहार को विशेष राज्य का दर्जा देना संभव नहीं है। क्यों कि बिहार इसके प्रावधानों को पूरा नहीं करता है। जदयू की ओर से सांसद रामप्रीत मंडल ने बिहार को विशेष राज्य का दर्जा देने की मांग की थी और अपना सवाल पूछा था। जवाब में केंद्र सरकार ने कहा कि राष्ट्रीय विकास परिषद ने विशेष राज्य श्रेणी के लिए जो मानक तय किये हैं, उनमें कठिन भौगोलिक स्थिति, कम जनसंख्या घनत्व, आदिवासी बहुल इलाका और पड़ोसी देशों के साथ सीमा क्षेत्र के साथ-साथ आर्थिक और संरचनागत पिछड़ापन को भी ध्यान में रखना होता है। कुछ राज्यों को विशेष राज्य का दर्जा इसी आधार पर दिया गया है, लेकिन बिहार के संबंध में ऐसा कुछ नहीं है।

पंकज चौधरी ने सदन को बताया कि मनमोहन सरकार के दौरान 30 मार्च 2012 को एक अंतर-मंत्रालयी समूह ने बिहार को विशेष राज्य का दर्जा देने के अनुरोध किया जिसपर अपनी रिपोर्ट पेश की थी। इस रिपोर्ट में यह निकलकर आया था कि विशेष राज्य को लेकर जो वर्तमान मानदंड हैं उस आधार पर बिहार को विशेष राज्य का दर्जा देने का कोई प्रावधान नहीं बन रहा है।

## कांवर यात्रा मार्गो पर 'नाम' प्रदर्शित करने के आदेश पर रोक

**नयी दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने कांवड़ यात्रा मार्गो पर दुकानदारों, होटल मालिकों को अपने और अपने व अन्य कर्मचारियों के नाम प्रदर्शित करने के आदेश पर सोमवार को रोक लगा दी। संबंधित राज्यों को नोटिस जारी किया। न्यायमूर्ति ऋषिकेश रॉय और न्यायमूर्ति एस वी एन भट्टी की पीठ ने 'नाम' प्रदर्शित करने करने के आदेशों की वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई के बाद राज्य सरकारों को रोक संबंधी यह निर्देश जारी किया। इस मामले में अगली सुनवाई शुक्रवार को करेगी। शीर्ष अदालत ने यूपी, उत्तराखंड और एमपी को अगली सुनवाई से पहले अपना पक्ष रखने का निर्देश दिया। पीठ ने अपने आदेश में तीनों सरकारों को कांवड़ यात्रियों के मार्ग में पड़ने वाले होटल, दुकानों, भोजनालयों और ढाबों के मालिकों, वहां कार्यरत कर्मचारियों के नाम प्रदर्शित करने के निदेर्शों को लागू करने पर रोक लगा दी।

# नीट मामला : सुप्रीम कोर्ट में आज फिर होगी सुनवाई

## विशेषज्ञों की टीम गठित करने का दिया निर्देश, मांगी रिपोर्ट

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट-यूजी 2024 से जुड़ी करीब 40 याचिकाओं पर सोमवार को भी सुनवाई की। कोर्ट पेपर लीक और गड़बड़ी मामले की सुनवाई 23 जुलाई को भी करेगा। सुनवाई के दौरान कोर्ट ने आइआइटी-दिल्ली के निदेशक को इस मामले में तीन विशेषज्ञों की टीम गठित करने और सही उत्तरों पर रिपोर्ट सौंपने को कहा। कोर्ट ने रिपोर्ट सौंपने के लिए मंगलवार दोपहर 12 बजे तक का समय दिया है।




### सॉलिसिटर जनरल ने भी मानी गलती

सोमवार को सुनवाई के दौरान मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली तीन सदस्यीय पीठ ने एनटीए और केंद्र सरकार के वकील यानी सॉलिसिटर जनरल मेहता से सख्ती से सवाल किये। सीजेआइ ने ग्रेस मार्क्स से लेकर सेंटर इंचार्ज के बैंक पहुंचने तक कई सवाल पूछे। सॉलिसिटर जनरल ने भी गलती मानी। सिर्फ पेपर लीक नहीं, बैंकों में भी गड़बड़झाला हुआ। मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली तीन सदस्यीय पीठ ने नीट से जुड़े सभी मामलों की सुनवाई की। एनटीए की ओर से पीठ को बताया गया कि देश भर के कुल 3300 छात्रों ने गलत प्रश्न पत्र से परीक्षा दी। एनटीए की से जानकारी दी गई कि इन छात्रों ने केनरा बैंक से लाये गये प्रश्न पत्र से परीक्षा दी, जबकि इन छात्रों को भारतीय स्टेट बैंक में रखे गये प्रश्न पत्रों से परीक्षा देनी थी। इस पर छात्रों का पक्ष रख रहे वरिष्ठ वकील नरेंद्र हुड्डा ने पूछा कि जब एनटीए ने केवल एसबीआइ के प्रश्न पत्रों के ही आंसर जारी किये तो फिर इन 3300 छात्रों की कॉपी कैसे जांची गयी।

### सीजेआइ ने किये बड़े सवाल

सुनवाई के दौरान चीफ जस्टिस ने कई अहम सवाल किये। सीजेआई ने कहा कि अदालत को यह देखना होगा कि क्या लीक स्थानीय है और केवल हजारीबाग और पटना तक ही सीमित है या यह व्यापक और योजनाबद्ध है। सीजेआई ने पूछा, क्या यह पूरी तरह से परीक्षा रद्द करने या केवल सीकर में रद्द करने का आधार हो सकता है। इस पर याचिकाकर्ता के वकील का कहना है कि एनटीए के अनुसार 24 अप्रैल को पेपर भेजे गये और 3 मई को पेपर बैंक में पहुंच गये, इसलिए 24 अप्रैल से 3 मई के बीच पेपर निजी लोगों के हाथों में रहे। सीजेआइ ने पूछा कि याचिकाकर्ता यह कैसे साबित करेंगे कि हजारीबाग आदि में हुई घटनाएं पूरे देश में फैल गयी हैं जिससे पता चलता है कि यह एक प्रणालीगत विफलता है। पेपर लीक मामले पर एडवोकेट श्वेतांक सैलकवाल ने कहा, एनटीए ने हमें डेटा उपलब्ध कराया, उसमें अनियमितताओं को कोर्ट के सामने चिह्नित किया गया है। हम दर्शाना चाहते हैं कि पेपर लीक हुआ था और ये निश्चित तौर पर नहीं कहा जा सकता कि किस स्तर पर पेपर लीक हुआ है। इसलिए पेपर दोबारा होना चाहिए।

## विक्की कौशल की फिल्म 'बैड न्यूज' की कमाई में आया उछाल

एजेंसी

विक्की कौशल-तृप्ति डिमरी की फिल्म 'बैड न्यूज' 19 जुलाई को पूरे भारत में रिलीज हो गई है। यह इस साल की 'एनिमल' जैसी फिल्मों की सफलता के बाद तृप्ति की बॉलीवुड फिल्म 'बैड न्यूज' सबसे चर्चित फिल्म रही। विक्की कौशल-तृप्ति डेमरी टीजर, ट्रेलर, गाने से लेकर इन दोनों की केमिस्ट्री लोगों को खूब पसंद आई। फिल्म की दूसरे दिन की कमाई सामने आ गयी है।



सैकनिल्क की अर्ली ट्रेंड रिपोर्ट के मुताबिक बैड न्यूज ने रिलीज के तीसरे दिन यानी संडे को 11 करोड़ का कलेक्शन किया है। 'बैड न्यूज' ने पहले दिन 8.3 करोड़ रुपए के कलेक्शन के साथ ओपिंग की। दूसरे दिन फिल्म ने 9.75 करोड़ रुपए की दमदार कमाई कर ली है। इसी के साथ 'बैड न्यूज' का तीन दिनों का कुल कलेक्शन अब 29.55 करोड़ रुपये हो गया है। इसके अलावा कुछ लोगों को फिल्म पसंद आ रही है तो कुछ लोगों को फिल्म पसंद नहीं आ रही है। अब सभी का ध्यान इस बात पर है कि 'बैड न्यूज' अगले कुछ दिनों में कैसी कमाई करेगी। इस फिल्म में पहली बार विक्की कौशल, तृप्ति डिमरी और एमी विर्क एक साथ आए हैं। फिल्म एनिमल के बाद तृप्ति डिमरी रातों-रात स्टार बन गईं और फिल्म इंडस्ट्री में उनकी डिमांड बढ़ गई। तृप्ति ने कई अच्छी फिल्में की हैं और बैड न्यूज उनमें से एक है।

## कमला से हो सकता है ट्रंप का सामना

**वाशिंगटन।** कुछ दिन पहले कोविड-19 की चपेट में आए अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन ने अचानक राष्ट्रपति चुनाव में हिस्सा न लेने का ऐलान कर सभी को चौंका दिया। हालांकि कुछ समय से उन पर उनकी डेमोक्रेटिक पार्टी का इसके लिए दबाव बढ़ रहा था। 81 वर्षीय बाइडेन ने इच्छा जताई है कि उनके स्थान पर उपराष्ट्रपति कमला हैरिस को पार्टी चुनाव लड़ाए। वह उनकी उम्मीदारी का समर्थन करेंगे। बाइडेन के इस रुख से साफ है कि रिपब्लिकन पार्टी के उम्मीदवार पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का सामना डेमोक्रेट कमला हैरिस कर सकती हैं।

# प्रधानमंत्री ने 10 साल तक देश का गला घोंटा : कांग्रेस

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** कांग्रेस ने सोमवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर पलटवार करते हुए कहा कि संसद के मानसून सत्र की शुरूआत के मौके पर विपक्ष को लेकर अशोभनीय टिप्पणी की, जबकि उन्होंने 10 साल तक देश का गला घोंटा और आवाज दबाई जिसकी सजा जनता ने हालिया लोकसभा चुनाव में उन्हें दी। पार्टी के मीडिया विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा ने यह भी कहा कि प्रधानमंत्री को मोदी सरकार शब्द के इस्तेमाल से भी बचना चाहिए और खुद को लोकतांत्रिक साबित करना चाहिए।

प्रधानमंत्री मोदी ने सोमवार को विपक्षी दलों पर अपनी राजनीतिक विफलताओं को ढंकने के लिए संसद का दुरुपयोग' करने का आरोप लगाया और सभी राजनीतिक दलों से देश के प्रति समर्पित होकर संसद का उपयोग करने का आह्वान किया। संसद के मानसून सत्र से पहले मीडिया को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने पिछले सत्र का उल्लेख किया और कहा, 140 करोड़ देशवासियों ने बहुमत के साथ जिस सरकार को सेवा करने का हुक्म दिया, उसकी आवाज को कुचलने का अलोकतांत्रिक प्रयास हुआ। ढाई घंटे तक देश के प्रधानमंत्री का गला घोंटने का, उनकी आवाज को रोकने का, उनकी आवाज को दबाने का लोकतांत्रिक परंपराओं में कोई स्थान नहीं हो सकता है।

### उनके अन्याय काल में पूरे देश का दम घोंटा गया

खेड़ा ने एक बयान में कहा, जिस व्यक्ति ने 10 साल तक देश का गला घोंटा और आवाज दबाई, वो आज प्रतिपक्ष के आवाज उठाने पर रुदन



करता हुआ बेहद कमजोर दिख रहा था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने प्रतिपक्ष पर अशोभनीय टिप्पणी के साथ आज मानसून सत्र की शुरूआत की। उन्होंने कहा कि प्रतिपक्ष ने प्रधानमंत्री का ढाई घंटे तक गला घोंटा। उन्होंने दावा किया, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को ये याद दिलाना जरूरी है कि पिछले 10 साल के उनके अन्याय काल में पूरे देश का दम घोंटा गया, जिसकी सजा जनता ने उन्हें दी है। प्रधानमंत्री मोदी भूल गए हैं कि वो बहुमत की सरकार के प्रधानमंत्री नहीं, दो दलों के सहयोग से चलने वाली राजग सरकार के एक तिहाई प्रधानमंत्री हैं। उन्हें मोदी सरकार शब्द के इस्तेमाल से भी बचना चाहिए और खुद को लोकतांत्रिक साबित करना चाहिए।

उनका कहना था, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को स्मरण कराना उचित होगा कि जब प्रधानमंत्री मोदी ये भाषण दे रहे थे, उस वक्त देश के 32 लाख छात्रों की आवाज को दबाने और उनके साथ आपकी सरकार के अन्याय के खिलाफ देश का उच्चतम न्यायालय सुनवाई कर रहा है। खेड़ा ने कहा, आप (मोदी) जब अपने अहंकार और झूठ से लबालब भाषण दे रहे थे तो आपको बताना जरूरी होगा कि देश के 15 से अधिक अग्निवीर देश के लिए प्राणों की आहुति का सपना अपने दिल में रख कर आत्महत्या के लिए मजबूर हो चुके है। उन्होंने दावा किया कि जब प्रधानमंत्री मोदी ये भाषण दे रहे थे, तब देश के 50 करोड़ किसान अपने खेत और अपनी खेती को बचाने के लिए के हर दमन, हर अत्याचार को सहते हुए आंदोलन कर रहे हैं, जिनका आपने ढाई साल से गला घोंट रखा है।

### संसद देश के लिए है

कांग्रेस नेता ने कहा, आपने सही कहा प्रधानमंत्री जी, संसद देश के लिए है। वो किसी राजा का दरबार नहीं है। लिहाजा प्रतिपक्ष वहां देश के युवाओं, किसानों, जवानों, मजदूर, महिलाओं, पिछड़ों, दलितों, आदिवासियों और गरीबों के दर्द को आवाज संसद में उठाने को मजबूर है।" खेड़ा ने दावा किया कि सच्चाई तो यह है कि प्रधानमंत्री ने अपने भाषण में मोदी बनाम देश' बना दिया है। उन्होंने कहा, हमारा संसदीय दायित्व है कि देश की आवाज उठाने के लिए हम आपको बार-बार टोकें, बार-बार रोकें। आपको भी समझना होगा कि देश की तात्कालिक जरूरत और तकलीफ से जुड़े सवालों को हर काम छोड़ कर सुनना जरूरी है।" कांग्रेस नेता ने कहा, अब गुरूर छोड़ गरिमा अपनाइए मोदीजी, आपने पिछले 10 साल सिर्फ अपनी बात कही है, आपको किसने क्या कहा और हरदम आपकी पीड़ा सुनाने का समय गया। अब देश ने आपको तीसरा मौका अपनी बात सुनाने का दिया है। देश के लिए संसद चलवाइए, सेंगोल वाला राजदरबार मत बनाइए।


कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग, झारखण्ड सरकार।

झारखण्ड गो सेवा आयोग, राँची।
गो ग्राम शक्ति कार्यक्रम
गोबर प्रसंस्करण प्रशिक्षण प्रमाण पत्र वितरण समारोह
एवं
हमारी गो माता हमारा दायित्व कार्यक्रम का शुभारंभ

मुख्य अतिथिः-
श्रीमती दीपिका पाण्डेय सिंह
मंत्री कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग, झारखण्ड सरकार।

अध्यक्षता
राजीव रंजन प्रसाद, अध्यक्ष, झारखण्ड गो सेवा आयोग, राँची।

विशिष्ट अतिथिः-
अबुबकर सिद्दीक पी, भा०प्र०से० सचिव, कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग, झारखण्ड सरकार।
शिल्पी नेहा तिर्की, विधायक, मांडर विधानसभा।
श्री राजेश कच्छप विधायक, खिजरी विधानसभा।
श्रीमती किरण पासी निदेशक, पशुपालन विभाग, झारखण्ड सरकार।

गरिमामयी उपस्थिति
राजू गिरी, उपाध्यक्ष, झारखण्ड गो सेवा आयोग, राँची।

दिनांक :-24.07.2024
समय :-11:30 पूर्वाहन्

स्थानः- पशुपालन भवन, पशुपालन निदेशालय, हेसाग, हटिया, राँची-834003

सचिव
झारखण्ड गो सेवा आयोग, राँची।

PRNO 330265 (Animal Husbandry) IPRD 24-25